


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 84 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आषाढ कृ.9 2082 शुक्रवार, 20 जून-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❋ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## देश में कोरोना से 116 मौतें, 6 हजार एक्टिव केस

**बीते 24 घंटे में 500 मरीज ठीक हुए, 3 लोगों की मौत**


नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या घटकर 5976 हो गई है। बीते 24 घंटे में 507 मरीज रिकवर हुए हैं। वहीं 40 नए केस भी सामने आए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, जनवरी 2025 से लेकर अब तक नए वैरिएंट से 116 मौतें हुई हैं। बुधवार को 3 लोगों ने जान गंवाई है। दिल्ली में 2 और केरल में एक मौत हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1309 एक्टिव केस हैं। सबसे ज्यादा मौतें भी केरल में 37 हुई हैं। गुजरात में 1046 और पश्चिम बंगाल में 747 मामले हैं। नया वैरिएंट देश के 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैल गया है।

### आने वाले समये में ...

# 'अंग्रेजी बोलने में शर्म आएगी'

## > भाषा विवाद के बीच गृह मंत्री बोले-अब बदलाव का समय



नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। राष्ट्र की पहचान उसकी अपनी भाषा से होती है। भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विरासत को दोबारा प्राप्त करने और देशी भाषाओं पर गर्व के साथ दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया है।

**देश को समझने के लिए विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं**

शाह ने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है, केवल दृढ़ निश्चयी लोग ही बदलाव ला सकते हैं। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। अपनी भाषाओं के बिना हम सच्चे भारतीय नहीं हैं। अपने देश, अपनी संस्कृति, अपने इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती है।

**प्रधानमंत्री के पंच प्रण**

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण कै जिक्र किया। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाना, विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता, प्रत्येक नागरिक में कर्तव्य की भावना जगना। उन्होंने कहा कि ये पांच प्रतिज्ञाएं देश के नागरिकों का संकल्प बन गई हैं। 2047 के विकसित भारत की यात्रा में हमारी भाषाएं प्रमुख भूमिका निभाएंगी।

**प्रशासनिक प्रशिक्षण मॉडल में सहानुभूति को करना होगा शामिल**

गृह मंत्री पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की लिखी गई पुस्तक मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं, के विमोचन में गुरुवार को शामिल हुए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण मॉडल में सहानुभूति लाने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि यह मॉडल ब्रिटिश काल से प्रेरित है, इसलिए यहां सहानुभूति की कोई जगह नहीं है। मेरा मानना है कि कोई शासक अगर सहानुभूति के बिना शासन करता है, तो वह अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता है।

## 211 डीएनए मैच 189 शव सौंपे गए

अहमदाबाद, 19 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद प्लेन हादसे में जान गंवाने वाले अब तक 211 मृतकों की पहचान डीएनए टेस्ट से हो चुकी है और 189 शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। यह जानकारी गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने गुरुवार को दी।

सिविल अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. राकेश जोशी ने बताया कि अब तक जिन शवों को सौंपा गया, उनमें 131 भारतीय नागरिक, 4 पुर्तगाली, 30 ब्रिटिश नागरिक, 1 कनाडाई और 6 गैर यात्री शामिल हैं। हादसे के बाद 71 घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया था, जिनमें से अब केवल 7 मरीज इलाज करा रहे हैं। बाकी मरीजों को छुट्टी दे दी गई है।

# तिरुपति जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण हैदराबाद लौटी

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद से तिरुपति जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट गुरुवार को तकनीकी खराबी के कारण हैदराबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के 10 मिनट बाद ही वापस लौट आई। 80 यात्रियों को लेकर एसजी 2696 फ्लाइट ने सुबह 6.10 बजे राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, शमशाबाद से तिरुपति के लिए उड़ान भरी थी।

हालांकि, कुछ ही मिनटों बाद पायलट को तकनीकी खराबी का पता चला। फिर तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया गया और पायलट द्वारा एयरपोर्ट पर वापस लौटने की अनुमति मांगी गई, फिर विमान को सुरक्षित तरीके से राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापस उतारा गया। एयरलाइन ने बताया कि हैदराबाद-तिरुपति मार्ग पर सेवाएं देने वाले स्पाइसजेट क्यू400 विमान में उड़ान भरने के बाद एएफटी बैगेज डोर लाइट में बीच-बीच में रोशनी आती रही। हालांकि, पूरी यात्रा के दौरान केबिन में दबाव सामान्य रहा। एहतियात के तौर पर पायलटों ने हैदराबाद लौटने का फैसला किया। विमान सुरक्षित रूप से उतरा और यात्रियों को सामान्य तरीके से विमान से उतारा गया। अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के विमान हादसे के बाद, जिसमें 274 लोगों की जान चली गई थी, एयरलाइंस लगातार सतर्क बनी हुई हैं और विमान परिचालन में सावधानी बरत रही हैं। स्पाइसजेट ने स्पष्ट किया कि विमान ने आपातकालीन लैंडिंग नहीं की। तिरुपति की आगे की यात्रा संचालित करने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई है। 15 जून को फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आने वाली लुफ्थांसा की उड़ान हैदराबाद हवाई अड्डे पर बम की धमकी मिलने के बाद जर्मन हवाई अड्डे पर वापस लौट गई थी। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों को 15 जून को शाम 6.01 बजे बम की धमकी वाला ईमेल मिला। अधिकारियों के अनुसार, बम की धमकी का आकलन करने के लिए एक समिति का गठन किया गया था। >14

# 'पार्टी के कुछ लोगों से मतभेद, उपचुनाव के बाद होगी बात'

## कांग्रेस छोड़ने की अटकलों पर शशि थरूर



तिरुवनंतपुरम, 19 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस छोड़ने की अटकलों पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने चुप्पी तोड़ी है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि पार्टी नेतृत्व में कुछ लोगों के साथ मेरे मतभेद हैं, लेकिन नीलांबुर उपचुनाव के चलते इस बारे में बात नहीं कर रहा हूं। चुनाव के बाद इस पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, इसके मूल्य और इसके कार्यकर्ता मेरे बहुत प्रिय हैं। मैंने 16 साल तक पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है और वे उन्हें करीबी मित्र और भाई मानते हैं।

पिछले कई दिनों से कांग्रेस सांसद शशि थरूर के कांग्रेस छोड़ने की अटकलें हैं। वे अपने कई बयानों में केंद्र सरकार के फैसलों की तारीफ कर चुके हैं। कांग्रेस ने भी उनके रवैये पर सवाल उठाए हैं। अब शशि थरूर ने अटकलों को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व में कुछ लोगों के साथ मेरे मतभेद हैं। आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं, क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक डोमेन में हैं और मीडिया द्वारा रिपोर्ट किए गए हैं।

कांग्रेस सांसद ने संकेत दिया कि उपचुनाव के नतीजों के बाद वह इन मतभेदों के बारे में बात कर सकते हैं। उपचुनाव प्रचार का हिस्सा न बनने पर थरूर ने कहा कि मैं वहां नहीं जाता जहां मुझे आमंत्रित नहीं किया जाता, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि वह चाहते हैं कि पार्टी कार्यकर्ताओं के अभियान के प्रयास सफल हों और नीलांबुर से यूडीएफ उम्मीदवार की जीत हो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के बारे में थरूर ने कहा कि यह ऑपरेशन सिंदूर के सिलसिले में प्रतिनिधिमंडलों की विभिन्न देशों की यात्रा और वहां हुई चर्चाओं के बारे में थी। वहां किसी घरेलू राजनीति पर चर्चा नहीं हुई।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के केंद्र के निमंत्रण को स्वीकार करने के फैसले पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि जब वह संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष बने थे, तब उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि उनका ध्यान भारत की विदेश नीति और उसके राष्ट्रीय हित पर है, न कि कांग्रेस और भाजपा की विदेश नीति पर। मैंने अपनी बात नहीं बदली है।

जब देश से जुड़ा कोई मुद्दा सामने आता है तो हम सभी का कर्तव्य है कि हम देश के लिए काम करें और बोलें। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मैंने जो कहा, वह मेरी अपनी राय थी। उन्होंने कहा कि केंद्र ने मेरी सेवाएं मांगी थीं। मेरी पार्टी ने नहीं मांगी थी। इसलिए मैंने गर्व के साथ एक भारतीय नागरिक के रूप में अपना कर्तव्य निभाया।

# सच साबित हो रही पीएम मोदी की बात

## मार नहीं भूल पा रहा पाकिस्तान, आईसीयू में रहीम यार खान एयरबेस



नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर से मिले जख्म को पाकिस्तान भुला नहीं पा रहा है। स्थिति यह है कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को जो मार पड़ी है उसका असर अभी तक साफ दिख रहा है। खबर है कि पाकिस्तान ने अपने यहां रहीम यार खान एयरबेस को 4 जुलाई तक के लिए बंद कर दिया है। रहीम यार खान वो एयरबेस है जिसे भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मिसाइल हमले से नुकसान पहुंचाया था। खास बात है कि इस एयरबेस को लेकर पीएम मोदी की बात सही साबित हो रही है। पीएम मोदी ने हमले के बाद राजस्थान में कहा था कि रहीम यार खान एयरबेस अभी भी आईसीयू में है और यह निश्चित नहीं है कि यह कब खुलेगा। हाल के सूचना के बाद एक महीने पहले कही बात सच साबित हो रही है। पाकिस्तान ने एक बार फिर रहीम यार खान बेस के लिए एयरमेन को नोटिस जारी किया है। एक्सपर्ट डेमियन सेमन ने X पर अपडेट साझा किया। इसमें लिखा गया कि पाकिस्तान ने एक बार फिर रहीम यार खान के लिए नोटम जारी किया है। मई 2025 में भारत की तरफ से मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त हुआ रनवे अब 4 जुलाई 2025 तक अनुमानित रूप से ऑफलाइन रहेगा। >14

# ईरान का इस्राइल के अस्पताल पर मिसाइल हमला

## आईडीएफ ने अराक परमाणु रिएक्टर को बनाया निशाना



तेल अवीव, 19 जून (एजेंसियां)। इस्राइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। लगातार सातवें दिन दोनों ने एक-दूसरे पर हमले किया। इस्राइली सेना ने ईरान के अराक हैवी वाटर परमाणु रिएक्टर को निशाना बनाकर मिसाइल दागी। इसके जवाब ईरान ने इस्राइल के सोरोका अस्पताल पर हमला किया। हमले से अस्पताल में काफी नुकसान हुआ।

बृहस्पतिवार सुबह इस्राइल ने ईरान के अराक हैवी वॉटर परमाणु रिएक्टर पर हमला किया। हालांकि हमले से लोगों को नुकसान नहीं पहुंचा। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि किसी भी तरह का विकिरण खतरा नहीं है। रिएक्टर को खाली करा लिया गया और नागरिक इलाकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। इससे पहले इस्राइल ने चेतावनी दी थी कि वह परमाणु रिएक्टर पर हमला करेगा। इसके जवाब में ईरान ने दक्षिण इस्राइल में सोरोका अस्पताल पर हमला किया। बीरशेबा में अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा कि अस्पताल को अलग-अलग इलाकों में काफी नुकसान हुआ है और हमले में लोग घायल हुए हैं। अस्पताल में 1,000 से अधिक बिस्तर हैं और यह 10 लाख लोगों को सेवाएं प्रदान करता है।

**ईरान के लिए अहम है अराक परमाणु रिएक्टर**

अराक हैवी वाटर परमाणु रिएक्टर तेहरान से 250 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम में है। यह परमाणु रिएक्टरों को ठंडा करने में मदद करता है। साथ ही यह प्लूटोनियम का भी उत्पादन करता है। इसका परमाणु हथियारों में उपयोग किया जा सकता है। इससे ईरान को यूरेनियम के अलावा बम बनाने का एक और रास्ता मिल जाएगा। 2019 में ईरान ने हैवी वाटर रिएक्टर के दूसरे सर्किट को शुरू किया। उस समय ब्रिटेन प्लूटोनियम की मात्रा को सीमित करने के लिए अराक रिएक्टर को दोबारा डिजाइन करने में मदद कर रहा था। इसके बाद 2018 में ब्रिटेन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के परमाणु समझौते से अमेरिका को एकतरफा वापस लेने के फैसले के बाद परियोजना से हट गया था। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने इस्राइल से ईरानी परमाणु स्थलों पर हमला न करने के लिए कहा है।

## एअर इंडिया ड्रीमलाइनर का ब्लैक बॉक्स अमेरिका भेजा जाएगा

अहमदाबाद, 19 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एअर इंडिया विमान का ब्लैक बॉक्स जांच के लिए अमेरिका भेजा जाएगा है। क्रैश हुए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान का ब्लैक बॉक्स क्रैश के दिन ही रिकवर कर लिया गया था। विमान में आग लगने के बाद ब्लैक बॉक्स इतना डैमेज हो चुका है कि उससे डेटा रिकवर करना मुश्किल है। इसलिए उसे जांच के लिए अमेरिका भेजने का फैसला लिया गया है। अहमदाबाद में 12 जून को लंदन जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट AI-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। इसमें सवार 241 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक यात्री की जान बच गई थी। वहीं, इस घटना में कुल 270 लोग मारे गए थे।

ब्लैक बॉक्स के 2 हिस्से कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) को हीट और आग से नुकसान पहुंचा है। देश में ऐसी कोई लैब नहीं है, जहां डेटा रिकवर किया जा सके। इसी वजह से, अब इन्हें अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) की लैब में भेजने का फैसला किया गया है। इसके साथ सरकारी अफसर भी जाएंगे ताकि सुरक्षा और गोपनीयता बनी रहे।

## राहुल गांधी का नया पता-लुटियंस जोन का सुनहरी बाग

**55वें जन्मदिन पर शिफ्ट हुए; अभी मां सोनिया के घर में रहते थे**

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का आज 55वां जन्मदिन है। आज ही राहुल ने सुनहरी बाग रोड में बने टाइप8 बंगले में शिफ्ट हुए हैं। यह बंगला उन्हें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होने के नाते आवंटित किया गया है। संसदीय आवास समिति ने उन्हें 5 सुनहरी बाग रोड, 7 मोतीलाल नेहरू मार्ग और 3 कृष्णा मेनन मार्ग बंगले का ऑप्शन दिया था। इसमें से राहुल ने सुनहरी बाग को चुना। इससे पहले राहुल, सोनिया गांधी के साथ 10 जनपथ में रहते थे। 2023 में उन्होंने 12 तुगलक लेन का बंगला खाली किया था। जो 19 साल उनके पास था। लेकिन सांसदी जाने के बाद बंगला खाली करना पड़ा। >14

# इलॉन मस्क के स्टारशिप में टेस्ट के दौरान धमाका

## लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया, आस-पास के घरों की खिड़कियां हिल गईं



टेक्सासू, 19 जून (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क का स्टारशिप-36 रॉकेट टेक्सास के स्टारबेस टेस्टिंग साइट पर अचानक धमाके के साथ फट गया।

इसकी लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया। ये धमाका भारतीय समय के अनुसार आज यानी, 19 जून को सुबह करीब 09:30 बजे हुआ। धमाका उस वक्त हुआ जब 29 जून को होने वाले स्टारशिप के 10वें टेस्ट फ्लाइट से पहले रॉकेट का दूसरा स्टैटिक फायर टेस्ट चल रहा था। इस टेस्ट में रॉकेट को जमीन पर ही रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लॉन्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके।

टेस्ट शुरू होने से ठीक पहले, रॉकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा रॉकेट आग के गोले में बदल गया। आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां हिल गईं। इस धमाके का जो वीडियो सामने आया है उसमें दिख रहा है कि रॉकेट के नोज यानी, ऊपरी हिस्से से अचानक आग की लपटें निकलती हैं और फिर पूरा रॉकेट धमाके के साथ फट जाता है।

**कोई हताहत नहीं, लेकिन नुकसान बड़ा**

स्पेसएक्स ने इस हादसे के बाद बयान जारी कर बताया कि टेस्ट साइट के आसपास पहले से ही सुरक्षा का पूरा इंतजाम था। सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और आसपास के इलाकों में रहने वालों को भी कोई नुकसान नहीं हुआ। कंपनी ने लोगों से अपील की है कि वो टेस्ट साइट के पास न जाएं, क्योंकि अभी भी वहां आग बुझाने और सफाई का काम चल रहा है। कैमरन काउंटी के शेरिफ ऑफिस और स्थानीय पुलिस ने भी पुष्टि की कि कोई घायल नहीं हुआ। फायर डिपार्टमेंट की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। लेकिन रॉकेट और टेस्ट साइट को हुआ नुकसान इतना ज्यादा है कि स्पेसएक्स को अब अपनी 10वीं टेस्ट फ्लाइट की योजना पर फिर से काम करना पड़ेगा।

# तमिलनाडु एडीजीपी के खिलाफ सीआईडी कर सकती है जांच

## ❋ सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार से पूछा कि क्या वे राज्य के एडीजीपी एचएम जयराम के खिलाफ कथित अपहरण मामले की जांच विशेष शाखा या सीआईडी को सौंपने पर विचार कर रहे हैं या नहीं। जस्टिस उज्जल भुइंया और जस्टिस मनमोहन की पीठ को तमिलनाडु सरकार की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे ने बताया कि अतिरिक्त निदेशक पुलिस (एडीजीपी) जयराम का निलंबन 16 जून को दिए गए उच्च न्यायालय के आदेश के चलते नहीं हुआ है, बल्कि पूर्व में उन पर लगे आरोपों के चलते हुआ है। इस पर पीठ ने दवे से पूछा कि क्या राज्य सरकार एडीजीपी के खिलाफ जांच को सीआईडी या विशेष जांच शाखा को तो नहीं सौंप रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जानकारी देने को कहा है। एडीजीपी पर एक युवक के अपहरण का आरोप है, जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था।

**थिएटर्स को सुरक्षा देगी कर्नाटक सरकार**

कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि अगर कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ राज्य में रिलीज होती है तो सरकार थिएटर्स को सुरक्षा मुहैया कराएगी। दरअसल कमल हासन ने कन्नड़ भाषा को लेकर बीते दिनों एक बयान दिया था, जिससे कर्नाटक के लोग नाराज हो गए थे। इसके बाद सरकार ने कमल हासन की नई फिल्म ठग लाइफ के राज्य में रिलीज होने पर रोक लगा दी थी। इसके खिलाफ कमल हासन सुप्रीम कोर्ट गए हैं।

# लालू के बेटे तेज प्रताप यादव की हुंकार

## मेरी भूमिका कोई दल या परिवार नहीं तय करेगा, चक्रव्यूह तोड़ूंगा




पटना, 19 जून (एजेंसियां)। तेज प्रताप यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट की भी एक बार फिर राजनीतिक महकमे में काफी चर्चा होगी। वजह यह है कि तेज प्रताप यादव ने इस पोस्ट में चेतावनी भरे शब्दों का प्रयोग किया है।

उन्होंने लिखा है कि 'मेरी खामोशी को मेरी कमजोरी समझने की भूल करने वालो,ये मत समझना कि मुझे तुम्हारी साजिशों का पता नही,शुरुआत तुमने किया है अंत मैं करूंगा, झूठ और फरेब के बनाये इस चक्रव्यूह को तोड़ने जा रहा हूं, तैयार रहना सच सामने आने वाला है,मेरी भूमिका मेरी प्यारी जनता और माननीय सर्वोच्च न्यायालय तय करेगा ,कोई दल या परिवार नहीं।'

**इस बात पर बिगड़ गया था मामला**

पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के विधायक तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट वायरल हुआ था, जिसमें तेज प्रताप यादव के एक लड़की अनुष्का के साथ रिलेशन में होने का दावा किया गया था। उस पोस्ट में यह भी दावा किया गया था कि वह दोनों एक-दूसरे को 12 साल से जानते हैं। तेज प्रताप यादव के इस पोस्ट ने ऐसा तूफ़ान लाया, जिसमें लालू प्रसाद यादव ने तेज प्रताप यादव को राष्ट्रीय जनता दल पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने उन्हें घर और परिवार से भी बेदखल कर दिया।

**पार्टी और घर दोनों से हुए थे बेदखल**

लालू प्रसाद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि, 'निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।'

# मोदी का 3 देशों का दौरा खत्म, भारत लौटे

जगरेब, 19 जून (एजेंसियां)। पीएम मोदी पांच दिन का विदेश दौरा पूरा करके गुरुवार को भारत लौट आए हैं। प्रधानमंत्री सबसे पहले 15-16 जून को साइप्रस में रहे। फिर 17 जून को कनाडा पहुंचे, 18 जून को G7 समिट में हिस्सा लिया। फिर क्रोएशिया गए। बुधवार को क्रोएशिया की राजधानी जगरेब में पीएम मोदी के स्वागत में मंत्र पढ़े गए और भारतीय नृत्य पेश किया गया। इसके बाद पीएम मोदी भारतीय समुदाय के लोगों से मिले। मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेकोविच से द्विपक्षीय बातचीत की। ये किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। यहां 17 हजार से ज्यादा भारतीय रहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने क्रोएशिया की पहली यात्रा पर गर्मजोशी से स्वागत के लिए वहां की सरकार और प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविच का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि भारत और क्रोएशिया लोकतंत्र, कानून और विविधता जैसे साझा मूल्यों से जुड़े हैं। दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को तीसरे कार्यकाल में तीन गुना गति से बढ़ाने का निर्णय लिया। रक्षा सहयोग योजना, व्यापार, फार्मा, कृषि, आईटी, डिजिटल व स्वच्छ तकनीक जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाई जाएगी। भारत-क्रोएशिया के सांस्कृतिक और शैक्षणिक संबंधों को और मजबूत किया जाएगा। हिंदी चेयर की टाइमलाइन 2030 तक बढ़ाई गई है, 5 साल का सांस्कृतिक कार्यक्रम तय हुआ है और लोगों की आवाजाही के लिए मोबिलिटी समझौता जल्द होगा।

पीएम मोदी ने कहा कि क्रोएशिया में भले ही यह यात्रा छोटी है, लेकिन मुझे आपके शहर की संस्कृति, जीवनशैली और यहां के लोगों की गर्मजोशी का अनुभव हुआ। यहां मुझे अपनेपन का एहसास हुआ। हमने बहुत से महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जो भारत-क्रोएशिया साझेदारी को और मजबूत करेंगे और नए क्षेत्रों में मिलकर काम करने के रास्ते खोलेंगे।

## आनंद विहार टर्मिनल से कोटद्वार आ रही ट्रेन के चालक की तबीयत बिगड़ी

कोटद्वार, 19 जून (एजेंसियां)। आनंद विहार टर्मिनल से कोटद्वार आ रही एक्सप्रेस ट्रेन के चालक बाबूराम की अचानक तबीयत बिगड़ गई। घटना सनेह रोड हाल्ट स्टेशन के पास हुई, जिसके बाद ट्रेन को सहायक चालक ने संभाला और सुरक्षित कोटद्वार स्टेशन तक पहुंचाया। तड़के चालक को प्राथमिक उपचार दिया गया, इसके बाद तुरंत हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। ट्रेन का खाली रैक सुबह 5:00 बजे तक नजीबाबाद पहुंचना था, लेकिन चालक की तबीयत बिगड़ने के चलते ट्रेन कोटद्वार स्टेशन पर ही 10:30 बजे तक खड़ी रही। स्थिति को संभालने के लिए लक्सर से एक अन्य चालक को बुलाया गया, जिसके बाद ट्रेन को नजीबाबाद के लिए रवाना किया गया।

## 'राहुल गांधी और शरद पवार में इतनी ताकत नहीं है कि वे कोर्ट में जाकर इसका रिकॉर्ड मांग सकें'

# प्रकाश आंबेडकर ने क्यों कह दी इतना बड़ी बात?



मुंबई, 19 जून (एजेंसियां)। वंचित बहुजन आघाडी के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर जारी वोटिंग विवाद पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदान का समय समाप्त होने के बाद 76 लाख वोट डाले गए। वंचित बहुजन आघाड़ी के प्रतिनिधि चेतन अहिरे ने इसी मामले को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसे 3 फरवरी को स्वीकार कर लिया गया। प्रकाश आंबेडकर ने आगे कहा, मैं चेतन अहिरे का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं और अदालत में यह मामला लड़ रहा हूं जिसके बाद भारत निर्वाचन आयोग को नोटिस भेजा गया था। राहुल गांधी से लेकर शरद पवार तक किसी के पास इतनी ताकत नहीं है कि वे कोर्ट में जाकर इसका रिकॉर्ड मांग सकें।

**राहुल गांधी ने लगाए थे आरोप**

बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लगातार गड़बड़ी और मैच फिक्सिंग के आरोप लगा रहे हैं। इस पर हाल ही में चुनाव आयोग के सूत्रों ने नौ बिंदुओं में जवाब भी दिया था। चुनाव आयोग के अंदरूनी सूत्रों ने गलत सूचनाओं के माध्यम से सनसनी फैलाने के लिए गांधी और उनकी कांग्रेस की भी आलोचना की थी। चुनाव आयोग ने कहा कि राहुल गांधी की चिंताओं पर औपचारिक जवाब तभी दिया जा सकता है, जब वह आयोग को लिखकर शिकायत भेजें। अब तक उन्होंने न तो कोई पत्र भेजा है और न ही मिलने का समय मांगा है। चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस पार्टी को 15 मई 2025 को आयोग से मिलने का बुलावा भेजा गया था, लेकिन उन्होंने मिलने से बचने की कोशिश की और कुछ समय की मांग की। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने चुनावी मतदाता सूची में गड़बड़ी, ज्यादा वोटिंग दिखाना और फर्जी वोटिंग जैसे आरोप लगाए थे। कांग्रेस और उसके सहयोगी महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों में से केवल 46 सीटें ही जीत पाए। उन्होंने चुनाव आयोग पर टालमटोल करने का आरोप लगाया और लोकसभा तथा महाराष्ट्र विधानसभा सहित हाल के चुनावों के लिए डिजिटल मतदाता सूची प्रकाशित करने के साथ मतदान के दिन शाम 5 बजे के बाद महाराष्ट्र में मतदान केंद्रों से सीसीटीवी फुटेज जारी करने की मांग की थी।

## राजगढ़ में भीषण सड़क हादसा, डिवाइडर से टकराई कार, चार की मौत

शाजापुर, 19 जून (एजेंसियां)। राजगढ़ जिले के पचोर में एक भीषण कार हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक्सयूवी 500 कार हाईवे पर डिवाइडर से टकरा गई। कार सवार दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोगों ने शाजापुर जिला अस्पताल में दम तोड़ा। पांच लोग घायल हैं। जानकारी के अनुसार कार सवार सभी लोग अयोध्या से सूरत जा रहे थे। राजगढ़ में ड्राइवर को नींद आ गई, जिससे हादसा हो गया। अहमदाबाद जा रहे एक एम्बुलेंस चालक और ट्रक ड्राइवरों ने मिलकर कार का दरवाजा तोड़ा। उन्होंने शवों और घायलों को बाहर निकाला। पचोर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। घायलों को पचोर एम्बुलेंस से पचोर अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से उन्हें राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## सोनिया गांधी की हालत में हो रहा सुधार

# अस्पताल से आया नया अपडेट, कब मिलेगी छुट्टी



नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी बीते रविवार से दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती हैं। पेट से जुड़ी समस्या के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। आज सुबह नौ बजे सोनिया गांधी के स्वास्थ्य की जानकारी अस्पताल की ओर से साझा की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, सोनिया गांधी की हालत स्थिर बनी हुई है। उनकी स्थिति कंट्रोल में है। सर गंगा राम अस्पताल में चिकित्सा दल की देखरेख में उनकी हालत में सुधार हो रहा है। सर गंगा राम अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप ने कहा कि सोनिया गांधी उपचार के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रही हैं। उनका स्वास्थ्य स्थिर है और उनकी निरंतर देखभाल के तहत आज एक विशिष्ट आहार योजना शुरू की गई है। आगे कहा कि उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। लेकिन अभी उनकी छुट्टी की तारीख तय नहीं की गई है। रिकवरी के आधार पर छुट्टी तय होगी। डॉ. एस नंदी और डॉ अमिताभ यादव सहित डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रख रही है।

## राजधानी में डरा रहा कोरोना आज दो महिलाओं की मौत

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली में कोरोना के मामलों में हर दिन बड़ा उछाल देखने को मिल रहा है। आए दिन कोरोना की वजह से मौतों का आंकड़ा बढ़ रहा है। गुरुवार को दिल्ली में कोरोना से दो महिलाओं की मौत हो गई। जिसके बाद दिल्ली में अब तक कोरोना से 15 लोगों की मौत हो चुकी है। एक 67 वर्षीय महिला को एटीएन, किडनी रोग, कोविड निमोनिया, सेप्सिस, फ्रिक्टरी सेप्टिक शॉक जैसी बीमारियां थी। वहीं दूसरी 74 वर्षीय महिला को सीएडी, रुमेटीइड आर्थराइटिस, एलआरटीआई, सेप्टिक शॉक के साथ एमओडीएसएस बीमारी ने घेर रखा था। दोनों महिलाओं की मौत हो गई है। बीते बुधवार को कोरोना से एक और मौत का मामला सामने आया था, 65 वर्षीय बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। कोरोना से बुधवार तक 13 लोगों की मौत हो चुकी थी, जबकि 60 से अधिक नए मरीज मिले थे। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के कोविड डैशबोर्ड के अनुसार सक्रिय मरीजों की संख्या 620 हो गई है। कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या भी 65 रही। कोरोना से संक्रमित बुजुर्ग कई दूसरी बीमारियों से जूझ रहा था, इसमें कार्सिनोमा ओरल कैविटी (मुंह का कैंसर), एक्यूट किडनी इंजरी सहित एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम (फेफड़ों का खराब होना) था। दिल्ली में एक जनवरी 2025 से लेकर अब तक कोरोना के 2480 मामले सामने आ चुके हैं। देशभर में कोरोना के कुल मामलों में दिल्ली दूसरे नंबर पर है।

# जज कैशकांड जांच कमेटी की रिपोर्ट सामने आई

## कहा- जस्टिस वर्मा के दुराचरण के पर्याप्त सबूत

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। जस्टिस यशवंत वर्मा कैश कांड की जांच करने वाली कमेटी की रिपोर्ट सामने आ गई है। 3 जजों की आंतरिक जांच कमेटी ने माना है कि उपलब्ध सबूतों के आधार पर जस्टिस वर्मा का दुराचरण साबित हो रहा है। उन्हें पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए।

**क्या है मामला?**

दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर 14 मार्च को आग लगी थी। आग बुझाने के बाद पुलिस और दमकल कर्मियों को वहां बड़ी मात्रा में जला हुआ कैश दिखा। सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने 22



मार्च को मामले की जांच के 3 जजों की जांच कमेटी का गठन बनाई थी। इस कमेटी के अध्यक्ष पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू थे। हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस जी एस संधावलिया और कर्नाटक हाई कोर्ट की जज अनु शिवरामन इसकी सदस्य थे।

**सरकार को भेजी जा चुकी है रिपोर्ट**

जांच कमेटी ने 4 मई को अपनी रिपोर्ट तत्कालीन चीफ जस्टिस को दे दी थी। अब यह रिपोर्ट सामने आई है। हालांकि, 8 मई को ही चीफ जस्टिस ने रिपोर्ट को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया। इस बात की चर्चा है कि जस्टिस वर्मा को पद से हटाने के लिए संसद में प्रस्ताव लाया जा सकता है।

**कमेटी ने क्या कहा है?**

अपने 64 पन्नों की रिपोर्ट में कमेटी ने बताया है कि उसने 55 लोगों के बयान लिए। इलेक्ट्रॉनिक सबूतों और दूसरे साक्ष्यों का परीक्षण किया। जस्टिस वर्मा का पूरा आचरण असामान्य रहा है। जिस स्टोर रूम में कैश मिला वह उनके और उनके परिवार के नियंत्रण में था। वह कैश को लेकर कोई सफाई नहीं दे पा रहे हैं। जब आग लगी तो वह शहर में नहीं थे। उनके निजी सहायक राजेन्द्र कार्की ने दमकल कर्मियों से कहा कि वह कैश की बात अपनी रिपोर्ट में न लिखें। 15 मार्च की सुबह स्टोर से सारे नोट हटा दिए गए। इस बारे में जस्टिस वर्मा के निजी स्टाफ और घर में मौजूद उनकी बेटी की भूमिका की जांच की गई। यह जानकारी मिली है कि राजेन्द्र कार्की और हनुमान प्रसाद शर्मा ने जले हुए नोट वहां से हटवाए।

## नौ पन्नों का सुसाइड नोट

### महिला ने बनाई अश्लील वीडियो, ब्लैकमेलिंग पर पांच लाख भी दिए, पूर्व सरपंच ने दी जान



पटियाला, 19 जून (एजेंसियां)। पंजाब के पटियाला में हरियाणा के पूर्व सरपंच ने महिला और उसके साथी से तंग आकर अपनी जीवन लीला खत्म कर ली। पूर्व सरपंच ने मरने से पहले 9 पन्नों का सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें उसने दर्द की कहानी उजागर की है। वहीं आरोपी महिला और उसके साथी को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकियों से तंग आकर पूर्व सरपंच ने पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने इस मामले में मृतक के भाई के साले व उसकी महिला साथी के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान हरियाणा के जिला कुरुक्षेत्र के एक गांव निवासी बलजीत सिंह (53) के रूप में हुई है। थाना जुल्कां पुलिस ने इस मामले में मृतक के चचेरे भाई कुरुक्षेत्र के गांव सिओसर निवासी राजेश कुमार की शिकायत पर उसके साले हरियाणा के कैथल के गांव भाणा निवासी रोहताश और उसकी महिला साथी कुरुक्षेत्र के गांव सिओसर निवासी करनैलो देवी के खिलाफ कार्रवाई की है।

## दिल्ली से लेह जा रहे इंडिगो विमान में तकनीकी खामी, वापस लौटा, कराई गई आपात लैंडिंग



नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। दिल्ली से लेह जा रहे इंडिगो के विमान की आपात लैंडिंग कराई गई। विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद पायलट की सूचना पर विमान को वापस दिल्ली लाया गया। विमान की आपात लैंडिंग से यात्रियों में हड़कंप मच गया। बाद में यात्रियों के लिए वैकल्पिक विमान का इंतजाम किया गया। इंडिगो एयरलाइन के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से लेह के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2006 में तकनीकी खराबी आ गई। विमान के लेह में उतरने के लिए परिचालन प्रतिबंधों के कारण इसे वापस दिल्ली लौटना पड़ा। पायलट वापस दिल्ली लौट आया। परिचालन फिर से शुरू करने से पहले विमान का आवश्यक रखरखाव किया जा रहा है। इस बीच यात्रियों को लेह ले जाने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई है। इससे पहले सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट के एक इंजन में तकनीकी खराबी आ गई थी। इस वजह से कोलकाता के हवाई अड्डे पर विमान के निर्धारित ठहराव के दौरान यात्रियों को नीचे उतारना पड़ा। ड्रीमलाइनर विमान एआई180 समय पर (रात 12.45 बजे) हवाई अड्डे पर पहुंची, लेकिन बाएं इंजन में तकनीकी खराबी के कारण उड़ान में देरी हुई। लगभग सुबह 5.20 बजे विमान से सभी यात्रियों को उतरने के लिए कहा गया। विमान के कैप्टन ने यात्रियों को बताया कि उड़ान सुरक्षा के लिहाज से यह निर्णय लिया गया। इससे पहले हांगकांग से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई315 को बीच उड़ान में ही तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद वापस अपने मूल स्थान पर लौटना पड़ा था। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की ओर से संचालित यह फ्लाइट एआई315 हांगकांग से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान का इस्तेमाल भारत में एअर इंडिया की तरफ से किया जा रहा है।

## 'सोनम के साथ वो लड़की 24 घंटे रहती थी, राजा रघुवंशी हत्याकांड में अब मिस्ट्री गर्ल की एंट्री, सास ने किया ये दावा

इंदौर, 19 जून (एजेंसियां)। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या को पूरे 27 दिन बीत चुके हैं। राजा का परिवार अभी भी सदमे में है। वो बेटे के लिए न्याय की गुहार लगा रहे हैं। आरोपी पत्नी सोनम और उसके बॉयफ्रेंड सहित 5 लोग फिलहाल पुलिस रिमांड पर हैं। आज कस्टडी की डेट खत्म हो रही है। आज कोर्ट से शिलांग पुलिस आरोपियों की आगे के लिए कस्टडी की मांग करेगी। इस बीच सोनम की सास ने ऐसा बयान दिया है जो केस की कहानी बदल सकता है। राजा की मां और सोनम की सास उमा रघुवंशी ने इंटरव्यू में कहा- सोनम के साथ एक लड़की 24 घंटे रहती थी। मुझे शक है कि वो भी राजा की हत्या में शामिल होगी।

# ईरान से 'ऑपरेशन सिंधु' जारी, दिल्ली पहुंचा एक और जहाज



नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के बीच बड़ी संख्या में भारतीय ईरान में फंसे हुए हैं। संघर्ष के और भड़कने की आशंका के बीच भारत सरकार वहां पर फंसे भारतीय लोगों को निकालने को लेकर 'ऑपरेशन सिंधु' चला रही है। राजधानी तेहरान से निकाले गए 110 भारतीय छात्रों को लेकर पहला विमान आज गुरुवार तड़के दिल्ली पहुंचा। इसके कुछ घंटे बाद एक और विमान दिल्ली पहुंचा जिसमें वहां पर रहे भारतीय राजनयिक शामिल हैं। ईरान में फंसे भारतीयों को लेकर गुरुवार को दूसरी फ्लाइट भी दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची। इस फ्लाइट में तेहरान में रहे डिप्लोमेट्स के परिवार शामिल थे। हालांकि इनकी संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

**आर्मीनिया से होते हुए दिल्ली पहुंचे छात्र**

मध्य पूर्व एशिया में ईरान और इजराइल के बीच भड़के युद्ध के बाद बड़ी संख्या में भारतीय छात्र और लोग फंसे हुए थे। उनकी और उनके परिजनों की ओर से उन्हें सुरक्षित निकालने को लेकर भारत सरकार से गुहार लगाई जा रही थी। इसके बाद भारत सरकार की ओर से शुरू किए गए ऑपरेशन सिंधु के तहत भारतीय छात्रों को तेहरान से बाहर निकाला गया। फिर भारतीय दूतावास ने मंगलवार को 110 छात्रों को सुरक्षित रूप से आर्मेनिया पहुंचाने में मदद की। इसके बाद उन्हें दिल्ली लाया गया। युद्धग्रस्त ईरान से सकुशल भारत पहुंचने पर भारतीय छात्र बेहद खुश हैं और उन्होंने इसके लिए भारत सरकार का धन्यवाद किया। साथ ही वहां के खौफनाक हालात को याद भी किया। भारतीय छात्रों के दिल्ली पहुंचने के बाद विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि अभी और लोगों को वहां से निकाला जा रहा है। कीर्ति वर्धन सिंह ने ऑपरेशन के बारे में कहा, "हमारे पास फ्लाइट तैयार हैं। हम आज एक और विमान भेज रहे हैं। हम तुर्कमेनिस्तान से होते हुए कुछ और लोगों को निकाल रहे हैं। वहां से निकालने को लेकर अनुरोध के लिए हमारे दूतावासों से कभी भी संपर्क किया जा सकता है। जैसे-जैसे स्थिति बदलेगी, हम भारतीय नागरिकों को वहां से सुरक्षित निकालने के लिए, और विमान भेजेंगे।" साथ ही उन्होंने इस ऑपरेशन में मदद के लिए तुर्कमेनिस्तान और आर्मेनिया की सरकारों को धन्यवाद भी दिया। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने भी भारतीय छात्रों की सुरक्षित एग्जिट ऑपरेशन शुरू करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को धन्यवाद दिया। संघ ने जारी बयान में कहा, "हमें उम्मीद है कि वहां फंसे शेष सभी छात्रों को भी जल्द निकाल लिया जाएगा।"

## दमकल कर्मचारियों को संशोधित वेतनमान का लाभ मिलेगा

## प्रदेश हाईकोर्ट ने दिए आदेश

शिमला, 19 जून (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने अग्निशमन विभाग में तैनात कर्मचारियों को सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के तहत संशोधित वेतनमान का लाभ देने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने प्रधान सचिव (गृह) को निर्देश दिया कि वह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक-सहनिदेशक अग्निशमन सेवा की 5 सितंबर 2022 की सिफारिश पर तीन सप्ताह के भीतर उचित कार्रवाई करें। न्यायाधीश संदीप शर्मा ने कहा कि फायरमैन श्रेणी अगर पात्र पाई जाती है, तो उन्हें 27 सितंबर 2012 की अधिसूचना के अनुसार देय तिथि से वेतन संशोधन के लिए विचार किया जाए। हाईकोर्ट ने कहा कि जब कांस्टेबल श्रेणी को वेतन संशोधन का लाभ दिया गया है, तो फायरमैन को इससे बाहर रखने का कोई कारण नहीं है। खासकर जब उनके कर्तव्य और जिम्मेदारियां कांस्टेबलों के समान हैं। कोर्ट ने राज्य के इस तर्क को खारिज किया है कि वेतनमान तय करना नियोक्ता का विशेषाधिकार है। न्यायालय ने कहा कि यदि मूल्य सूचकांक में वृद्धि जैसे कारकों के आधार पर वेतन संशोधन किया जाता है, तो वही विचार फायरमैन पर भी लागू होने चाहिए। याचिका में तर्क दिया गया था कि सरकार की ओर से वर्ष 2012 में विभिन्न तृतीय श्रेणी पदों के वेतनमान में संशोधन किया गया था, जिसमें कांस्टेबल भी शामिल थे, लेकिन लाभ नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता को सितंबर 2012 में अनुबंध के आधार पर फायरमैन के रूप में नियुक्त किया गया था। विभाग की ओर से उनकी सेवाएं 2020 में नियमित की गईं। याची वर्तमान में 5910-20200 के वेतनमान में 1900 रुपये के ग्रेड पे के साथ काम कर रहा है। याचिकाकर्ता 10300-34800 रुपये के वेतनमान और 3200 रुपये के ग्रेड पे के हकदार हैं।

## जो 'खरी-खोटी' आपने ट्रंप को सुनाई, उसे देश के सामने बोलने में क्या दिक्कत कांग्रेस ने पीएम मोदी पर साधा निशाना



नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फोन कॉल को लेकर देश में सियासत गरमा गई है। विदेश सचिव के बयान के बाद से कांग्रेस लगातार बीजेपी पर हमलावर है। कांग्रेस इस बातचीत को लेकर लगातार सवाल उठा रही है। वहीं, इस बीच कांग्रेस की नेता व प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने इसको लेकर एक बड़ा बयान दिया है। सुप्रिया ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर कहा, मोदी जी क्या मुंह दिखाएगा देश की बेटियों को जिनका सिंदूर उजाड़ने वाला असीम मुनीर आज आपके दोस्त डोनाल्ड ट्रंप के यहां दावत उड़ा रहा है? आपकी विदेश नीति की तो धज्जियां उड़ चुकी हैं। जो तथाकथित 'खरीखोटी' आपने ट्रंप को फोन पर सुनाई वो देश के सामने बोलने में क्या दिक्कत है? दरअसल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री के बयान के बाद यह मामला तूल पकड़ा। विदेश सचिव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच करीब 35 मिनट तक बातचीत हुई। ट्रंप के आग्रह पर पीएम मोदी ने बात की। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। विदेश सचिव ने बताया कि यह ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बातचीत थी। इस दौरान अमेरिका से न मध्यस्थता पर कोई बात हुई और न ही ट्रेड डील पर।

## कर्नाटक से बाघ के बदले लाए गए किंग कोबरा 'नागार्जुन' की भोपाल में मौत, वजह अब तक रहस्य



भोपाल, 19 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के भोपाल में वन विहार नेशनल पार्क में आए किंग कोबरा 'नागार्जुन' की मौत हो गई है। यह किंग कोबरा दो महीने पहले ही मैंगलोर की वाइल्डलाइफ फैसिलिटी से लाया गया था। तक 5 साल के किंग कोबरा की सभी एक्टिविटी सामान्य नजर आ रही थीं। फिर अचानक बुधवार को उसकी मौत हो गई। सुबह सीसीटीवी कैमरा में देखा गया कि कोबरा में किसी तरह की हरकत नहीं हो रही है। यह देखकर देखभाल करने वाले और डॉक्टर्स की टीम किंग कोबरा के बाड़े में गए। जाकर देखा तो सांप मृत पाया गया। अब डॉक्टर्स ने किंग कोबरा का पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि उसकी मौत कैसे हुई।

**दो महीने पहले दो किंग कोबरा आए थे भोपाल**

रिपोर्ट के मुताबिक, करीब दो महीने पहले 5 साल के नागार्जुन और 8 साल के नागशायना को मैंगलोर के पिलिकुला बायलॉजिकल पार्क से भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क लाया गया था। इन्हें बाघ के बदले एक्सचेंज किया गया था। बाघ द पशु विनिमय कार्यक्रम के तहत दो बाघ कर्नाटक को दिए गए थे। इसके बदले दो किंग कोबरा भोपाल आए थे। दोनों ही सांपों पर दिन रात नजर रखी जा रही थी।

**मैंगलोर से लगातार संपर्क में थे वन विहार के डॉक्टर**

वन विहार अभ्यारण का मेडिकल स्टाफ लगातार मैंगलोर के बायोलॉजिकल पार्क के संपर्क में था और सांपों की हर हरकत पर डॉक्टर्स की नजर थी। अब सांप की मौत एक रहस्य बन गई है, जिसका खुलासा पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

**किंग कोबरा होते हैं 'किसानों के दोस्त'**

बता दें, किंग कोबरा दुनिया के सबसे बड़े और जहरीले सांप होते हैं, जो 18 फीट लंबे हो सकते हैं। किंग कोबरा को सबसे समझदार सांप भी माना जाता है। इस नस्ल के सांप परिस्थितियों के हिसाब से अपने शिकार की योजना बदल लेते हैं। इतना ही नहीं किंग कोबरा को इकोसिस्टम के लिए भी लाभकारी माना जाता है। ये खेतों से फसल खराब करने वाले रोडेंट को खत्म कर देते हैं, इसलिए इन्हें 'किसानों का दोस्त' कहा जाता है।

## मदन दास वैष्णव, प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



इंदौर 19 जून (एजेंसियां)। देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता संगठन कंज्यूमर्स कनफेडरेशन आफ इंडिया, सीसीआई का उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे मदन दास वैष्णव को मध्यप्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। जयपुर में उपभोक्ता के चुनाव अधिकारी राकेश खंडेलवाल एवं सीसीआई के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक डॉक्टर अनंत शर्मा की उपस्थिति में राष्ट्रीय महासचिव मुकेश वैष्णव, ने नियुक्ति आदेश जारी किया।

गौरतलब है कि मदन दास वैष्णव दस वर्षों से मध्य प्रदेश के भोपाल, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर, श्योपुर आदि जिलों में उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं एवं उपभोक्ता आंदोलन से जुड़े हुए हैं। वैष्णव के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर संपूर्ण वैष्णव ब्राह्मण, पुजारी, बैरागी समाज ने प्रसन्नता करते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से उपभोक्ता आंदोलन में और गति आएगी। एवं ग्रामीण क्षेत्र तक उपभोक्ताओं को कानून एवं अधिकारों की जानकारी पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि शीघ्र ही सीसीआई का एक राष्ट्रीय महासम्मेलन इंदौर में आयोजित किया जाएगा।

सुविचार: सोचो नहीं, अपना भविष्य खुद लिखो और उसे संवारने के लिए जमकर मेहनत करो

# ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने तेलंगाना के उभरते 2047 विजन की सराहना की

नई दिल्ली, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने तेलंगाना के उभरते 204% विजन की सराहना की और राज्य सरकार द्वारा लागू की जा रही नीतियों की सराहना की।



मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को दिल्ली दौरे के दौरान ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर से बातचीत की। सक्रिय सार्वजनिक करियर से हटने के बाद, ब्लेयर ने टोनी ब्लेयर इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल चेंज (टीबीआईजीसी) की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य विश्व नेताओं को एक विजन विकसित करने, रणनीति तैयार करने और उन्हें कार्रवाई योग्य कार्यक्रमों में बदलने में सहायता करना है।

एक घंटे तक चली बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने "तेलंगाना राइजिंग 204%' के प्रमुख तत्वों का ब्यौरा दिया, जिसका अनावरण 9 दिसंबर, 2025 को राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ पर सार्वजनिक रूप से किया जाएगा। रेवंत रेड्डी ने किसानों, युवाओं और महिलाओं जैसे विभिन्न वर्गों के सामाजिक और आर्थिक विकास और मानव विकास संकेतकों के समग्र सुधार को दी जाने वाली प्राथमिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कोर अर्बन, पेरी-अर्बन और ग्रामीण क्षेत्रों के लेंस का उपयोग करके माइक्रोप्लानिंग की नई अवधारणा पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर ब्लेयर ने सराहना की कि विकास का पूरा एजेंडा स्थिरता सिद्धांतों के माध्यम से हासिल किया जाएगा। उन्होंने भारत फ्यूचर सिटी, यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी और यंग इंडिया स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी जैसी प्रमुख पहलों में विशेष रुचि दिखाई। तेलंगाना राइजिंग विजन विकास और इसके बाद के कार्यान्वयन में भागीदारी के लिए तेलंगाना सरकार और टीबीआईजीसी के बीच एक आशय पत्र का आदान-प्रदान किया गया। सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी, सांसद रघुवीर रेड्डी और मल्लू रवि, सरकार के सलाहकार जितेंद्र रेड्डी, विशेष मुख्य सचिव जयेश रंजन और सचिव (समन्वय) गौरव उप्पल भी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के लिए 24 घंटे की उल्टी गिनती

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के हिस्से के रूप में, भारत सरकार इस्पात मंत्रालय, कोयला मंत्रालय और खान मंत्रालय के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के लिए 24 घंटे की उल्टी गिनती आयोजित करने की योजना बना रही है। 24 घंटे की उल्टी गिनती 20 जून को सुबह 5.30 बजे लाल बहादुर स्टेडियम, हैदराबाद में होगी।

हैदराबाद-सिकंदराबाद-साइबराबाद के त्रि-शहरों से योग साधक, युवा और छात्र बड़ी संख्या में भाग लेने जा रहे हैं। प्रतिभागियों में तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी, केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा, भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, भारतीय महिला आयोग की पूर्व सदस्य खुशबू सुंदर, फिल्म अभिनेता साई धर्म तेज, फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी शामिल हैं।

# एमसीईएमई सिकंदराबाद ने आयोजित किया 10%वां दीक्षांत समारोह

## टीईएस कोर्स-43 के अधिकारियों को प्रदान की बी.टेक की डिग्री

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग (एमसीईएमई), सिकंदराबाद ने गुरुवार को त्रिमुलघेरी के एमसीईएमई ऑडिटोरियम में टेक्निकल एंट्री स्कीम कोर्स-43 के अधिकारियों को बी.टेक. की डिग्री प्रदान करने के लिए अपना 107वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया। समारोह के दौरान बीस अधिकारियों को बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी की डिग्री प्रदान की गई। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय ने अपने दीक्षांत भाषण में सैन्य और नागरिक दोनों क्षेत्रों में चरित्र, नैतिक नेतृत्व और बौद्धिक चपलता की भूमिका पर जोर दिया।



लेफ्टिनेंट डी सुभाष को सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड छात्र अधिकारी होने के लिए डीजीईएमई स्वर्ण पदक और जीओसी-इन-सी एआरटीआरएसी ट्रॉफी प्रदान की गई तथा लेफ्टिनेंट अभिनव नायर और लेफ्टिनेंट आदर्श कुमार सिंह को क्रमशः मैकेनिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स स्ट्रीम में प्रथम स्थान हासिल करने के लिए कमांडेंट रजत पदक से सम्मानित किया गया। एमसीईएमई के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल नीरज वार्ष्णेय ने समकालीन और भविष्य के युद्ध में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन रोबोटिक्स, मशीन लर्निंग और मानव रहित प्रणालियों जैसी उन्नत तकनीकों की बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एमसीईएमई में दिया जाने वाला प्रशिक्षण यह सुनिश्चित करता है कि हमारे अधिकारी तकनीकी और परिचालन उत्कृष्टता के मामले में सबसे आगे रहें।

# सीएम ने हैदराबाद मेट्रो फेज-2 परियोजना को मंजूरी देने का आग्रह किया



हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर से हैदराबाद मेट्रो फेज-2 के लिए मंजूरी प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया है।गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री के आवास पर एक बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने तेजी से बढ़ते हैदराबाद शहर में %6.4 किलोमीटर मेट्रो फेज-2 की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए एक ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने संकेत दिया कि राज्य सरकार केंद्र सरकार के साथ साझेदारी में 24,269 करोड़ रुपये की अनुमानित इस परियोजना को क्रियान्वित करने के लिए तैयार है। रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री खट्टर को बताया कि मेट्रो फेज-2 के कार्यान्वयन से शहर में यातायात प्रवाह में वृद्धि होगी और सड़क की भीड़भाड़ कम होगी, जिससे सतत विकास में काफी योगदान मिलेगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि शहरी मामलों के विभाग की सिफारिशों के आधार पर सभी आवश्यक संशोधनों के साथ परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत की गई है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से हैदराबाद मेट्रो चरण- II के महत्व को देखते हुए अन्य विभागों से आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने का आग्रह किया।

# कांग्रेस ने तेलंगाना में मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) और इससे जुड़ी शाखाओं ने गुरुवार को राज्य के विभिन्न स्थानों पर राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। पार्टी के सदस्यों ने इस अवसर पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस अवसर को खास अंदाज में मनाया। पार्टी के राज्य मुख्यालय गांधी भवन में सांसद अनिल कुमार यादव के सहयोग से राहुल गांधी का एक बड़ा कटआउट लगाया गया। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ पटाखे फोड़े और उत्सवी माहौल में जश्न मनाया। मत्स्य महासंघ के अध्यक्ष मेट्टू साई के नेतृत्व में स्कूली बच्चों को किताबें भी बांटी गईं। टीपीसीसी महासचिव गजेला कंथम के नेतृत्व में एक बड़ा केक काटा गया और जश्न मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद वी. हनुमंत राव, एमएलसी आमिर अली खान, टीपीसीसी उपाध्यक्ष




कुमार राव और अन्य ने हिस्सा लिया। गांधी भवन में जन्मदिन समारोह में मंत्री पोन्नम प्रभाकर और अदलुरी लक्ष्मण भी शामिल हुए। पार्टी के नेताओं, प्रशंसकों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जग्गा रेड्डी ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर कैंसर रोगी को 10 लाख रुपये दान किए। संगारेड्डी निर्वाचन क्षेत्र के तल्लापल्ली गांव के निवासी हरि प्रसाद कुछ समय से कैंसर से पीड़ित हैं। जग्गा रेड्डी ने एक कैंसर रोगी को 10 लाख रुपये दान किए क्योंकि वह एक गरीब परिवार से था और इलाज का खर्च वहन नहीं कर सकता था। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क के आधिकारिक आवास प्रजा भवन में, जीएचएमसी सफाई कर्मचारियों के साथ राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। परिवहन और बीसी कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर गौड़, टीपीसीसी के वरिष्ठ नेता डॉ. पी. विनय कुमार और कई अन्य लोग मौजूद थे। सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति में उपमुख्यमंत्री द्वारा विशेष रूप से तैयार केक काटा गया, जो एक अनूठा क्षण था। खास बात यह है कि केक को व्यक्तिगत रूप से कार्यकर्ता मंजुला और कलावती को खिलाया गया, जिन्होंने बदले में उपमुख्यमंत्री को भी केक खिलाया। केक काटने के बाद, भट्टी विक्रमार्क ने कार्यकर्ताओं के साथ सामुदायिक भोजन (सहपंक्ति भोजनम) में भाग लिया। भोजन के बाद कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को अपना आशीर्वाद दिया और हार्दिक इच्छा व्यक्त की कि वे अपनी दादी इंदिरा गांधी और पिता राजीव गांधी की तरह ही प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करें। टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने भी राहुल गांधी को शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व की प्रशंसा की। इसी तरह, दिन के समारोह में सामुदायिक सेवा गतिविधियों की एक श्रृंखला भी शामिल थी।

# सीआईआई की फार्मा एवं लाइफ साइंसेज समिति सम्मेलन आयोजित करेगी

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता )। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), तेलंगाना की फार्मा एवं लाइफ साइंसेज समिति 25 जून को हैदराबाद के द पार्क होटल में सुरक्षा के स्तंभ-फार्मा एवं रासायनिक विनिर्माण के लिए सुरक्षित भविष्य का निर्माण शीर्षक से एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। आज यहां जारी एक प्रेस नोट में सीआईआई ने कहा कि यह ऐतिहासिक सम्मेलन राज्य के जीवन विज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र को दोगुना करने और हैदराबाद को एशिया के फार्मा हब के रूप में स्थापित करने के दृष्टिकोण का समर्थन करता है। इसका उद्देश्य संवाद को बढ़ावा देना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और औद्योगिक परिचालन में सुरक्षा एवं लचीलेपन की संस्कृति को बढ़ावा देना है, जिससे सुरक्षित एवं टिकाऊ भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा।

मुख्य फोकस क्षेत्रों में ईएचएस और परिचालन सुरक्षा में सर्वोत्तम प्रथाएं; विनियामक अद्यतन और अनुपालन ढांचे; जोखिम प्रबंधन, जोखिम नियंत्रण और घटना की रोकथाम; नवाचार और सुरक्षित विनिर्माण प्रणालियों पर केस स्टडी शामिल हैं। सम्मेलन में ईएचएस और अनुपालन अधिकारी, प्लांट और साइट प्रमुख, क्यूए/क्यूसी और विनियामक मामलों के पेशेवर, आरएंडडी विशेषज्ञ, सलाहकार और नीति प्रभावित करने वाले शामिल होंगे। सीआईआई तेलंगाना फार्मा और लाइफ साइंसेज कमेटी (2025-26) पांच स्तंभों पर केंद्रित है: परिचालन उत्कृष्टता, प्रौद्योगिकी अपनाना, स्थिरता और ईएसजी, एमएसएमई और स्टार्टअप विकास, इसके तहत नीति वकालत पहल में लीन मैन्युफैक्चरिंग वर्कशॉप, टेक पायलट, ईएसजी प्रमाणन, एमएसएमई मेंटरशिप और नीति समर्थन शामिल हैं। सीआईआई तेलंगाना के अध्यक्ष आर. शिवप्रसाद रेड्डी, सीआईआई तेलंगाना फार्मा और लाइफ साइंसेज कमेटी के संयोजक चक्रवर्ती एवीपीएस ने बात की।

# तेलंगाना की सिंचाई जरूरतों की उपेक्षा कर रही है कांग्रेस सरकार : पूर्व मंत्री निरंजन रेड्डी

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री एस निरंजन रेड्डी ने तेलंगाना के सिंचाई हितों की उपेक्षा करने और अवैध बनकाचेरला परियोजना के माध्यम से गोदावरी नदी से कृष्णा नदी बेसिन में पानी मोड़ने के आंध्र प्रदेश के प्रयासों में सहयोग करने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की। गुरुवार को तेलंगाना भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए निरंजन रेड्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी राज्य के अधिकारों की रक्षा करने की बजाय राजनीतिक लाभ उठाने में अधिक रुचि रखते हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि रेवंत रेड्डी नागार्जुन सागर के तहत आंध्र प्रदेश की नहर चौड़ीकरण का कड़ा विरोध करने में क्यों विफल रहे, उन्होंने इसे आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम के प्रावधानों का सीधा उल्लंघन बताया। उन्होंने हाल ही में सर्वदलीय सांसदों की बैठक में मुख्यमंत्री की टिप्पणियों की आलोचना की, जिसमें उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की सर्वोच्च परिषद की बैठक में की गई टिप्पणियों



को तोड़-मरोड़ कर पेश किया और एक संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण किया। उन्होंने पूर्व मंत्री टी हरीश राव द्वारा बनकाचार्ला परियोजना पर चिंता जताए जाने तक सरकार की चुप्पी की निंदा की।

निरंजन रेड्डी ने कहा कि सूखा प्रभावित पलामुरु क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण पलामुरु-रंगा रेड्डी लिफ्ट सिंचाई योजना 99 प्रतिशत पूरी हो चुकी है, जिस पर 32,500 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और केवल 1%2 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए लंबित है। उन्होंने पूछा कि कांग्रेस सरकार ने डीपीआर को मंजूरी देने और पानी छोड़ने के लिए केंद्र पर दबाव क्यों नहीं डाला? उन्होंने रेवंत रेड्डी की भी आलोचना की क्योंकि वे एक साल से अधिक समय से सत्ता में होने के बावजूद सर्वोच्च परिषद की बैठक की मांग करने में विफल रहे। उन्होंने पूछा, "क्या यह राजनीति करना बंद करने और केंद्र और आंध्र प्रदेश को बानाकाचारला को रोकने और तेलंगाना के नदी जल हिस्से की सुरक्षा के लिए लिखने का समय नहीं है?

रेवंत रेड्डी की भाषा को मुख्यमंत्री पद के लिए अनुपयुक्त बताते हुए निरंजन रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस शासन में दूरदर्शिता, ईमानदारी और तेलंगाना की सिंचाई जरूरतों की समझ का अभाव है। उन्होंने कहा कि हालांकि चंद्रशेखर राव ने केंद्र और आंध्र प्रदेश सरकारों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखे, लेकिन जब तेलंगाना के हितों, विशेषकर पानी की जरूरतों की बात आई तो उन्होंने कोई समझौता नहीं किया।

# बीआईएस अधिकारियों ने तलाशी और जब्ती अभियान चलाया

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), हैदराबाद शाखा कार्यालय ने 19 जून, 2025 को एक पैकेज्ड पेयजल निर्माण इकाई में तलाशी और जब्ती अभियान चलाया, जो वैध लाइसेंस के बिना अवैध रूप से बीआईएस मानक चिह्न का उपयोग कर रही थी। बीआईएस मानक चिह्न का अनधिकृत उपयोग बीआईएस अधिनियम, 2016 की धारा 16 और धारा 1%(3) का स्पष्ट उल्लंघन है। पानी की बोतलों पर बीआईएस मानक चिह्न का दुरुपयोग एक गंभीर अपराध है। बीआईएस मानक चिह्न निर्माता के उत्पादन और परीक्षण सुविधाओं के विस्तृत मूल्यांकन के बाद ही प्रदान किया जाता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि उत्पाद भारतीय मानकों द्वारा निर्धारित सुरक्षा, गुणवत्ता और स्वास्थ्य मानकों



को पूरा करता है। बीआईएस जनता को विशेष रूप से पैकेज्ड पेयजल और खाद्य उत्पादों पर बीआईएस लाइसेंस की प्रामाणिकता को सावधानीपूर्वक सत्यापित करने की सलाह देता है। लाइसेंस विवरण बीआईएस की आधिकारिक वेबसाइट (www.manakonline.in) या बीआईएस केयर मोबाइल ऐप के माध्यम से सत्यापित किया जा सकता है। बीआईएस मानक चिह्न वाले उत्पादों को आँख मूंदकर नहीं खरीदना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप वास्तविक और प्रमाणित उत्पाद का उपयोग कर रहे हैं, हमेशा लाइसेंस की वैधता की जाँच करें।

यदि जनता पहचानती है: बीआईएस मानक चिह्न का दुरुपयोग या जालसाजी करने वाले उत्पाद, समाप्त हो चुके या रद्द किए गए बीआईएस लाइसेंस का उपयोग करने वाले विक्रेता। उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए संपर्क विवरण या "बीआईएस केयर' मोबाइल ऐप के माध्यम से ऐसे मामलों की तुरंत भारतीय मानक ब्यूरो को रिपोर्ट करें। बीआईएस उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा।


## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I, PADMAVATHI, Spouse of SUB SREERAMULU VAVILIPALLI , R/O: H.NO.1-53/B, NEAR AMBEDKAR JUNCTION, PONDURU , SRIKAKULAM, ANDHRA PRADESH – 532168, have changed my name from PADMAVATHI TO PADMAVATHI VAVILIPALLI vide Affidavit dt.29-05-2025 duly Sd. by CH SANKARARAO ADV & NOTARY

I, HAV ADIVAPPA HUBBANNAVAR, R/O: H. NO.32, ISLAMPUR, HUKKERI, BELGAUM, KARNATAKA – 591243, Have changed my Son's name from RAMAGOUDA to RAMGOUDA A HUBBANNAVAR vide affidavit dt.;19-06-2025 duly signed by P.RAVEENDRANATH, ADV & NOTARY

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।


# कालेश्वरम परियोजना से तेलंगाना की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कभी अति महत्वाकांक्षी और अव्यवहारिक कहलाने वाली कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना (केएलआईपी) तेलंगाना की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा बदलाव साबित हुई है। 21 जून, 2019 को शुरू हुई दुनिया की सबसे बड़ी बहु-चरणीय लिफ्ट सिंचाई परियोजना ने सिंचाई कवरेज का काफी विस्तार किया है, जिससे कृषि, संबद्ध क्षेत्रों और ग्रामीण रोजगार में वृद्धि को बढ़ावा मिला है।

तेलंगाना का शुद्ध सिंचित क्षेत्र, जो 2014 में 19.5 लाख एकड़ था, 2023 तक 45 लाख एकड़ को पार कर गया, जो पंप हाउस, सुरंगों और नहरों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से लगभग 850 टीएमसी पानी को ऊपर उठाने से संभव हुआ। मेदिगड्डा, अन्नाराम, सुंडिला, लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती पंपिंग स्टेशनों पर प्रमुख प्रतिष्ठानों ने उत्तरी और मध्य तेलंगाना के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पानी पहुंचाया। जयशंकर भूपलपल्ली, सिद्दीपेट, करीमनगर और राजन्ना सिरसिल्ला जैसे जिलों में बोरवेल पर निर्भरता में 60 प्रतिशत की कमी देखी गई। धान की खेती का रकबा तेजी से बढ़ा, जिससे तेलंगाना 2021 से भारतीय खाद्य निगम को चावल की आपूर्ति करने वाले शीर्ष राज्यों में से एक बन गया।

तेलंगाना राज्य योजना बोर्ड की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, केएलआईपी से आच्छादित जिलों में ग्रामीण परिवारों की आय में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भूजल स्तर में 1.5 से 2.2 मीटर तक सुधार हुआ है। करीमनगर और जगतियाल में, सुनिश्चित जल आपूर्ति के कारण आम, हल्दी और मिर्च जैसी फसलों से बागवानी की आय दोगुनी हो गई। पशुधन और डेयरी क्षेत्रों में भी समानांतर वृद्धि देखी गई। दूध उत्पादन में 38.81 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 2014-15 में 4,20% हजार टन से बढ़कर 2023-24 में 5,840 हजार टन हो गया। केएलआईपी-सक्षम व्यापक जलीय कृषि के माध्यम से गाँव के तालाबों के भर जाने से मछली उत्पादन में वृद्धि हुई। 2022-23 में तेलंगाना का अंतर्देशीय मछली उत्पादन 4,24,32% टन तक पहुंच गया, जबकि मीठे पानी के झींगे का उत्पादन 14,142 टन था। 2023-24 में अंतर्देशीय मछली उत्पादन में 3.58 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कुल 4,39,513 टन था। मीठे पानी के झींगे के उत्पादन में 16.9 प्रतिशत की अधिक वृद्धि देखी गई, जो बढ़कर 16,532 टन हो गई।

हैदराबाद, रंगारेड्डी और मेडचल-मलकजगिरी जैसे शहरी जिले आय के मामले में आगे बने हुए हैं, जबकि ग्रामीण जिलों ने इस अंतर को कम किया है। तेलंगाना की प्रति व्यक्ति आय 2012-13 में 1.01 लाख रुपये से बढ़कर 2023-24 में 3.4% लाख रुपये हो गई, जो राष्ट्रीय औसत 1.83 लाख रुपये से काफी अधिक है। सभी 33 जिलों ने राष्ट्रीय औसत से अधिक पीसीआई की सूचना दी। बेरोज़गारी में भी कमी आई है। ग्रामीण क्षेत्रों में, बेरोज़गारी दर 201%-18 में प्रति 1,000 लोगों पर 65 से घटकर 2022-23 में 28 हो गई। उत्तरी तेलंगाना से मौसमी प्रवास में 40 प्रतिशत की कमी आई है, जिसे कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में केएलआईपी द्वारा संचालित रोज़गार से मदद मिली है। राजनीतिक आलोचना के बावजूद, केएलआईपी ग्रामीण परिवर्तन की आधारशिला बनी हुई है, जो न केवल सिंचाई बल्कि तेलंगाना में आजीविका, सम्मान और आर्थिक स्थिरता को भी सक्षम बनाती है।

## सलमान खान की गलवान घाटी पर आधारित फिल्म को मिल गई हीरोइन, पहले इस फिल्म में दिखा चुकी हैं जलवे

हाल ही में सलमान खान 'सिकंदर' फिल्म में नजर आए। फिल्म को दर्शकों की तरफ से अच्छा रिस्पांस नहीं मिला। इसके बाद सलमान खान अब अपनी नई फिल्म के लिए तैयारी कर रहे हैं। निर्माताओं ने जानकारी दी है कि फिल्म में सलमान खान के विपरीत कौन सी एक्ट्रेस रहेगी। फिल्म में देशभक्ति के अलावा भरपूर एक्शन है। यह फिल्म साल 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुए संघर्ष पर आधारित है।

**फिल्म के लिए यह होंगी एक्ट्रेस**

एक खबर के मुताबिक फिल्म में सलमान खान के विपरीत चित्रांगदा सिंह को लिया गया है। यह पहली बार है, जब दोनों बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे। चित्रांगदा सिंह को 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' के लिए जाना जाता है। इसके बाद वह 'देसी ब्यॉज' और 'गब्बर इज बैक' के गाने 'आओ राजा' में नजर आईं थीं।



**सलमान निभाएंगे कर्नल बी का किरदार**

सलमान खान की अपकमिंग फिल्म का टाइटल अभी सामने नहीं आया है। यह फिल्म शिव अरूर और राहुल सिंह के उपन्यास 'इंडियाज मोस्ट फियरलेस 3' पर आधारित है। फिल्म में कथित तौर पर सलमान खान कर्नल बी का किरदार निभाएंगे।

**कौन हैं कर्नल बी?**

यह वही अफसर हैं जिन्होंने गलवान संघर्ष के दौरान भारतीय सैनिकों का नेतृत्व किया था। उनका नाम संतोष बाबू है और वह 16 बिहार रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर थे।

**मिलिट्री ट्रेनिंग ले रहे सलमान खान**

फिल्म की फोटोग्राफी जुलाई 2025 से शुरू होगी। बताया ये भी जाता है कि फिल्म अक्टूबर तक पूरी कर ली जाएगी। सलमान खान इन दिनों अपनी बॉडी पर काम कर रहे हैं। वह फिल्म में रोल को निभाने के लिए मिलिट्री ट्रेनिंग ले रहे हैं।

## बोमन ईरानी ने युवाओं को दी सलाह, कहा- अभिनेता बनने की चाहत रखने वाले पहले कर लें ये काम



अभिनेता बोमन ईरानी ने 44 साल की उम्र में बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने 65 साल की उम्र में अपनी पहली फिल्म 'मेहता बॉयज' का निर्देशन किया। बॉलीवुड में देर से शुरूआत करने के लिए जाने जाने वाले अभिनेता बोमन ईरानी ने इस बात से इंकार किया कि बॉलीवुड जल्दी या देर में कामयाबी मौकों पर निर्भर है।

**हुनर पर निर्भर है कामयाबी**

बोमन ईरानी ने कहा कि बॉलीवुड में देर से या जल्दी कामयाबी मिलना अभिनेताओं पर निर्भर है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अभिनेताओं का काम और उनका हुनर यह तय करता है कि वह फिल्म इंडस्ट्री में जल्दी या देर में कामयाब होंगे।

**सपने के साथ हुनर लेकर आएं**

बोमन ईरानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि किसी को देर से मिली सफलता के लिए बॉलीवुड जिम्मेदार है। बॉलीवुड या भारतीय सिनेमा जल्दी कामयाबी मिलने या देर में कामयाबी मिलने के लिए जिम्मेदार नहीं है। हर इंसान अपनी कामयाबी या नाकामी के लिए खुद जिम्मेदार है। आप अपना भविष्य खुद बनाते हैं। मैं उन लोगों से कहना चाहता हूं जो लोग सपने लेकर आते हैं, कि जरूर सपने लेकर आएं लेकिन उसके साथ हुनर भी लेकर आएं।'

**अपना भविष्य खुद बनाएं**

अभिनेता ने यूवाओं से कहा 'आप यह मत कहिए कि मैं अभिनेता बनना चाहता हूं। मैंने बहुत कोशिश की। मैंने यहां और वहां ऑडिशन दिए। आपको यह करना पड़ेगा। सवाल ये है कि आप ऑडिशन के लिए क्या लेकर आए हैं? आपने कौन सी ट्रेनिंग की है? क्या आप ड्रामा स्कूल गए, अगर नहीं गए तो क्या आपने खुद से ट्रेनिंग की? आपने कौन सी फिल्में देखीं? आपने कौन सी एक्टिंग की किताबें पढ़ीं? आपने कौन सी वीडियो देखी? आपने कितना रिहर्सल किया? अगर आपने रिहर्सल नहीं किया और आप कहते हो कि आप खूबसूरत हो, तो मैं आपको एक चीज बताता हूं। वह यह है कि आपका हमेशा दिल टूटेगा। इसलिए मैं कहता हूं कि आप अपना भविष्य खुद बनाएं। ये उम्मीद मत करें कि बॉलीवुड आपको कुछ देगा।'

**अलग-अलग किरदार के लिए जाने जाते हैं ईरानी**

बोमन ईरानी सिर्फ अपनी कॉमेडी के लिए ही नहीं, बल्कि वह कई दूसरे तरह के किरदार को निभाने के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने '3 इडियट्स' में कॉलेज डायरेक्टर वायरस का किरदार निभाया। इसके अलावा उन्होंने 'खोसला का घोसला' में एक होशियार कारोबारी का किरदार निभाया।

'मुन्ना भाई एमबीबीएस' के अभिनेता ने अपनी जिंदगी के अनुभव से नौजवानों को बताया कि अगर आप किसी भी फील्ड में कामयाब होना चाहते हैं तो अपने हुनर पर काम करें।

**बोमन ईरानी का काम**

आपको बता दें कि बोमन ईरानी जल्द ही 'डिटेक्टिव शेरदिल' में नजर आने वाले हैं। वह जल्द ही अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' में नजर आने वाले हैं।

## डेब्यू सॉन्ग के लॉन्च इवेंट से महाकुंभ गर्ल मोनालिसा का वीडियो वायरल, यूजर्स बोले- कहां गई मासूमियत?



साल 2025 में प्रयागराज में आयोजित हुए महाकुंभ के दौरान एक लड़की वायरल हुई थी मोनालिसा। आज 14 जून के दिन मोनालिसा ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रख दिया है और उनका पहला म्यूजिक वीडियो 'सादगी' रिलीज हुआ है, जिसे यूजर्स द्वारा खूब पंसद किया जा रहा है। अब सोशल मीडिया पर सॉन्ग लॉन्च इवेंट के दौरान का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिस पर नेटिजंस की तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। आइए जानते हैं...

**क्या है वायरल वीडियो?**

सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें मोनालिसा अपने पहले म्यूजिक वीडियो 'सादगी' के लॉन्च इवेंट के दौरान दिख रही हैं। इसमें मोनालिसा ने मल्टी कलर का ड्रेस का पहन रखा है और साथ में पिंक कलर का दुपट्टा भी लिए हुए नजर आ रही हैं। इसमें उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है।

**नेटिजंस दे रहे प्रतिक्रियाएं**

इस वीडियो के वायरल होते ही नेटिजंस तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि कौन लोग मोनालिसा को सुंदर बोल रहे थे। दूसरे यूजर ने खुश होते हुए कहा कि चलो किसी की किस्मत तो बदली। वहीं एक यूजर ने मजाक करते हुए बोला कि पैसों की चमक ही ऐसी होती है, अपने आप निखार आ जाता है। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा कि प्यारी लग रही हैं मोनालिसा। ऐसे कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं जो उनकी तारीफ भी कर रहे हैं और आलोचना भी।

**अब फिल्म में करेंगी डेब्यू**

उत्कर्ष सिंह के साथ मोनालिसा का रिलीज हुआ पहला गाना 'सादगी', इस समय पर इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इस गाने में मोनालिसा ट्रेडिशिनल लुक में दिखीं हैं और उनकी आंखें लोगों का दिल चुराती नजर आ रही हैं। इस समय मोनालिसा निर्देशक सनोज मिश्रा के साथ एक फिल्म में भी काम कर रही हैं। कहा जा रहा है कि वह 'द डायरी ऑफ मणिपुर' से फिल्मों में डेब्यू करेंगी।

## विक्की जैन ने गौहर की प्रेग्नेंसी को लेकर कही ये बात हैरान हुईं एक्ट्रेस, बोलीं- चार महीने बाद कहा क्या हुआ

विक्की जैन 'पवित्र रिश्ता' फेम एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के पति और एक अभिनेता भी हैं। अभिनेता टीवी के चर्चित शो 'फौजी 2' से एक्टिंग में डेब्यू कर रहे हैं। हाल ही में शो को लेकर एक इवेंट हुआ, जिसमें कई सेलिब्रिटी मौजूद रहे, जिनमें मनोज बाजपेयी, गौहर खान, अंकिता लोखंडे, जैद दरबार और मीरा चोपड़ा भी शामिल थे। इसी इवेंट के दौरान एक्टर विक्की जैन ने गौहर खान की प्रेग्नेंसी को लेकर बात की है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा।



**क्या बोले विक्की जैन?**

टीवी सीरियल 'फौजी 2' के एक कार्यक्रम के दौरान विक्की जैन ने मजाक करते हुए कहा कि यह उनकी जिंदगी का पहला शो है और मेरी पहली हीरोइन (गौहर खान), वो भी प्रेग्नेंट। यह कहते हुए उन्होंने कहा कि सोचो उनके साथ क्या हुआ होगा। अभिनेता के इस रिएक्शन पर एक्ट्रेस गौहर खान ने कहा कि चार महीने बाद प्रेग्नेंट हुई थीं। इस पर विक्की जैन कहते हैं कि तो क्या हुआ। उनकी बातें सुनकर इवेंट में मौजूद सभी लोग हंस पड़ते हैं।

**विक्की जैन के बारे में**

विक्की जैन पहली बार बिग बॉस 17 में नजर आए थे, जिसमें अंकिता लोखंडे ने भी हिस्सा लिया था। इस शो से उन्हें अच्छी-खासी पहचान मिली। इसके बाद वह लॉफ्टर शेफ में दिखे। अब वह टीवी सीरियल 'फौजी 2' में नजर आने वाले हैं और अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने को तैयार हैं।

**फौजी 2 के बारे में**

'फौजी 2' से बिजनेसमैन और रियलिटी शो स्टार विक्की जैन टेलीविजन डेब्यू कर रहे हैं। इस शो में अभिनेता कर्नल संजय सिंह की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं इस शो में अभिनेत्री गौहर खान ने लेफ्टिनेंट कर्नल सिमरजीत कौर की भूमिका निभाई है। इसके अलावा बात करें, तो 'फौजी 2' संदीप सिंह द्वारा निर्मित है। इसका कहानी विशाल चतुर्वेदी ने लिखी है, पटकथा अमरनाथ झा ने लिखी है, संवाद अनिल चौधरी और चैतन्य तुलस्यान ने लिखे हैं।

## क्या रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' का हिस्सा होंगे शाहरुख खान?

नेल्सन दिलीप कुमार के डायरेक्शन में बन रही फिल्म 'जेलर 2' को लेकर नया अपडेट सामने आया है। शाहरुख खान इस फिल्म में नजर आ सकते हैं, ऐसी खबरें सुनने को मिल रही थी। अब इस खबर को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है।

**क्या कैमियो करेंगे शाहरुख खान**

बॉक्स ऑफिस साउथ इंडिया के एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक रिपोर्ट साझा की गई। जिसके अनुसार शाहरुख खान फिल्म 'जेलर 2' का हिस्सा नहीं हैं। वह इस फिल्म में कैमियो रोल नहीं कर रहे हैं।। शाहरुख के फिल्म में होने की पुष्टि मेकर्स द्वारा भी अब तक नहीं की गई है। बस सोशल मीडिया पर यह खबर सुनने को मिल रही थी।



**पुष्पा 2 से जुड़ा एक्टर भी आएगा नजर**

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'जेलर 2' की शूटिंग अभी केरल में चल रही है, जिसमें रजनीकांत जी तोड़ से मेहनत कर रहे हैं। खबर है कि मलयालम स्टार फहाद फासिल भी इस फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होनी अभी बाकी है।

**क्या है फिल्म की कहानी**

फिल्म 'जेलर 2' रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' का सीक्वल है। पहली फिल्म ने लगभग 600 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई बॉक्स ऑफिस पर की थी।

फिल्म 'जेलर' में रजनीकांत ने एक रिटायर जेल गार्ड का रोल किया था। वह अपने बेटे के गायब हो जाने के बाद बुरे लोगों से बदला लेते हैं। 74 साल के हो चुके रजनीकांत इस फिल्म में एक्शन करते हुए भी नजर आएंगे। बड़े पर्दे पर उनका यही स्टाइल दर्शकों को पसंद आता है।

## आमिर खान की 'सितारे जमीन पर' के साथ बेटे जुनैद खान की आगामी फिल्म की दिखेगी झलक?



बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब जानकारी सामने आ रही है कि अभिनेता के बेटे जुनैद खान की अपकमिंग फिल्म का टीजर भी इसी फिल्म के दौरान दिखाया जाएगा, जिससे इसकी पहुंच ज्यादातर दर्शकों तक हो सके।

**जुनैद की फिल्म को लेकर क्या है अपडेट?**

रिपोर्ट के अनुसार ये जानकारी सामने आई है कि आमिर खान के बेटे जुनैद खान की आगामी फिल्म का टीजर 'सितारे जमीन पर' के साथ जोड़ा जाएगा। रिपोर्ट के सूत्र ने बताया, 'आमिर खान प्रोडक्शंस की अगली फिल्म का टीजर, जिसमें आमिर के बेटे जुनैद और साउथ स्टार साई पल्लवी मुख्य भूमिका में हैं, उसे 'सितारे जमीन पर' के साथ जोड़ा जाएगा।

जुनैद की फिल्म रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। आमिर और उनकी टीम को लगा कि 'सितारे जमीन पर' के जरिए दुनिया को इसके बारे में बताने का सही तरीका होगा। 'सितारे जमीन पर' को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है और इसलिए, सिनेमा प्रेमियों का एक बड़ा वर्ग जुनैद और साई की फिल्म से परिचित हो जाएगा।'

**जुनैद खान की फिल्म के बारे में**

जुनैद खान इस बार एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म में नजर आने वाले हैं, जिसमें उनके साथ मुख्य भूमिका में साई पल्लवी नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है, जिसे आमिर खान प्रोडक्शन के तहत तैयार किया जा रहा है, जिसका संभावित नाम है 'एक दिन'। बताया जा रहा है कि यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म साल 2011 की कोरियाई फिल्म 'वन डे' से प्रेरित है, हालांकि इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**सितारे जमीन पर के बारे में**

आमिर खान की ये फिल्म सितारे जमीन पर 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म निर्माताओं के अनुसार उम्मीद की जा रही है कि आमिर एक बार फिर दर्शकों के दिलों को छूने में कामयाब होंगे। अब यह देखना दिलचस्प होगा।

## स्कूली दिनों में यह एक्टर था जीनत अमान का क्रश उसी के साथ दिया पहला ऑनस्क्रीन किस सीन



अपने दौर की दिग्गज अदाकारा जीनत अमान सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव हैं। इस प्लेटफॉर्म पर वे थ्रोबैक फोटोज और वीडियो शेयर कर पुराने किस्से साझा करती हैं। आज गुरुवार को भी उन्होंने फिल्म 'सत्यम शिवम सुंदरम' की एक क्लिप शेयर की है। इसके साथ उन्होंने अपने स्कूली दिनों के क्रश का जिक्र किया है। जानते हैं कौन है?

**इस एक्टर के साथ दिया पहला ऑनस्क्रीन किसिंग सीन**

जीनत अमान को स्कूल के दिनों में किसी और पर नहीं, बल्कि अभिनेता शशि कपूर पर क्रश रहा। आज गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किए गए एक पोस्ट में जीनत ने यह खुलासा किया है। यह भी गजब संयोग रहा कि अपने इसी क्रश के साथ जीनत अमान ने पहला ऑनस्क्रीन किस दिया। बता दें कि फिल्म 'सत्यम शिवम सुंदरम' में जीनत अमान और शशि कपूर के बीच किसिंग सीन फिल्माया गया इसकी क्लिप जीनत ने शेयर की है।

**कैसे हुई शशि कपूर से पहली मुलाकात**

जीनत अमान ने शशि कपूर के साथ अपनी पहली मुलाकात का भी जिक्र किया है। उन्होंने लिखा, 'अपनी चमकती आंखों और आकर्षक खूबियों के साथ, शशि कपूर हर भारतीय स्कूली गर्ल की फैंटेसी में शामिल थे! मैं भी इनमें शामिल हूं। जब मैंने उन्हें पहली बार देखा, तब मैं बोर्डिंग स्कूल में थी। वे शेक्सपियरना थिएटर कंपनी के सदस्यों (जिसमें उनकी भावी पत्नी जेनिफर भी शामिल थीं) के साथ शेक्सपियर का प्रदर्शन करने के लिए पंचगनी आए थे! अपनी परफॉर्मेंस से उन्होंने लड़कियों को दीवाना बना लिया था'

**एक झलक का रहता था इंतजार**

जीनत आगे लिखती हैं, 'मेरी किस्मत अच्छी थी। शशि साउथ बॉम्बे में रहते थे और मेरे घर से कुछ ही दूरी पर उनका घर था। अब पड़ोसी तो बातें किया ही करते हैं। जल्द ही यह बात फैल गई कि शशि कपूर की शाम को ठीक 6 बजे घूमने की आदत है। मैं और मेरी सहेलियां पूरी सर्दियों की छुट्टियां अपने माता-पिता को यह समझाने में बिता देते थे कि हमें ताजी हवा की जरूरत है। हमारी सेहत के लिए शाम की सैर जरूरी है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस दौरान हम बस यही उम्मीद कर रहे होते कि बस कैसे भी फिल्म स्टार की एक झलक मिल जाए'!

**दो वजहों से शेयर किया फिल्म का क्लिप**

अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'आखिरकार करियर के एक मोड़ पर मेरी और शशि कपूर की राहें एक-दूसरे से टकराईं तो मैंने खुद को खुशमिजाज, बुद्धिमान और आकर्षक व्यक्ति के साथ पाया। वे खूब हंसाया करते और खूब बातें करते। हमने 'रोटी, कपड़ा और मकान', 'चोरी मेरा काम' और 'वकील बाबू' जैसी कई यादगार फिल्मों में साथ काम किया'। जीनत ने आगे कहा, 'मैंने आज 'सत्यम शिवम सुंदरम' का यह क्लिप दो वजहों से शेयर किया है। सबसे पहले, यह मेरे करियर का एक बड़ा पल था। यह मेरा पहला ऑन स्क्रीन किस था। उस समय इसने खूब तहलका मचाया। इसे शूट करते समय मुझे वाकई एक पल भी असहजता महसूस नहीं हुई'।

**लिखा- 'वे शानदार इंसान थे'**

जीनत ने आगे लिखा, 'क्लिप शेयर करने की दूसरी वजह यह है कि स्कूल गर्ल जीनत इस पोस्ट की हिम्मत और इस अहसास से रोमांचित होगी कि एक स्कूल गर्ल का क्रश वास्तविक हो सकता है, भले ही सिर्फ सेल्युलाइड के लिए ही क्यों न हो! शशि कपूर के बारे में जीनत ने आगे लिखा है, 'वे एक गर्मजोशी से भरे और शानदार इंसान थे। पृथ्वी थिएटर के रूप में उनकी विरासत को अपने पड़ोस में फलते-फूलते देखना सचमुच खास है'।

## क्या जैस्मिन भसीन ने वाकई कराई है लिप सर्जरी? नेटिजन्स के दावों पर आया अभिनेत्री का रिएक्शन



अभिनेत्री जैस्मिन भसीन इस महीने अपना जन्मदिन मनाएंगी। अपने स्पेशल दिन का वे बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। कल बुधवार को उन्होंने एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया और लिखा, 'अभी दस दिन का इंतजार बाकी है'। अभिनेत्री के लुक पर नेटिजन्स ने गौर किया और दावा करने लगे कि उन्होंने लिप सर्जरी कराई है। इस पर जैस्मिन ने प्रतिक्रिया दी है।

**नेटिजन्स ने किया जैस्मिन को ट्रोल**

जैस्मिन भसीन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो शेयर किया है। इसमें बैकग्राउंड में गाना चल रहा है, 'इंतहा हो गई इंतजार की'। आगे लिखा है, 'मूड! क्योंकि मेरे जन्मदिन में अभी दस दिन बाकी हैं।' बता दें कि जैस्मिन का बर्थडे 28 जून को है। अभिनेत्री के पोस्ट पर नेटिजन्स के मजेदार रिएक्शन आ रहे हैं। इसी के साथ कुछ लोग ट्रोल कर रहे हैं कि उन्होंने अपर लिप इंजेक्शन लिए हैं।


**जैस्मिन बोलीं- 'इंजेक्शन नहीं...'**

लिप सर्जरी के आरोप लगाकर ट्रोल करने वालों को जैस्मिन ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। अभिनेत्री ने लिखा है, 'इंजेक्शन नहीं, फिल्टर'। इसके साथ लाफिंग इमोजी बनाया है। जैस्मिन के इस पोस्ट पर यूजर्स अली गोनी को भी टैग कर रहे हैं। बता दें कि अली और जैस्मिन एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हाल ही में दोनों ने नया घर लिया है। दोनों ने लिव-इन में रहने का फैसला किया है।

**नेटिजन्स ने पूछा- 'शादी कब कर रहे हो?'**

जैस्मिन के पोस्ट पर नेटिजन्स अली और उन्हें टैग कर पूछ रहे हैं, 'शादी कब कर रहे हो दोनों? हमें आपकी शादी का बहुत इंतजार है'। एक यूजर ने लिखा है, 'हमें इसी तरह की और वीडियोज चाहिए'। एक यूजर ने लिखा, 'आपकी बर्थडे रील देखने का इंतजार है'।

# श्रीराम की सीख- अपनी परेशानियां दूसरों को न दें



रामायण में श्रीराम, लक्ष्मण और सीता अयोध्या से वनवास के लिए निकल गए थे। वनवास के दिनों में ये तीनों जंगल-जंगल भटक रहे थे। वनवास में इनका मिलना अलग-अलग ऋषि-मुनियों से भी हो रहा था और कभी-कभी राक्षसों से भी श्रीराम का सामना हो रहा था। राम जी राक्षसों का तो वध कर देते थे और ऋषि-मुनियों के साथ उनके आश्रम में रहते थे।

वनवास के समय में एक बार बहुत सारे ऋषि-मुनि श्रीराम के साथ उनकी यात्रा में शामिल हो गए। सभी ऋषि-मुनि भी उनके साथ चल रहे थे और रास्ते में श्रीराम की नजर एक विचित्र पहाड़ पर पड़ी। श्रीराम ने ऋषि-मुनियों से पूछा कि ये कैसा पहाड़ है।

ऋषि-मुनियों ने श्रीराम को बताया कि ये हड्डियों का ढेर है। ये हड्डियां ऋषि-मुनियों की हैं, रावण के राक्षस आए दिन यहां आ जाते हैं और यहां के आश्रम उजाड़ देते हैं। मुनियों को मारकर खा जाते हैं। ये उन्हीं की हड्डियों का ढेर है।

श्रीराम ने ये दृश्य देखा तो विचार किया कि राक्षसों ने इतना अत्याचार किया है। तब उन्होंने सभी ऋषि-मुनियों से कहा कि मैं आप सबको आश्वस्त करता हूं कि मैं सभी राक्षसों का अंत कर दूंगा। इसके बाद वे कई ऋषि-मुनियों के आश्रम में गए और सभी को सुख देते थे, लेकिन श्रीराम ने कहीं भी अपनी परेशानियों के विषय में बात नहीं की।

श्रीराम के जीवन में कई परेशानियां आईं। उनका राजतिलक होना था, लेकिन उन्हें वनवास के लिए आना पड़ गया। पत्नी सीता का रावण ने हरण कर लिया था, लेकिन इसके बाद भी वे दूसरों का दुख दूर करने की कोशिश करते रहे। विपरीत परिस्थितियों में भी दूसरों को सुख देना, श्रीराम का स्वभाव था।

**श्रीराम से सीखें दूसरों को सुख देना परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, दूसरों को दुख न दें**

श्रीराम का जीवन स्वयं संघर्षों से भरा था, अयोध्या छोड़कर उन्हें वनवास आना पड़ा, पत्नी सीता का हरण हुआ, लेकिन फिर भी वे जहां भी गए, जिन लोगों से भी मिले, सभी को सुरक्षा और सुख देने का प्रयास किया।

**समस्याओं से घबराए नहीं, दूसरों के लिए समाधान बनें**

श्रीराम ने जब देखा कि राक्षसों के आतंक से ऋषि-मुनियों को कितनी परेशानी हो रही है तो उन्होंने राक्षसों का अंत करने का संकल्प ले लिया। श्रीराम राक्षसों से डरे नहीं, बल्कि समस्या का समाधान बनकर खड़े हुए।

**अपनी परेशानी दूसरों को न दें**

श्रीराम स्वयं परेशान थे, लेकिन उन्होंने कभी भी अपने आचरण से किसी को दुखी नहीं होने दिया। श्रीराम ने अपनी परेशानी दूसरों को नहीं बताई, बल्कि दूसरों के दुख दूर करने का भरोसा दिया।

# मंगलदोष से हैं परेशान या शादी में आ रही है रुकावट?

## *तो मंगलागौरी मंदिर का करें दर्शन*

अगर आप मंगल दोष से परेशान हैं और समाधान नहीं मिल रहा है, तो यूपी के मिर्जापुर जिले में स्थित मंगलागौरी मंदिर का दर्शन करें। यहां केवल दर्शन मात्र से ही मंगल दोष की समस्या खत्म हो जाती है। देशभर से भक्त इस मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। विंध्यधाम, अध्यात्म और आस्था का बड़ा केंद्र है। धाम की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी के अलावा कई ऐसे मंदिर मौजूद हैं, जो ऐतिहासिक और प्राचीन हैं। प्राचीन मंदिरों में से एक मंगलागौरी मंदिर भी है, जो मंगल दोष के निवारण के लिए देशभर में जाना जाता है।

मां मंगलागौरी का मंदिर स्थित है। मंगलागौरी की मूर्ति रहस्यमयी है। यह मंदिर कब से है और इसका क्या इतिहास है, इसके बारे में कोई निश्चित रूप से नहीं बता सकता। मां का आभामंडल देखकर भक्त भाव विभोर हो जाते हैं। उनके दिव्य स्वरूप से ऊर्जा मिलती है। ऐसी मान्यता है कि जो भी मंगल दोष से परेशान है, वह इस मंदिर में दर्शन करें। इससे दोष खत्म होते हैं और समस्याओं का निवारण होता है।

**ऐसे बनता है मंगल दोष**




पं. अनुपम महाराज ने बताया कि जिनकी कुंडली में एक, चार, सात और बारहवें घर में मंगल बैठा रहता है, उन भावों में स्थित मंगल उच्च स्तर का मंगली दोष बनाता है। मंगल दोष की वजह से वैवाहिक जीवन में कष्ट होता है, मतभेद होते हैं और किसी का दो से तीन बार विवाह भी हो सकता है। मां के धाम में दर्शन के साथ, जो भी मंगल दोष से परेशान हैं, वे मां के धाम में सिंदूर चढ़ाकर शादी के वक्त उसी सिंदूर से सिंदूरदान करें। इससे पति दीर्घायु होते हैं और शादी के बाद दांपत्य जीवन सुखमय रहता है।

**यह है मां को प्रिय**

पं। अनुपम महाराज ने बताया कि मंगलागौरी को सबसे प्रिय कमल का पुष्प है। अगर आप दर्शन के लिए आ रहे हैं तो मां को कमल का पुष्प जरूर अर्पित करें। इसके साथ ही मंगलागौरी मंदिर पर कुंभ विवाह और घट विवाह की विशेष मान्यता है। जो भी भक्त ऐसा करता है, उसके जीवन में सुख, समृद्धि और शांति बनी रहती है। मंगल का प्रभाव कम होता है और जीवन में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता।

# सिर्फ 4 ही नहीं, 16 दिशाएं बदल सकती हैं आपकी किस्मत !

जब भी हम घर, ऑफिस या किसी दुकान की बात करते हैं, तो सबसे पहले ध्यान जाता है दिशा पर। दिशा का मतलब सिर्फ पूर्व-पश्चिम नहीं है, बल्कि इससे भी ज़्यादा कुछ है। वास्तु शास्त्र में एक खास चक्र होता है जिसे 'वास्तु चक्र' कहा जाता है। इस चक्र में कुल 16 दिशाएं होती हैं और हर दिशा का एक खास असर होता है।

अब आप सोचेंगे कि 4 या 8 दिशाएं तो सुनी हैं, लेकिन 16? जी हां, वास्तु चक्र में मुख्य 8 दिशाओं के बीच की उप-दिशाएं भी शामिल होती हैं, जैसे नॉर्थ नॉर्थ ईस्ट, साउथ साउथ वेस्ट वगैरह। हर दिशा सिर्फ एक कोना नहीं बताती, बल्कि आपके जीवन का एक पहलू तय करती है।

**नॉर्थ (उत्तर): नए क्लाइंट और ऑर्डर**

उत्तर दिशा को व्यापार और नौकरी के लिए बहुत अहम माना गया है। अगर आपके घर या ऑफिस में यह दिशा साफ-सुथरी और खुली है, तो नए मौके और क्लाइंट आपके पास खुद चलकर आते हैं।

**ईस्ट (पूर्व): समाज और पहचान**

पूर्व दिशा आपके सामाजिक जीवन, मार्केटिंग और ब्रांडिंग से जुड़ी होती है। इस दिशा का ताल्लुक आपके नाम और पहचान से है। अगर आप चाहते हैं कि लोग आपको जानें और आपके काम की तारीफ हो, तो इस दिशा पर ध्यान देना जरूरी है।

**वेस्ट (पश्चिम): मुनाफा और संतोष**

पश्चिम दिशा को वास्तु में गेम्स और फुलफिलमेंट की दिशा कहा गया है। यानी जो आपने चाहा, वो मिला या नहीं? यह दिशा आपके काम से मिलने वाले फायदे और संतोष को दर्शाती है। अगर यह दिशा वास्तु के हिसाब से सही है, तो आपकी मेहनत का फल ज़रूर मिलेगा।

हर दिशा के साथ एक ऊर्जा जुड़ी होती है, जिसे समझकर हम अपने जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। अगर किसी दिशा में रुकावट है, तो वहां छोटा सा वास्तु उपाय भी बड़ा असर दिखा सकता है।

# जयपुर में देवी मां का एक ऐसा मंदिर जहां होती है माता के घुटने की पूजा



आमतौर पर सभी मंदिरों में भगवान की मूर्ति रूप में पूजा की जाती है, लेकिन जयपुर जिले के अंदर देवी मां का एक ऐसा मंदिर है, जहां देवी मां की उनके घुटने की पूजा होती है। यह मंदिर अपनी मान्यताओं और चमत्कारों के लिए प्रसिद्ध है। यह अनोखा मंदिर जयपुर जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर जोबनेर कस्बे में मौजूद है।

यहां माता सती की ज्वाला माता के रूप में पूजा अर्चना की जाती है, यह मंदिर जोबनेर पहाड़ी पर मौजूद है। दूरदराज से भक्त इस मंदिर में आकर अपनी मनोकामना मांगते हैं। मंदिर पुजारी के अनुसार, इस मंदिर में कोई मूर्ति स्थापित नहीं की गई है, बल्कि पौराणिक काल में पहाड़ी पर गुफा में देवी की प्रतिमा का घुटना वाला भाग प्रकट हुआ था। तब से यहां माता के घुटने की पूजा होती है। खंगारोत राजपूत माता को अपनी कुलदेवी के रूप में पूजते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ज्वाला माता से जुड़ी एक किंवदंती भी है। बताया जाता है कि जब भगवान शिव ने माता सती के शव को कंधे पर उठाकर तांडव नृत्य किया था, तब माता के पार्थिव शव के टुकड़े छिन्न-भिन्न होकर पृथ्वी पर गिरे। तब माता सती के पार्थिव शरीर के घुटने वाला भाग जोबनेर में गिरा था। इसलिए यहां पर माता घुटने वाले भाग की पूजा होती है।



ज्वाला माता मंदिर पुजारी कैलाश पाराशर और निर्मल पाराशर ने बताया कि माता के घुटने को सवा मीटर की चुनरी व 5 मीटर कपड़े से बने लहंगे की पोशाक धारण करवाई जाती है और 16 श्रृंगार भी किए जाते हैं। इसके अलावा मंदिर के गर्भगृह में अखंड ज्योत जाती है, जो मंदिर स्थापना से लेकर अब तक जल रही है।

इसके अलावा उन्होंने बताया कि ज्वाला माता की आरती के समय सभी पात्र चांदी के काम में लिए जाते है। माता को गहनों में टेवटा, हार, छत्र व मुकुट पहनाया जाता है। नवरात्रि के समय ज्वाला माता के इस मंदिर में 9 दिन तक विशेष आयोजन होते है। इस समय इस मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है।

मानसून के समय इस मंदिर की खूबसूरती और भी अधिक बढ़ जाती है। पहाड़ी की चोटी पर मौजूद ज्वाला माता का यह मंदिर इस समय बहुत सुंदर दिखाई देता है।

इस मंदिर में आरती के समय एक जोत जलती है, जो दूर तक दिखाई देती है। बरसात के समय बहुत से लोग माता के दर्शन करने के बाद यहां स्थित पहाड़ों पर घूमने का आनंद लेते हैं।

माता के मंदिर में रोजाना विशेष रूप से चूरमे का भोग लगाया जाता है। माता के इस मंदिर में मन्नत का नारियल भी भेंट किया जाता है। भक्तों की मान्यता है कि माता को मन्नत का नारियल भेंट करने के बाद भक्तों की मनोकामना पूरी हो जाती है।

# पूर्वजन्म में कौन थीं द्रौपदी, अपनी किस अधूरी इच्छा से बनीं 5 पुरुषों की पत्नी

महाभारत की सबसे खास और चर्चा में रहने वाली महिला पात्रों में द्रौपदी का नाम सबसे ऊपर आता है। द्रौपदी का जीवन जितना गौरवशाली था, उतना ही संघर्षों से भरा भी था। उन्हें पांच पतियों की पत्नी होने के कारण कई बार समाज की कड़वी बातें सुननी पड़ीं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि द्रौपदी को पांच पतियों की पत्नी बनने का कारण क्या था? क्या यह केवल एक गलती थी या फिर इसके पीछे कोई गहरा कारण छिपा था? दरअसल, इसका जवाब द्रौपदी के पूर्वजन्म में छिपा है। महाभारत के आदिपर्व में इसका उल्लेख मिलता है, जहां बताया गया है कि कैसे एक गरीब ब्राह्मणी की अधूरी इच्छाएं अगले जन्म में उसे द्रौपदी के रूप में जन्म लेने और पांच पतियों की पत्नी बनने की ओर ले गईं।

**द्रौपदी का पूर्वजन्म और अधूरी इच्छाएं**

महाभारत की कथा के अनुसार, द्रौपदी पिछले जन्म में एक गरीब ब्राह्मणी थीं। उनका जीवन बहुत कष्टों से भरा हुआ था। उनके पति हमेशा बीमार रहते थे और एक दिन उनकी मृत्यु हो गई। पति की मृत्यु के बाद उन्हें अकेले जीवन जीना पड़ा और समाज से अपमान और उपेक्षा मिली। रोजी-रोटी की समस्या, अकेलापन और सामाजिक तिरस्कार ने उन्हें अंदर से तोड़ दिया था। इस जीवन से परेशान होकर उन्होंने सोचा कि अगले जन्म में उन्हें ऐसा जीवन न मिले। वह चाहती थीं कि उनका पति न सिर्फ स्वस्थ हो, बल्कि उसमें वीरता, ज्ञान, सहनशीलता, धर्म और सौंदर्य जैसी सभी खूबियां हों। इन्हीं अधूरी इच्छाओं को लेकर उन्होंने भगवान शिव की तपस्या शुरू कर दी।

**भगवान शिव से मिला वरदान**

ब्राह्मणी ने कठोर तप किया और भगवान शिव को प्रसन्न किया। जब भगवान प्रकट हुए तो उन्होंने ब्राह्मणी से वर मांगने को कहा। ब्राह्मणी ने अपने पति में पांच अलग-अलग विशेषताएं मांगी- एक ऐसा पति जो सबसे शक्तिशाली हो, एक जो सबसे बुद्धिमान हो, एक जो सबसे सुंदर हो, एक जो सबसे धर्मनिष्ठ हो और एक जो सबसे सहनशील हो। भगवान शिव ने मुस्कराकर कहा कि ये सभी गुण एक ही व्यक्ति में नहीं हो सकते। लेकिन क्योंकि तुमने इन विशेषताओं को पांच बार मांगा है, इसलिए अगले जन्म में तुम्हें पांच अलग-अलग पतियों के रूप में यह गुण प्राप्त होंगे। ब्राह्मणी ने सहमति तो दी, लेकिन वह जान नहीं पाईं कि इसका अगला जन्म में क्या रूप होगा।

**राजा द्रुपद की पुत्री के रूप में जन्म**

अगले जन्म में वही ब्राह्मणी, राजा द्रुपद के यज्ञ से उत्पन्न होकर द्रौपदी बनीं। वह अत्यंत सुंदर, बुद्धिमान और आत्मसम्मान से भरी हुई थी। उनके स्वयंवर में शर्त रखी गई कि जो भी राजा या योद्धा पानी में घूमती मछली के प्रतिबिंब को देखकर उसकी आंख में बाण मारेगा, वही द्रौपदी का पति बनेगा। अर्जुन ने यह कार्य कर दिखाया और द्रौपदी को जीतकर घर ले आए।

**कुंती की गलती और पांच पतियों की पत्नी बनीं द्रौपदी**

अर्जुन जब द्रौपदी को लेकर घर पहुंचे तो उन्होंने अपनी मां कुंती को आवाज लगाकर कहा कि देखो मां, हम आपके लिए क्या लाए हैं। कुंती बिना देखे बोल पड़ीं-"जो लाए हो,



उसे आपस में बांट लो।" जब उन्होंने देखा कि वह कोई वस्तु नहीं, बल्कि एक कन्या है, तो उन्हें अफसोस हुआ लेकिन शब्द वापस नहीं लिए जा सकते थे। उस समय व्यासजी वहां पहुंचे और उन्होंने द्रौपदी को उसके पूर्वजन्म की बात याद दिलाई। उन्होंने बताया कि यह सब पहले से तय था-पांचों पांडव, द्रौपदी के लिए वही पांच अलग-अलग गुणों वाले पति हैं जो उसने भगवान शिव से मांगे थे।

इस तरह द्रौपदी ने नियति के फैसले को स्वीकार किया और पांचों पांडवों की पत्नी बन गईं। उन्होंने सभी के साथ बराबरी और आदर के रिश्ते बनाए और कभी भी अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटीं।

# आपके माथे में छिपे हैं कई राज, ऐसे ललाट वाले लोग होते हैं भाग्यशाली!

**माथे में छिपे होते हैं कई राज**

किसी भी व्यक्ति के माथे को देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उसकी बुद्धि कैसी होगा? माथा व्यक्ति के भाग्य, सोचने के तरीके और जीवन में होने वाले उतार और चढ़ाव के बारे में कई संकेत देता है। माथे की चौड़ाई, उसका रंग, उस पर की रेखाओं को देखकर भविष्य का अनुमान लगाया जाता है।

**चौड़ा माथा यानि उच्च पद वाला**

यदि किसी व्यक्ति का माथा चौड़ा यानि है, उसका ललाट ऊंचा है तो वह व्यक्ति अपने जीवन में बड़ा पद प्राप्त करता है। वह बेहद की बुद्धिमान व्यक्ति हो सकता है। वह अपने कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करना पसंद करता है। उसके अंदर नेतृत्व करने की गजब की क्षमता होती है। उसे करियर में जल्दी ही सफलता प्राप्त होती है और कम समय में सफलता के शिखर पर पहुंच जाता है। चौड़े




माथे वाले लोग शांत प्रकृति के होते हैं और वे गहरी सोच रखते हैं। ये लोग काफी महत्वाकांक्षी होते हैं।

**छोटा माथा यानि मेहनत से पाते हैं सफलता**

यदि किसी व्यक्ति का माथा छोटा है। उसका ललाट संकीर्ण सा दिखता है तो ऐसे लोग जल्द ही किसी बात का उत्तर दे देते हैं। ये लोग जल्दी प्रतिक्रिया देने वाले होते हैं। इन लोगों का शुरूआती जीवन काफी संघर्षपूर्ण हो सकता है। इनके अंदर धैर्य की कमी होती है। इन लोगों को सफलता आसानी से नहीं मिलती है, काफी मेहनत के बाद ही सफलता प्राप्त करते हैं। कई बार किसी विषय पर इनकी सोच सीमित दायरे तक होती है, ये दूर का नहीं सोच पाते। ये लोग भावुक होते हैं।

**धार्मिक होते हैं ऐसे ललाट वाले लोग**

जिन लोगों का माथा आगे की ओर निकला होता है या उनका ललाट झुका हुआ होता है, वे लोग धार्मिक प्रवृत्ति के माने जाते हैं। पूजा, पाठ, धर्म, कर्म में इनकी गहरी रुचि देखी जा सकती है। इनके अंदर आत्मविश्वास भरपूर होता है, ये विचारों से गंभीर होते हैं और ये तर्क करने वाले होते हैं। इन लोगों को न्याय पसंद है। दूसरों के साथ अन्याय होते नहीं देख सकते हैं। उसका प्रतिरोध कर सकते हैं।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 20 जून - 2025

# खामनेई का यूपी कनेक्शन

आज जिसे दुनिया ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के नाम से जानती है उनका सीधा कनेक्शन उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के छोटे से गांव किंटूर से जुड़ा है। किंटूर के लोगों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उसकी मिट्टी में जन्मा एक ईसान कभी दुनिया की सबसे सख्त धार्मिक सत्ता की नींव रखेगा। खामनेई के पूर्वज सैयद अहमद मुसवी का नाम आज ईरान के इतिहास में दर्ज है, जिनका जन्म किंटूर गांव में हुआ था। आज जब ईरान और इस्राइल भयंकर युद्ध के मुहाने पर खड़े हैं, तब ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की तकरीरें दुनियाभर में सुनी जाने लगी हैं। कहानी शुरू होती है 1800 के दशक से। तब ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी हिंदुस्तान पर अपनी पकड़ मजबूत कर रही थी। बाराबंकी जिले के किंटूर गांव में एक शिया मौलवी जन्म लेते हैं, जिनका नाम रखा जाता है सैयद अहमद मुसवी। उनका परिवार ईरान से ही भारत आया था, लेकिन वो खुद वापस अपने रुहानी सफर पर निकलते हैं। 1830 में, वह इराक के नजफ शहर में हजरत अली के रौजे की जियारत के लिए जाते हैं। और फिर कभी लौट कर नहीं आते। वो ईरान के खुमैन शहर में बस जाते हैं, वहीं शादी करते हैं और एक नई नस्ल को जन्म देते हैं। लेकिन उन्होंने कभी भी "हिंदी" नाम नहीं छोड़ा। ये उपाधि उन्होंने आखिरी सांस तक अपने साथ रखी। आज भी ईरानी दस्तावेजों में उनका नाम सैयद अहमद मुसवी हिंदी के तौर पर मौजूद है। अहमद मुसवी की 1869 में मृत्यु हो गई, उन्हें इराक के शहर कर्बला में दफनाया गया, लेकिन उनकी धार्मिक विरासत, उनकी शिक्षा, आस्था का उनका नजरिया जिंदा रहा। इसने न सिर्फ उनके वंशजों को, बल्कि ईरान के राज्य की संरचना को भी आकार दिया। मुसवी के पोतों में एक का नाम था रुहोल्लाह, जिसे हम जानते हैं अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के नाम से। वो मुस्तफा मुसवी के बेटे थे। खुमैनी का जन्म 24 सितंबर, 1902 को ईरान के कस्बे खुमैन में हुआ था। लोगों से कम मेलजोल पसंद करने वाले खुमैनी ने छह साल की उम्र से ही कुरान पढ़ना शुरू कर दिया था। बाद में उन्होंने कुम शहर में बसने का फैसला कर लिया था। खुमैनी ने अयातुल्लाह बनने के बाद ईरान के शासक शाह रजा पहलवी और उनके अमेरिका के साथ संबंधों की बुराई करनी शुरू कर दी थी, जिसकी वजह से शाह ने उन्हें ईरान से निष्कासित कर दिया था। अयातुल्लाह वहां से तुर्की चले गए। तुर्की से इराक और फिर फ्रांस जाकर रहने लगे। इसी दौर में एक और शख्स खुमैनी को फॉलो करते हुए जवान हो रहा था। नाम अली खामेनेई, जो ईस्ट अजरबैजान प्रांत के खामानेह के रहने वाले सैयद जवाद खामेनेई के 8 बच्चों में दूसरे नंबर के हैं। अली खामेनेई का जन्म 1939 में ईरान के नजफ में हुआ था। वह भी काफी कम उम्र में ही मौलवी बन गए। अली खामेनेई की परवरिश मशहद शहर में हुई, जहां उन्हें शिया थियोलॉजी, फारसी इतिहास और इंकलाब की तालीम मिली। 1979 में ईरान में अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी ने इस्लामिक क्रांति की अगुवाई की। उनके इंकलाबी खुत्बों ने अमेरिका समर्थित शाह रजा पहलवी की सत्ता को जड़ से उखाड़ दिया। और तब ईरान राजा का मुल्क से धर्म-राज्य बन गया, जहां संविधान से लेकर सड़कों तक, सब कुछ इस्लामी कानून के मुताबिक चलने लगा। 1989 में जब खुमैनी का निधन हुआ तो अयातुल्ला खामेनेई ने उनकी जगह ली और तब से राष्ट्रपति कोई और बनता है। फिलहाल देश के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान हैं। जब 1989 में अयातुल्ला अली खामेनेई ने सुप्रीम लीडर का पद संभाला तो संविधान में ही संशोधन करा लिया। वह 1989 से आजतक ईरान की बागडोर मजबूती से थामे हुए हैं। ईरान को एक मजहबी तानाशाही में लाने में अयातुल्ला खामेनेई और उनके गुरु कहे जाने वाले रुहोल्लाह खुमैनी का बड़ा योगदान माना जाता है। इसीलिए ईरान के लोग मजहबी विचारधारा के चलते खामनेई के साथ मरने-मिटने को तैयार दिखाई देते हैं।

# महिलाओं का हिंसक रूप डर पैदा कर रहा है



राजेश कुमार पासी

राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस ने सोनम रघुवंशी और उसके प्रेमी राज कुशवाह का आमना-सामना करवाया और इसके बाद सोनम रघुवंशी ने यह कबूल कर लिया कि वो अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या में शामिल थी । आजकल यह हत्याकांड पूरे मीडिया में छाया हुआ है । इसे लेकर सोशल मीडिया में यह मुहिम चलाई जा रही है कि शादी के बाद पति के लिए जिंदा रहना बड़ी बात है । हनीमून पर पत्नी के साथ बाहर जाना खतरे से खाली नहीं है । इसकी कोई गारंटी नहीं है कि आप हनीमून से वापिस आ जायें । अभी कुछ दिन पहले सोशल मीडिया में नीले ड्रम का डर फैलाया जा रहा था और अब उसकी जगह हनीमून ने ले ली है । सोशल मीडिया में नीले ड्रम के हजारों मीम घूम रहे थे और आज हनीमून के घूम रहे हैं । कई लोगों ने तो पुलिस में शिकायत दे दी कि उनकी पत्नी नीले ड्रम में बंद करने की धमकी दे रही है । राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी की शादी के वीडियो वायरल करके बताया जा रहा है कि राजा रघुवंशी शादी में कितना खुश था । सवाल यह है कि कितनी ही लड़कियां अपनी शादी में बहुत खुश होती हैं लेकिन ससुराल में जाकर उनको प्रताड़ित होना पड़ता है । पुरुषों द्वारा अपनी पत्नी की हत्या करना या उनका उत्पीड़न करना सामान्य घटना है । इन घटनाओं के बाद कभी नहीं कहा जाता कि महिलाएं शादी के बाद जिंदा रहेंगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है । इन घटनाओं के कारण ही महिलाओं का उत्पीड़न रोकने के लिए कई कानून बनाए गए हैं जो कि एकतरफा उनका पक्ष लेते हैं और पुरूषों की सुनवाई नहीं होती । बेशक महिलाओं द्वारा अपने पतियों के हत्या करने की घटनाएं कम हों लेकिन ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं । ये पुरूषों के द्वारा की जाने वाली घटनाओं से बहुत कम हैं तो उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती । सरकार को इस तरफ ध्यान देना होगा कि जैसे पुरुषों को सजा मिलती है, वैसे ही इन मामलों में महिलाओं को भी सख्त सजा दी जाये । पहले मेरठ की मुस्कान और अब इंदौर की सोनम के बारे में कहा जा रहा है कि अपने अच्छे भले पतियों को छोड़कर उन्होंने उनसे हर मामले में कमतर प्रेमियों को चुना और उनके लिए अपने पतियों की हत्या कर दी । इसका भी सोशल मीडिया में मजाक बन रहा है कि आजकल लड़कियों के लिए लड़को की शक्ल-सूरत, घर-परिवार और रोजगार महत्वपूर्ण नहीं रह गया है. उनकी पसंद बदल गयी है । लोग भूल गए हैं कि आज भी ज्यादातर शादी के मामलों में लड़की की पसंद-नापसंद की अनदेखी की जाती है। इन घटनाओं से यह सीख तो मिलती है कि अब कानूनों को महिलाओं के लिए बनाने की जगह जेंडर न्यूट्रल बनाने की जरूरत है । जो काम पुरुषों द्वारा किया जा रहा था अब वो महिलाओं द्वारा भी किया जाने लगा है इसलिए अपराधियों को सजा देते समय लिंग के आधार पर भेदभाव बंद होना चाहिए। अब समाज और कानून को इस धारणा से बाहर आने की जरूरत है कि महिला अपराध नहीं कर सकती । जिस तरह पुरुष अवैध संबंधों के लिए अपनी पत्नी की हत्या कर देते हैं उसी प्रकार महिलाएं भी अपने प्रेम संबंधों के लिए अपने पति को ठिकाने लगा सकती हैं। वैसे देखा जाए तो ज्यादातर मामलों में परिवार वालों को महिलाओं के प्रेम संबंधों की जानकारी होती है लेकिन लड़कियों के हितैषी होने का दावा करने वाला परिवार जबरदस्ती उनकी मर्जी के खिलाफ किसी दूसरे लड़के से उसकी शादी कर देता है । अब कहा जा रहा है कि लड़कियों को अपने पतियों की हत्या करने की जगह तलाक ले लेना चाहिए था । अगर वो उन्हें छोड़ देती तो कम से कम वो आज जिंदा तो होते और उनका परिवार उनके साथ खुश होता । सवाल यह है कि जिस परिवार ने एक लड़की की शादी उनकी मर्जी के खिलाफ दूसरी जगह कर दी हो, वो उसे पति को छोड़ने की इजाजत कैसे देगा । अगर किसी लड़की को किसी से प्रेम है और वो उससे शादी करना चाहती है तो जबरदस्ती किसी दूसरे लड़के से उसकी शादी करने वाले लड़की के मां-बाप भी लड़के की हत्या के दोषी हैं । क्यों लड़कियां अपने पति की हत्या कर रही हैं, इस पर शोध की जरूरत है और समाज को भी समझने की जरूरत है । सिर्फ अपराधियों को सजा देने से बात बनने वाली नहीं है । पत्नी का प्रेमी के कारण पति की हत्या करना बेहद भयावह है और इसके लिए सिर्फ प्रेमी के बहकावे को वजह नहीं मान सकते । कई बार तो पत्नी ही अपने प्रेमी को बहकाकर अपने पति की हत्या करवाती है ताकि वो उससे स्वतंत्र हो जाए । देखा जाए तो सोनम के मामले में पांच परिवार बर्बाद हो गए हैं । इन परिवारों की बर्बादी के लिए तो सोनम ही जिम्मेदार हैं क्योंकि उसके अंधे प्रेम ने यह हत्याकांड करवाया है । क्या हम इन घटनाओं को इक्का-दुक्का होने वाली घटनाएं मान सकते हैं या ये घटनाएं हमारे सामाजिक पतन का संकेत हैं ।

रिश्तों में घटता प्रेम और विश्वास एवं बढ़ता लालच और स्वार्थ इन घटनाओं की वजह तो नहीं है । आज हम अपनी मनपसंद जिंदगी जीने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए स्वार्थी होते जा रहे हैं । पुराने रिश्तों के लिए नये रिश्तों की और नये रिश्तों के लिए पुराने रिश्तों की बलि दी जा रही है । सवाल फिर वही है कि क्या सिर्फ पति-पत्नी के रिश्तों से खून रिस रहा है और दूसरे रिश्तें इससे अछूते हैं । ऐसा नहीं है, आज अपने ही जान के दुश्मन बन रहे हैं लेकिन पहले ऐसा नहीं था क्या । वास्तव में सदियों से यह चल रहा है । गांवों में जमीन के लिए अपने की अपनों का वर्षों से खून बहाते आ रहे हैं और सिंहासन के लिए तो यह चलता ही रहा है । देखा जाए तो आज कुछ अलग नहीं हो रहा है । हमारी आदत हो गई है कि हम आज को ज्यादा कोसते हैं क्योंकि हम आज को जी रहे हैं लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि मानव हमेशा से ऐसा रहा है । यह सिर्फ एक धारणा है कि मानव बदल गया है और आगे जमाना खराब आ रहा है । अब सोशल मीडिया का जमाना है तो ऐसी घटनाओं पर पूरे देश में चर्चा होती है । अब खबर सिर्फ एक दिन के लिए नहीं होती बल्कि कई दिनों और कई बार महीनों तक चर्चा में बनी रहती है । नकारात्मक खबरों के साथ ज्यादातर ये होता है लेकिन सकारात्मक खबरों की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता । इससे समाज पर क्या असर हो रहा है, इससे किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता । मेरा मानना है कि कुछ घटनाओं के कारण सभी महिलाओं को संदेह की दृष्टि से देखा जा रहा है और उन्हें बदनाम किया जा रहा है । कितनी ही महिलाएं पतियों और उनके परिवार द्वारा मार दी जाती हैं लेकिन कुछ घटनाओं के कारण उनको खलनायिका बनाने की कोशिश की जा रही है । हम मजाक-मजाक में समाज में डर फैला रहे हैं । इतनी महिलाएं हिंसक नहीं हैं जितनी दिखाई देने लगी हैं । हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं बिना लिंग भेद के हो रही हैं । अगर कुछ घटनाओं के कारण मर्द शादी के नाम से डरने लगे हैं तो एनसीआरबी के आंकड़े देखने के बाद महिलाओं को शादी के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए लेकिन महिलाएं बिना डरे विवाह के मंडप तक जा रही हैं । मेरा मानना है कि इन घटनाओं से सबक लेते हुए हर मां-बाप को अपनी बेटियों की शादी उनकी मर्जी के खिलाफ जाकर करने से बचना चाहिए । ज्यादातर ऐसी घटनाओं के पीछे अवैध संबंध सामने आ रहे हैं । इस सोच पर विचार करना चाहिए कि लड़की शादी के बाद सब कुछ भुलाकर अपने पति के साथ खुश रहेगी । ऐसे ही लड़को की भी जबरदस्ती शादी नहीं करनी चाहिए । यह ठीक है कि हर मां-बाप अपने बच्चों का भला सोचते हैं लेकिन इस चक्कर में किसी दूसरे व्यक्ति की जिंदगी बर्बाद करने से बचना चाहिए । समाज बदल रहा है क्योंकि इंसान बदल रहा है और इस बदलाव को समझने की जरूरत है । सभी लोग हालातों से समझौता करके जिंदगी नहीं गुजार सकते हैं । कुछ लोग हालातों को बदलने चल पड़ते हैं लेकिन गलत तरीके से और फिर वो होता है जो हमें दिखाई दे रहा है । हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि हम बेवजह का डर फैला कर विवाह को बदनाम न करें । पहले ही आजकल बच्चे शादी से बचने की कोशिश कर रहे हैं. ऐसी घटनाएं उन्हें एक नया बहाना दे सकती हैं ।

# अभिव्यक्ति के अधिकार का कत्ल है कमल कौर की हत्या !



मनोज कुमार अग्रवाल

अभिव्यक्ति का हक संविधान प्रदत्त है मानते हैं कि इस में सभी की भावनाओं मान्यताओं का सम्मान होना चाहिए लेकिन क्या कोई स्वयंभू स्वघोषित ईज्जत का रखवाला बनकर किसी महिला की पोस्ट से असहमत होने पर उसका अपने गुर्गों से सरेआम कत्ल कराएगा और कुछ अन्य महिला इंफलुएंसर को हत्या की धमकी देगा? क्या अजीब बात है यह तो तमाम कानून व्यवस्था संविधान लोकतंत्र और अभिव्यक्ति के अधिकार को खुली चुनौती है। हाल ही में एक घटनाक्रम में बंठिंडा की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी, जिन्हें कमल कौर भाभी के नाम से भी जाना जाता है, की निर्मम हत्या कर दी गई। यह हत्या हमें इस बात की याद दिलाती है कि कथित नैतिकता के नाम पर की जा रही विरोध और असहमति , जो कभी ऑनलाइन ट्रोलिंग तक सीमित थी, अब हिंसक आपराधिक गुंडई और आतंकवाद में बदल गई है। इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या को अंजाम देने वाला कथित मास्टरमाइंड अमृतपाल सिंह मेहरों, कथित तौर पर कौम दे राखे नामक एक कट्टरपंथी समूह का प्रमुख बताया जाता है। जिसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर द्वारा प्रसारित की गई सामग्री को कथित तौर पर अनैतिक कृत्य के रूप में दर्शाते हुए हत्या को सही ठहराने का प्रयास किया है। इतना ही नहीं, हत्याकांड के बाद संयुक्त अरब अमीरात भागने के बाद हत्या को सही ठहराते हुए, एक वीडियो को जारी करना, संकीर्ण मानसिकता का दुस्साहस ही दर्शाता है। निस्संदेह, यह मामला संकीर्णता के पोषक और कट्टरपंथी तत्वों की सोच से अलग नहीं है। यह उस दुराग्रही सोच की कड़ी का ही हिस्सा है, जो हिंसा और धमकियों के माध्यम से महिलाओं की अभिव्यक्ति पर सोशल पुलिसिंग के जरिये शिकंजा कसने की कोशिश में रहती है। आपको याद रहे कि 28 जून 2022 को राजस्थान के उदयपुर में एक हिन्दू टेलर कन्हैयालाल तेली की हत्या भारतीय जनता पार्टी की प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा करने के लिए की गई थी , जिनकी टिप्पणियों के कारण 2022 में मुहम्मद पैगम्बर को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद हुआ था । हमलावरों ने कन्हैया लाल की दुकान में घुसकर उसे मारने से पहले ग्राहक बनकर प्रवेश किया। उसकी नृशंसता से हत्या की इस हत्या के वीडियो बना कर इंटरनेट पर पोस्ट किए गए थे, जिसमें दो कथित हमलावर कसाई के चाकू पकड़े हुए थे और हत्या की ज़िम्मेदारी लेते हुए खुद की पहचान मुहम्मद रियाज़ अत्तारी और मुहम्मद गौस के रूप में कर रहे थे। शर्मनाक बात यह है कि दो मुख्य आरोपियों को हाइकोर्ट से जमानत पर रिहा कर दिया गया। अब कमल कौर की हत्या भी कन्हैया लाल कांड की पुनरावृत्ति है। आए दिन देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग कट्टरपंथी अपराधी व आतंकी समूहों द्वारा धर्म या पंथ या संस्कृति और नैतिकता के रखवाले बनकर ऐसे कृत्यों को अंजाम दिया जाता रहा है। पिछले दिनों बेंगलुरू में भी एक महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को केवल उसके पहनावे को अभद्र बताते हुए एसिड हमले की धमकी दी गई। इस धमकी भरे वीडियो के वायरल होने के बाद उस व्यक्ति को उसके नियोक्ता ने नौकरी से निकाल दिया। यह विडंबना ही है कि कभी ऐसे मामले पाकिस्तान व अफगानिस्तान में महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों को लेकर सामने आते थे। अब भारत में कथित सांस्कृतिक धार्मिक शुचिता व नैतिकता के नाम पर ऐसे हमले किए जा रहे हैं। एक अन्य खतरनाक घटना में, एक लोकप्रिय यूट्यूब शो में दिखाई देने वाली एक डिजिटल निर्माता अपूर्वा मुखीजा को बलात्कार और जान से मारने की ऑनलाइन धमकी दी गई। इस पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने दस्तक्षेप करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। निस्संदेह, इन लोगों का रवैया बता रहा है कि इस तरह की वारदातों के पीछे एक तय अजेंडा काम कर रहा है जिसका लक्ष्य कथित नैतिकता के संरक्षण के नाम पर हिंसा कर आतंक की नई फसल को तैयार करना है । सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों, विशेष महिलाओं को कथित सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के नाम पर तेजी से निशाना बनाया जा रहा है। सवाल उठता है कि उनके इन मूल्यों को कौन परिभाषित करता है और किसने उन्हें इस सतर्कता को लागू करने का अधिकार दिया बठिंडा की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पंजाब महिला आयोग ने निंदा करके सही कदम उठाया है, लेकिन केवल आधिकारिक निंदा पर्याप्त नहीं है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसे मामलों को सुनियोजित अपराधों के रूप में दर्ज करना चाहिए, जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को खतरा पहुंचाते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को भी इस दिशा में जिम्मेदारी उठानी चाहिए कि वे समय रहते सोशल मीडिया के दुरुपयोग रोकें व घृणास्पद सामग्री को अपने प्लेटफॉर्म से हटाएं। साथ ही सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखें। किसी भी लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी एक अपरिहार्य अंग है। निश्चित रूप से अभिव्यक्ति की आजादी की अपनी सीमाएं भी हैं। हालांकि, यह आजादी आलोचना से प्रतिरक्षा नहीं देती, लेकिन यदि आलोचना किसी की मर्यादा को नुकसान पहुंचाने या हत्या की धमकी में तब्दील होने लगे, तो शासन-प्रशासन को सख्त संदेश देना चाहिए। खासकर डिजिटल सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है।

विशेषकर जब डिजिटल निगरानी शारीरिक हिंसा में बदलने लगे। जिसे किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाना चाहिए। यदि ऐसे मामलों में अभी से सख्ती न दिखाई गई तो समाज में ऐसी हिंसक कार्रवाई की घटनाओं को थामना मुश्किल हो। आपको बता दें कि अब पंजाब के बहुचर्चित कमल कौर उर्फ कंचन कुमारी हत्याकांड में नया मोड़ सामने आया है. इस मामले के मुख्य आरोपी और कथित मास्टरमाइंड अमृतपाल सिंह मेहरो के समर्थन में पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें उसे 'इज्जत का राखा' बताया गया है. ये पोस्टर लुधियाना-मालेरकोटला रोड स्थित प्रसिद्ध गुरुद्वारा आलमगीर साहिब के पास देखे गए, जिनकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं.पोस्टरों में अमृतपाल सिंह मेहरो को एक धार्मिक व्यक्ति के रूप में पेश किया गया है और उसके खिलाफ चल रही जांच को साजिश बताया गया है. पोस्टर में लिखा गया है कि 'महिरो ने जो किया वह इज्जत की रक्षा के लिए किया', जो जांच एजेंसियों और पुलिस के लिए चिंता का विषय बन गया है. अब पोस्टर सामने आने के बाद पुलिस को शक है कि आरोपी को बचाने या उसके पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है.

# एयर इंडिया: सरकारी जड़ता से निकली, कॉर्पोरेट ब्यूरोक्रेसी में फंसी?

एस. ए. तिवारी

जनवरी 2022 में जब टाटा समूह ने एयर इंडिया का अधिग्रहण किया, तब पूरे देश में एक नई उम्मीद जगी थी। माना जा रहा था कि वर्षों से सरकारी उदासीनता, निर्णयात्मक सुस्ती और लालफीताशाही में फंसी एयर इंडिया अब एक वैश्विक मानकों की एयरलाइन बनेगी। लोगों को विश्वास था कि टाटा के नेतृत्व में यह एयरलाइन तकनीक, सेवा, सुरक्षा और प्रतिस्पर्धा के नए आयाम गढ़ेगी लेकिन तीन वर्षों के भीतर एयर इंडिया जिस राह पर बढ़ी है, उसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह एयरलाइन एक कॉर्पोरेट रीस्ट्रक्चरिंग लैब में बदल गई है जहां हवाई जहाज, यात्री अनुभव और सुरक्षा प्राथमिक नहीं बल्कि ऑफिस स्थानांतरण, वीआरएस, पदों की अदला-बदली और कॉर्पोरेट ढांचे की बातें मुख्य हो गई हैं। टाटा समूह से टेकओवर के बाद यह अपेक्षा थी कि एयर इंडिया सबसे पहले अपने पुराने विमानों की मरम्मत, नए विमानों की खरीद और यात्रियों को बेहतर अनुभव देने पर ध्यान देगी लेकिन अधिकतर सुर्खियां इस बात की बनीं कि कैसे एयर इंडिया अपने मुंबई, कोचीन और बैंगलोर जैसे पुराने परिचालन केंद्रों को बंद कर रहा है, कैसे वीआरएस देकर पुराने कर्मचारियों को हटाया जा रहा है और कैसे सभी कर्मचारियों को जबरन गुरुग्राम शिफ्ट करने के फरमान सुनाए जा रहे हैं। एयर एशिया का बैंगलोर ऑफिस, विस्तारा का मर्जर, एयर इंडिया सेट्स का मुंबई से दिल्ली स्थानांतरण—सब कुछ एक ही दिशा में बढ़ा: सब कुछ गुरुग्राम में समेटो। इस बदलाव का सबसे बड़ा नुकसान हुआ एयर इंडिया के पुराने कर्मचारियों और ऑपरेशनल नेटवर्क को जो वर्षों से इन शहरों में जमे हुए थे और एयरलाइन की कार्य संस्कृति का हिस्सा बने हुए थे। जबरिया स्थानांतरण और ऑफिस बंद करने जैसे फैसले शायद कॉर्पोरेट दृष्टि से सही लग सकते हैं लेकिन यह एयरलाइन कर्मचारियों के मनोबल और संचालन में असंतुलन का बड़ा कारण बन गए। कॉर्पोरेट मैनेजमेंट लेकिन एविएशन अनुभव की कमी टाटा समूह ने एयर इंडिया में जो नई टीम बनाई, उसमें शीर्ष चार में से सिर्फ सीईओ विल्सन कैंपबेल ही एविएशन बैकग्राउंड से हैं। बाकी तीनों सीसीओ निपुण अग्रवाल, सीएफओ संजय शर्मा और सीएचआरओ रवींद्र कुमार जीपी—ऐसे लोग हैं जिनका एविएशन से कोई अनुभव नहीं रहा। निपुण अग्रवाल, जिन पर एयरलाइन की खरीद, मरम्मत, और उत्पाद विकास जैसी रणनीतिक जिम्मेदारियां हैं, वे एयर इंडिया से पहले कभी भी एविएशन सेक्टर का हिस्सा नहीं रहे। उनका पूरा अनुभव टाटा समूह में कॉर्पोरेट फाइनेंस स्ट्रैटेजी में रहा है। सवाल यह उठता है कि क्या ऐसे अधिकारी एविएशन की बारीकियों, विमान रखरखाव, इमरजेंसी निर्णय, या स्पेयर पार्ट्स की क्रिटिकलिटी को पूरी तरह समझ सकते हैं? एविएशन का खर्च, एमआरओ , इंश्योरेंस, और एएमसी जैसे मुद्दे एक सामान्य कॉर्पोरेट खरीद प्रणाली से बहुत अलग होते हैं। एयरक्राफ्ट की सुरक्षा और परिचालन में देरी का कोई स्थान नहीं होता। इसी प्रकार सीएफओ संजय शर्मा की नियुक्ति भी सवालों में है। उनके पूर्ववर्ती विनोद हेजमाड़ी के पास तीन दशक का एविएशन अनुभव था लेकिन संजय शर्मा टाटा प्रोजेक्ट्स से आये हैं, जहां उनका अनुभव मुख्य रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रोजेक्ट फाइनेंस में रहा है। एविएशन सेक्टर की लागत और ऑपरेशनल इमरजेंसी का वे अनुभव नहीं रखते। तीसरी महत्वपूर्ण नियुक्ति रवींद्र कुमार जीपी की रही जिनका पूर्व का अनुभव टाटा मोटर्स में रहा है। एयरलाइन में पायलट्स, केबिन क्रू, एयर ट्रैफिक स्टाफ की कार्य परिस्थितियां बेहद संवेदनशील होती हैं। यह कारखानों या इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स जैसे नहीं होते। एयरलाइन में एचआर की छोटी सी चूक भी गंभीर हादसे का कारण बन सकती है। एविएशन में एक्सेल शीट से आगे देखना जरूरी टाटा समूह का यह कॉर्पोरेट अप्रोच एयर इंडिया में बहुत गहराई तक दिखता है। फैसले शायद एक्सेल शीट पर कॉस्ट कटिंग को ध्यान में रखकर लिए जा रहे हैं लेकिन एयरलाइन इंडस्ट्री केवल आंकड़ों पर नहीं चलती। यहां सेकंड्स का महत्व होता है, सुरक्षा सर्वोपरि होती है और निर्णय क्षमता का आधार फील्ड एक्सपीरियंस होता है। मुंबई, कोचीन, बैंगलोर जैसे पुराने एयरलाइन हब्स से स्टाफ को जबरन हटाना, पुराने ऑफिस बंद करना, कर्मचारियों को मजबूरन गुरुग्राम लाना यह सब कॉर्पोरेट निर्णय तो हो सकते हैं लेकिन क्या यह एयरलाइन के संचालन और सुरक्षा के लिए उचित है? इस प्रश्न का उत्तर समय मांगेगा। टाटा समूह जैसा विशाल, अनुभवी और प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट हाउस कैसे इतनी बुनियादी गलती कर गया? एयरलाइन ऑपरेशन के तीन प्रमुख स्तंभ—खर्च प्रबंधन, खरीद-रखरखाव और मानव संसाधन—तीनों ही ऐसे लोगों के हाथ में सौंप दिए गए जिनके पास एविएशन का कोई पूर्व अनुभव नहीं था। क्या टाटा समूह ने एयर इंडिया के मेकओवर को केवल कॉर्पोरेट स्ट्रक्चर में सीमित कर दिया?


# होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना ईरान के लिए कितना लाभकारी रहेगा!

रामस्वरूप रावतसरे

इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच एक नई समस्या भी मुँह बाए खड़ी है। दोनों देशों का युद्ध दुनिया भर के लिए गैस और तेल की कीमतें बढ़ा सकता है। इस समस्या की जड़ असल में ईरान से जुड़ी है। असल में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज (होर्मुज जलडमरूमध्य) को लेकर कयास लग रहे हैं कि ईरान इस रास्ते को बंद कर सकता है। हालाँकि अब तक तो ऐसा नहीं हुआ है लेकिन भविष्य में अगर ऐसा होता है तो इसका सीधा असर वैश्विक बाजार पर पड़ेगा। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनियाभर के लिए काफी महत्वपूर्ण रास्ता है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज ईरान और ओमान के बीच स्थित है। ये फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। ये इतना गहरा और चौड़ा है कि दुनिया के सबसे बड़े कच्चे तेल के टैंकर्स को भी आराम से संभाल सकता है। इसके साथ ही यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल चेकपॉइंट्स में भी शामिल है। इस रास्ते से काफी बड़ी मात्रा में तेल को एक जगह से दूसरी जगह पहुँचाया जाता है। अगर ईरान इस रास्ते को बंद करता है तो दुनिया भर के कई देशों को इसका नुकसान झेलना पड़ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस तेल के लिए रास्ते से परे अन्य वैकल्पिक रास्ते काफी कम और लंबे हैं। अगर किसी एक चेकप्वाइंट से दूसरे तक के बीच कोई भी परेशानी होती है तो सबसे पहले आपूर्ति में देरी होगी। इसके चलते शिपिंग की लाग बढ़ेगी और अतंतः वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में इजाफा होगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए अमेरिकी नौसेना का पाँचवाँ बेड़ा बहरीन के मनामा में रहकर जलडमरूमध्य की निगरानी करता है। अगर होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह से रुकावट आती है या इसे अस्थायी रूप से बंद किया जाता है तो इससे वैश्विक तेल बाजार में झटके लग सकते हैं। इस जलडमरूमध्य से 2024 में प्रतिदिन 2 करोड़ बैरल तेल का आवागमन हुआ था। ये आँकड़ा वैश्विक पेट्रोलियम खपत का लगभग 20 प्रतिशत के बराबर था।

वहीं 2025 के शुरुआती तीन महीनों में पेट्रोल का कारोबार 2024 की अपेक्षा स्थिर ही रहा। 2024 और 2025 के आँकड़ों में होर्मुज से होकर जाने वाले तेल वैश्विक तेल व्यापार का एक चौथाई से अधिक और पेट्रोलियम उत्पाद और तेल के खपत का लगभग 5वाँ हिस्सा होगा। बैरल, पेट्रोल या कच्चे तेल को मापने की इकाई है जिसका उपयोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कारोबार का लिए होता है। एक बैरल 159 लीटर के बराबर होता है। वोर्टेक्सा द्वारा प्रकाशित टैंकर ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, सऊदी अरब होर्मुज जलडमरूमध्य से किसी भी अन्य देश की तुलना में सबसे अधिक कच्चा तेल और कंडेनसेट का आवागमन करता है। 2024 में सऊदी अरब से कच्चे तेल और कंडेनसेट का निर्यात पूरे कारोबार का 38 प्रतिशत था। अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की कार्रवाई करता है तो सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को नुकसान पहुँचेगा।

# भौंकता है, पर काटता नहीं



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

बचपन में दादी कहती थीं - बिटवा, भौंकता है, पर काटता नहीं, ऐसे ही कुत्ते से मत डरना! लेकिन अब लगता है, दादी को शहर के बंगलों की जानकारी नहीं थी। वहाँ के कुत्ते पहले भौंकते हैं, फिर घूरते हैं, फिर काटते नहीं... लेकिन अस्पताल का रास्ता ज़रूर दिखा देते हैं। हमारी भी एक ऐसी ही मुलाकात थी एक बँगलेवाले कुत्ते से, जो 'हैलो' से पहले ही 'भौं-भौं' करता था और 'अलविदा' के समय 'गुर्र-गुर्र'। मानो कह रहा हो-"जा, जी ले अपनी ज़िंदगी!" मैंने कहा, "भाई, तेरे मालिक की चाय पीने आया हूँ, तुझसे शादी थोड़ी करनी है!" पर उसे मानो संविधान में संशोधन करना हो, हर आने-जाने वाले का बैरिकेटिंग चेकअप कर डालता। फाटक पर लिखा था-बिवेर ऑफ डॉग। पर मन में खटका-डॉग के लिए लिखा है या मालिक के लिए? क्योंकि दोनों एक जैसे दिखते थे-रौबदार, गुर्राते हुए और जब देखो तब भौंकने को तैयार। जब मालिक ने दरवाज़ा खोला तो कुत्ता पहले झपटा, फिर पीछे हटा। शायद उसे मेरे चेहरे में नाथूराम दिखा हो। मैंने धीमे से कहा-भाई, गोली नहीं लाया, बस दो बिस्कुट लाया हूँ। मालिक ने हँसते हुए कहा, "अरे डरो मत, ये तो बड़ा शरीफ है।" और मैं सोचने लगा-"शरीफ तो वो होते हैं जो भौंकते नहीं। ये शरीफ है या शहर का सीरियल किलर?" हमारी तीन दिन की मजबूरी थी उस बँगले में ठहरने की। रात को छत पर सोते हुए महसूस होता कि कोई लगातार घूर रहा है। नीचे देखा, तो साहब का टाइगर-नाम तो टाइगर, पर हरकतें पिंकू की तरह-चारपाई पर लेटा, झबरीली आँखों से घूरता हुआ जैसे कह रहा हो-"तू मेरे लॉन में कैसे सो गया?" और मैं, आत्मग्लानि में डूबा-ओह! मैं एक मध्यवर्गीय इंसान और ये उच्चवर्गीय कुत्ता, हम एक ही अहाते में हैं। कहीं देश का जीडीपी तो नहीं गिरा? कुत्ते का टशन देख मैंने मन में दोहराया-ग़रीब आदमी को सिर्फ़ आदमी ही नहीं, कुत्ता भी नीचा दिखाता है! शाम को जब लॉन में बैठकर चाय पी रहे थे, तो नौकर टाइगर को टहला रहा था। इतने में फाटक के बाहर दो 'नॉन-बँगला-रेजिडेंट' कुत्ते आ गए। वे सड़किया, भटकती आत्माएँ, भूख से झूलते हुए, हमारे टाइगर को देख रहे थे-मानो कह रहे हों, "ओ रे बाबू, तु बड़ा आदमी बन गया रे!" टाइगर ने तुरंत भौंकना शुरू कर दिया। और उन दोनों ने शर्म से सिर झुका लिया, जैसे इंटरव्यू में फेल हो गए हों। मैंने मेज़बान से पूछा, "ये उनके पीछे क्यों भौंकता है?" मेज़बान ने कहा, "वो तो इसकी रोज़ की आदत है।" मैंने कहा, "क्लासिक केस है-सफलता के बाद रिश्तेदारों से मुँह मोड़ना!" रात को टाइगर चुपचाप पड़ा था। पास में ही दोनों सड़किया कुत्ते फिर से आ गए और मोहल्ले में भौंकने लगे। आश्चर्य यह कि टाइगर भी उनके साथ आवाज़ मिलाने लगा। लगा जैसे 'भौंकना' यूनियन की हड़ताल हो और टाइगर उसमें मोर्चा संभाले। मैंने कहा, "वाह, ये तो राजनीतिक कुत्ता निकला। सुबह पूँजीवादी, रात को सर्वहारा।" टाइगर की भौंक अब मुझे आंदोलन लगने लगी। पर अगली सुबह जो दृश्य देखा, उसने आत्मा को रुला दिया। टाइगर गेट के बाहर पड़ा था, लहूलुहान। दोनों आवारा कुत्तों ने उसकी धुनाई कर दी थी-जैसे कह रहे हों, अबे ग़द्दार, भौंकता हमारे साथ है, पर दिखावा करता है अमीर बनने का!

# 86 साल के खामेनेई : एक मौलवी से कैसे बने ईरान के सुप्रीम लीडर

तेहरान, 19 जून (एक्सक्लूसिव डेस्क)। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई कहते हैं कि अमेरिका 'बड़ा शैतान' है और इजराइल 'कैंसर ट्यूमर', जिसे काटकर फेंकना जरूरी है। उधर, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि ईरान के सुप्रीम लीडर की हत्या से जंग खत्म हो जाएगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी कहा- हमें पता है कि वो कहां छिपे हैं, लेकिन हम उसे मारेंगे नहीं, फिलहाल तो नहीं।

आखिर क्या है अयातुल्ला अली खामेनेई की कहानी, कैसे बने ईरान के सुप्रीम लीडर और इजराइल उनकी जान के पीछे क्यों पड़ा?

**ईरान में मॉडलिंग के दौर में पैदा हुए, 11 साल की उम्र में 'मौलवी' बने**

19 अप्रैल 1939 को ईरान के सबसे बड़े धार्मिक शहर मशहद में एक मौलवी के घर सैयद अली खामेनेई का जन्म हुआ। वे 8 भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थे। 4 साल की उम्र में खामेनेई को मकतब भेजा गया, जहां उन्होंने कुरान, अरबी और इस्लामी तालीम हासिल की।

1950 के दशक में मेरा दाखिला मशहद के एक नए इस्लामी स्कूल में हुआ। मुझे क्लास में सबसे आगे की सीट पर बैठाया जाता था। मैं मैथ्स और इंग्लिश में अच्छा था और ब्लैकबोर्ड पर लिखे हर सवाल का जवाब सुलझा देता था। एक बार स्कूल में प्रोग्राम हुआ, जिसमें मैंने कुरान की आयतें पढ़कर सुनाईं। मेरी जमकर तारीफ हुई और फिर



खामेनेई जितने जिद्दी हैं, उतने ही सतर्क भी है। यही वजह है कि वह इतने लंबे समय से सत्ता के केंद्र में बने हुए हैं।

मैंने अपने पिता की तरह मौलवी बनने की राह चुनी।

इसके बाद वो ईरान के कोम शहर में गए और 11 साल की उम्र में ही मौलवी बन गए।

खामेनेई उस दौर के ईरान में बड़े हो रहे थे जब शाह मोहम्मद रजा पहलवी का शासन था। शाह पंथनिरपेक्ष और पश्चिमी विचारों को बढ़ावा देने वाले राजा माने जाते थे। उस दौर के ईरान में मॉडलिंग, फिल्में, नाइट क्लब पार्टीज और वेस्टर्न कपड़े पहनने का चलन था।

खामेनेई बचपन में मौलवियों की पोशाक पहनकर अपने हमउम्र बच्चों के साथ सड़कों पर खेलते, तो लोग उनका मजाक उड़ाया करते थे।

'सेल नम्बर 14' में खामेनेई लिखते हैं, '1950 के दशक में ईरान में पश्चिमी कल्चर अपने चरम पर था। उन दिनों मॉर्डनाइजेशन की हवा चल रही थी। हालांकि, मुहर्रम के महीने में और खासतौर से पहले 10 दिनों के लिए सभी सिनेमाघरों और फिल्मों पर रोक लगा दी जाती थी। लेकिन 1955 में सब बदल गया। शहर के गवर्नर ने मुहर्रम के 1 से 12 दिनों के बंद पर पाबंदी हटाने का आदेश जारी किया। इस फैसले का हम लोगों ने विरोध किया। यही फैसला हमारे अंदर चिंगारी बनकर भड़का।'

## इजराइल उनको मारना क्यों चाहता है

1960 के दशक में खामेनेई पर ईरान के धर्मगुरु रुहोल्ला खोमैनी का गहरा असर हुआ। खोमैनी ईरान के शासक की नीतियों और 1963 में 'व्हाइट रिवॉल्यूशन' के खिलाफ खड़े हो गए थे, जिसके तहत ईरान को पश्चिमी देशों की तरह डेवलप करना था। खोमैनी को लगता था कि यह इस्लाम और ईरानी संस्कृति के खिलाफ है। इस्लाम और राजनीति को अलग नहीं किया जा सकता और देश में विलायत-ए-फकीह यानी इस्लामी धर्मगुरुओं का शासन लाने की बात कही। खामेनेई इससे बहुत प्रभावित हुए।

1962-63 में खोमैनी ने शाह के खिलाफ खुलकर विरोध शुरू कर दिया। खामेनेई ने खोमैनी की बात को मशहद समेत कई शहरों में फैलाने में मदद की। 1963 में खामेनेई ने मशहद की एक मस्जिद में कहा, 'शाह का शासन इस्लाम और लोगों के खिलाफ है। हमें अपने धर्म और देश की हिफाजत करनी होगी।'

खामेनेई को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन इससे वे युवाओं और शाह के खिलाफ आंदोलनों में मशहूर हो गए। 1970 का दशक आते-आते खामेनेई राजनीति में माहिर हो गए। उनके गुरु खोमैनी को देश से निकाल दिया गया, तो खामेनेई ही उनके भाषण लोगों तक फैलाते रहे।

खामेनेई ने एक सभा में खोमैनी का सीक्रेट टेप चलाया, जिसमें खोमैनी ने कहा, शाह का शासन एक गैर-इस्लामी तानाशाही है और इसे उखाड़ फेंकना हर मुसलमान का फर्ज है।

फरवरी 1979, ईरान में इस्लामिक क्रांति के बाद खुमैनी पेरिस से वापस ईरान आए। नई सरकार बनाई और अपने करीबी लोगों को बड़े पदों पर नियुक्त किया। खामेनेई को क्रांतिकारी परिषद यानी रिवॉल्यूशनरी काउंसिल में शामिल कर लिया। यह परिषद नई सरकार का आधार थी और प्रशासन को बेहतर करने का काम करती थी।

उस समय सांसद और बाद में ईरान के राष्ट्रपति बने हसन रूहानी ने संसद में खामेनेई को उप रक्षामंत्री बनाने का प्रस्ताव देते हुए कहा था, 'हमें ऐसे इंसान की जरूरत है जो इस्लामी क्रांति के लिए आगे बढ़ता रहे और सैन्य मामलों में खुमैनी के नजरिए को बुलंद करे। सैयद अली खामेनेई इस जिम्मेदारी के लिए सबसे बेहतर हैं।'

खामेनेई को उप रक्षामंत्री नियुक्त किया गया। उन्होंने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर यानी आईआरजीसी का गठन करने में बड़ी भूमिका निभाई। आईआरजीसी आगे चलकर ईरान की सबसे ताकतवर फौज बनी। आईआरजीसी को बनाने का मकसद ऐसी सेना खड़ी करना था जो देश के लिए धार्मिक, राजनीतिक और आर्थिक मोर्चों पर लड़ सके। जो इस्लामिक राष्ट्र ईरान को न सिर्फ बाहरी खतरों, बल्कि देश के अंदर के मामलों को भी सुलझा सके।

1980 का दशक। ईरान और इराक के बीच जंग छिड़ी हुई थी। तेहरान की जुमा की नमाज के इमाम अयातुल्ला अली खामेनेई जंग के अग्रिम मोर्चे का मुआयना कर लौटे थे।

शनिवार, 27 जून 1981 को खामेनेई अपने तय कार्यक्रम के तहत तेहरान की अबुजार मस्जिद गए। इसके बाद वे लोगों के सवालों के जवाब देने लगे। उनके सामने रखी टेबल पर कागजों का पुलिंदा जमा था, जिन पर सवाल लिखे हुए थे।

इस बीच एक शख्स ने टेबल पर एक टेप रिकॉर्डर रख दिया। खामेनेई ने जवाब देना शुरू किया। एक मिनट के भीतर ही टेप रिकॉर्डर से सीटी की आवाज आने लगी और तेज ब्लास्ट हुआ। खामेनेई लहूलुहान हो गए। टेप रिकॉर्डर के अंदर लिखा था- 'इस्लामिक रिपब्लिक को फोरकान सूमह का एक उपहार।'

फोरकान समूह एक ईरानी उग्रवादी विपक्षी संगठन था, जो शिया इस्लामवादी विचारधारा को मानता था। इस समूह को सद्दाम हुसैन का समर्थन मिला हुआ था। सद्दाम ईरान में खुमैनी की सत्ता पलटना चाहता था और आईआरजीसी के मुखिया खामेनेई बीच में थे।

खामेनेई की दाईं बांह, वोकल कॉर्ड्स और फेफड़े को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इलाज के लिए उन्हें दक्षिणी तेहरान के बहारलू हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। कई महीनों बाद वे ठीक हुए, लेकिन दाएं हाथ में हमेशा के लिए लकवा मार गया और एक कान से सुनाई देना बंद हो गया।

इस हमले को लेकर एक बार खामेनेई ने कहा था, अगर मेरा दिमाग और जीभ काम करे तो मुझे हाथ की जरूरत नहीं पड़ेगी। मेरे लिए मेरा दिमाग और जीभ काफी है।

30 अगस्त 1981, दोपहर का समय। तेहरान में प्रधानमंत्री कार्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की एक बैठक चल रही थी। इसमें राष्ट्रपति मोहम्मद अली राजाई और प्रधानमंत्री मोहम्मद जवाद बहरोन भी शामिल थे। तभी एमईके का सीक्रेट एजेंट मसूद कश्मीरी कमरे में दाखिल हुआ।

खामेनेई.आईआर के मुताबिक, कश्मीरी ने कमरे में एक ब्रीफकेस रख दिया, जिसमें बम छिपा हुआ था। कुछ ही देर बाद कमरे में धमाका हुआ और वहां मौजूद सभी लोग मारे गए। राजाई और बहोरन की फौरन मौत हो गई, जिसके बाद सरकार में मुश्किलें बढ़ गईं।

एरवंड अब्राहमियन की किताब 'खामेनेईनिज्मः एसे ऑन द इस्लामिक रिपब्लिक' के मुताबिक, देशभर में नए राष्ट्रपति की मांग जोर पकड़ने लगी। खामेनेई इस समय तक आईआरपी के बड़े नेताओं में शामिल हो गए थे।

इस वजह से खुमैनी और आईआरपी के नेताओं ने नए राष्ट्रपति के लिए खामेनेई का नाम आगे किया। अकबर हाशमी राफसंजानी ने खामेनेई का नाम बढ़ाते हुए कहा, 1985 में रहबर अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमैनी ने हुसैन अली मोंतजरी को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। लेकिन किसी बात से नाराज होकर फैसला वापस ले लिया। इसी बीच 3 जून 1989 को खोमैनी का निधन हो गया। अगली सुबह 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' की मीटिंग शुरू हुई। तिजोरी में रखा सीलबंद वसीयतनामा लाया गया। राष्ट्रपति खामेनेई ने करीब 2 घंटे में 35 पन्नों की वसीयत पढ़ी।

इसके बाद अगले रहबर को लेकर चर्चा शुरू हुई। प्रस्ताव रखा गया कि 'शूरे-ए-रहबरी' यानी एक नेतृत्व परिषद बनाए या 'रहबरी-ए-फरदी' यानी एक व्यक्ति को पूरी कमान सौंपी जाए। नेतृत्व परिषद के लिए तीन ग्रुप बने, जिनमें से 2 के अध्यक्ष खामेनेई और एक के अध्यक्ष रफसंजानी थे।

वोटिंग हुई तो 45 वोट 'एक व्यक्ति' पक्ष में और 23 खिलाफ आए। जब तय हो गया कि एक व्यक्ति को ही ईरान की कमान सौंपनी चाहिए तो ग्रैंड अयातुल्ला मोहम्मद-रजा गोलपायगानी और अली खामेनेई ने नॉमिनेशन किया। वोटिंग में खामेनेई को 60 वोट मिले, जबकि गोलपायगानी को महज 14 वोट मिले। यानी खामेनेई अगले रहबर चुन लिए गए।

रहबर बनने के लिए जरूरी था कि व्यक्ति मरजा या अयातुल्ला हो। इस मियाद को खत्म करने के लिए ईरानी संविधान में संशोधन किया गया। 6 अगस्त 1989 को फिर से असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स की मीटिंग हुई और खामेनेई को 64 में से 60 वोट मिले।

# सांसद प्रतिनिधि को पहले सम्मान देने पर भड़के कांग्रेस विधायक

## संदीप ने टीचर को डांटा, कहा– प्रोटोकॉल मालूम नहीं, कौन बड़ा होता है, कार्यक्रम छोड़कर लौटे

बलौदाबाजार, 19 जून (एजेंसियां)। बलौदाबाजार जिले के कसडोल विकासखंड में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि का पहले स्वागत करने पर कसडोल से कांग्रेस विधायक संदीप साहू भड़क गए और प्रोटोकॉल तोड़ने के विरोध में कार्यक्रम छोड़ कर चले गए। इसका वीडियो भी सामने आया है। विधायक का कहना है कि शिक्षा विभाग ने सांसद प्रतिनिधि संतोष वैष्णव का पहले स्वागत किया, जबकि प्रोटोकॉल के मुताबिक विधायक का स्वागत पहले होना चाहिए था।

टीचर ने माइक से सांसद प्रतिनिधि का जैसे ही नाम अनाउंस किया तभी विधायक भड़क गए और कार्यक्रम बीच में ही रुकवा दिया। विधायक ने टीचरों को डाटते हुए कहा कि 'जब प्रोटोकॉल नहीं मालूम है तो कार्यक्रम में बुलाया मत करो, पढ़ा रहे हो टीचर बन गए हो और इतना भी नहीं पता कि कौन बड़ा होता है। अब से मेरा विधायक प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में रहेगा, उसी से प्रोटोकॉल मेंटेन करना'।

वहीं, विधायक ने यह भी कहा कि अधिकारियों ने कार्यक्रम का समय सुबह 11 बजे बताया था। लेकिन कार्यक्रम में कई घंटे की देरी हुई। एक और विवाद यह रहा कि आमंत्रण पत्रों पर जिन जनप्रतिनिधियों के नाम थे, उन्हें कार्यक्रम की जानकारी तक नहीं थी।

इस मामले में प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद धुरु से जब मीडिया ने सवाल किया तो उन्होंने कोई



जवाब नहीं दिया है।

विधायक संदीप साहू ने इसे शिक्षा विभाग की लापरवाही बताया है। उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल का पालन जरूरी है। भविष्य में ऐसी गलतियां न हों, इसकी चेतावनी भी दी।

उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि शिक्षक होकर शिष्टाचार भूल गए हैं। कार्यक्रम में पामगढ़ विधायक शेषराज हरिवंश भी मौजूद थे।

# चोरों ने की नगद और जेवरात की चोरी

**कैश समेत 2 लाख की संपत्ति ले गए चोर, परिवार के सदस्य घर में ही थे मौजूद**

गिरिडीह, 19 जून (एजेंसियां)। गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र के ठाकुर बाड़ी टोला में चोरों ने एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने घर में रखे नगदी समेत 2 लाख की जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घर में परिवार सो रहा था और नींद खुलने के बाद उन्हें चोरी की जानकारी मिली। घटना को लेकर भुगतभोगी पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि चोरों ने उनके घर से अलमीरा का ताला तोड़कर उसमें रखा लगभग 60 हजार नगद व सोने चांदी का जेवर सहित 2 लाख से अधिक की संपति चोरी कर ली।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह पूरा परिवार रात को खाना खा कर सो गया था। इसी बीच लगभग दो से तीन बजे रात के बीच चोरों ने घटना को अंजाम दिया। इसकी सूचना सरिया पुलिस को दिया गया है।

# झारखंड शराब-घोटाला, रायपुर के कारोबारी सिंघानिया अरेस्ट

## एसीबी ने पूछताछ के लिए भेजा था समन, छत्तीसगढ़ में रची गई थी 450 करोड़ के स्कैम की साजिश

रायपुर, 19 जून (एजेंसियां)। झारखंड शराब घोटाला मामले में एसीबी की टीम ने छत्तीसगढ़ के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को गिरफ्तार किया है। सिद्धार्थ सिंघानिया सुमित फैसिलिटीज मैनपावर सप्लाई कंपनी के मालिक हैं। इससे पहले झारखंड एसीबी ने सिंघानिया को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था, लेकिन वे वहां नहीं पहुंचे।

इसके बाद जांच एजेंसी ने कोर्ट से उनके खिलाफ वारंट लिया। पिछले दिनों झारखंड एसीबी कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इससे पहले, झारखंड के पूर्व आईएएस अमित प्रकाश और आईएएस विनय चौबे को गिरफ्तार किया गया था। झारखंड में 450 करोड़ का शराब घोटाला हुआ है, जिसकी साजिश रायपुर में रची गई थी।

झारखंड में छत्तीसगढ़ की चार प्लेसमेंट एजेंसियों को मैनपावर सप्लाई का काम मिला था। इनमें



सुमित फैसिलिटीज, ईगल हंटर सॉल्यूशंस, एटूजेड इंफ्रा सर्विसेज और प्राइम वन शामिल है। इन सभी को विनय चौबे के कार्यकाल में काम मिला था।

आरोप है कि, सिद्धार्थ सिंघानिया का उत्पाद विभाग के तत्कालीन प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे से बेहतर रिश्ता था, जिसकी बदौलत उन्हें झारखंड में काम मिला। हालांकि एक साल के भीतर ही अनियमितता के आरोप में छत्तीसगढ़ की प्लेसमेंट एजेंसियों को काम से हटा दिया गया था। यह भी आरोप है कि साजिश के तहत झारखंड में छत्तीसगढ़ मॉडल के आधार पर शराब की खुदरा बिक्री कराई गई। इसमें सिंघानिया की अहम भूमिका थी।

छत्तीसगढ़ में जिस पैटर्न पर आबकारी विभाग में बड़ा घोटाला हुआ, उसी तर्ज पर झारखंड में शराब घोटाला हुआ। इस बात का खुलासा छत्तीसगढ़ एसीबी-ईओडब्ल्यू की ओर से 7 सितंबर को दर्ज की गई एफआईआर से हुआ था।

छत्तीसगढ़ में दर्ज इस एफआईआर में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के सचिव रहे चुके आईएएस विनय कुमार चौबे और पूर्व संयुक्त आयुक्त आबकारी गजेंद्र सिंह का नाम भी शामिल है।

दोनों अफसरों पर रायपुर ईओडब्ल्यू ने धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र रचने की धाराओं में नया केस दर्ज किया था। वहीं छत्तीसगढ़ के लिकर सिंडिकेट से जुड़े सभी लोगों के नाम भी सामने आए हैं।

आर्थिक अपराध अन्वेषण और एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से यह एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें बताया गया है कि तत्कालीन आईएएस अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी और उनके सिंडिकेट झारखंड के अधिकारियों के साथ मिले।

इन सभी ने मिलकर साजिश के तहत झारखंड की आबकारी नीति में फेरबदल किया। इसके बाद राज्य में देशी और विदेशी शराब का टेंडर भी सिंडिकेट के लोगों को दिलवाया।

झारखंड में बिना हिसाब की डुप्लीकेट होलोग्राम लगी देशी शराब की बिक्री की गई।

# पटवारी पति से 70 लाख वसूली, 2.5 करोड़ मांगे

## कांग्रेस नेता ने जमीन भी अपने नाम करवाई, एसीबी-ईओडब्ल्यू में पहुंच बताकर ब्लैकमेलिंग की, अरेस्ट

रायपुर, 19 जून (एजेंसियां)। एसीबी-ईओडब्ल्यू में पहुंच बताकर कांग्रेस नेता ने पटवारी के पति से 70 लाख रुपए वसूली की। साथ ही एक जमीन भी अपने नाम करवा ली। इसके बाद वह रिश्वत के केस फंसाने की धमकी देकर ढाई करोड़ की मांग करने लगा। पीड़ित ने इसकी शिकायत टिकरापारा थाने में की।

इसके बाद पुलिस ने आरोपी हसन आबिदी को बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी की फोटो कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं के साथ वायरल हो रही है, जिसके लेकर भूपेश बघेल ने कहा कि आज के समय में किसी के पास भी फोटो हो सकती है। बहुत सारे बीजेपी नेताओं के साथ भी फोटो होगी तो क्या करेंगे?

पुलिस ने बताया कि देवपुरी निवासी राजेश सोनी का रियल एस्टेट का कारोबार है। उनकी पत्नी सारिका सोनी पटवारी हैं। पिछले कई माह से कांग्रेसी नेता हसन आबिदी उन्हें परेशान कर रहा है।

हसन ने खुद का एसीबी-ईओडब्ल्यू में पहुंच बताकर उनकी पत्नी को फर्जी घूस के केस में फंसाने की धमकी देता था।

17 जून को हसन ने फोन कर एक सप्ताह में 2.5 करोड़ रुपए देने की मांग की थी और रकम नहीं देने पर उनकी पत्नी को झूठे केस में फंसाकर सरकारी नौकरी से निकलवाने और जेल भिजवाने की धमकी दी थी।

शिकायतकर्ता कारोबारी राजेश सोनी ने बताया कि आरोपी ने उसे और उनकी शासकीय कर्मचारी पत्नी को फर्जी घूस के केस में फंसाने की धमकी देकर फरवरी 2025 से अब तक करीब 70 लाख रुपए वसूल लिए। इतना ही नहीं, उसने सिमरन सिटी भाठागांव में 3500 वर्गफुट की जमीन भी दान पत्र के जरिए अपने परिचित के नाम रजिस्ट्री करवा ली।

राजेश ने बताया कि आरोपी ने उसकी पत्नी को धमकी देकर कहा कि उनकी पत्नी सारिका के खिलाफ विवेक नाम के व्यक्ति ने भ्रष्टाचार की शिकायत एसीबी-ईओडब्ल्यू में की है। पटवारियों के खिलाफ एजेंसी लगातार कार्रवाई कर रही है। उनकी पत्नी को भी ट्रैप किया जाएगा।

उस दौरान राजेश ने कहा कि उनकी पत्नी इस तरह के किसी काम में नहीं रहती, शिकायत झूठी है। तब हसन ने कहा कि यह जांच में पता चलेगा। उनके घर पर छापेमारी की जाएगी। इस शिकायत को ईडी और सीबीआई को भी फॉरवर्ड किया जाएगा। इस धमकी से राजेश डर गए और उसने हसन को पैसे भी दे दिए। आरोपी की धमकी के बाद उनकी पत्नी की तबीयत बिगड़ गई है।

# बारिश से बरमसिया रेल ओवरब्रिज की दीवार ढही

धनबाद, 19 जून (एजेंसियां)। धनबाद जंक्शन के पास स्थित बरमसिया रेल ओवरब्रिज की दीवार गुरुवार सुबह ढह गई। यह पुल हावड़ा-धनबाद-गया रेल खंड पर स्थित है। स्टेशन से लगभग 1-2 किलोमीटर की दूरी पर हुई इस घटना में पुल की बुनियाद से मिट्टी और कंक्रीट रेल ट्रैक पर जमा हो रहा है। वर्तमान में नया बाजार ओवरब्रिज की मरम्मत के कारण शहर का अधिकांश यातायात बरमसिया ओवरब्रिज से होकर गुजर रहा है। इस घटना से न केवल रेल परिचालन बल्कि सड़क यातायात भी प्रभावित हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मानसून की शुरुआती बारिश ने ही शहर की व्यवस्था को प्रभावित कर दिया है।

# मेडिकल-स्टोर के बोर्ड में करंट, बच्ची की मौत

## छूते ही जमीन पर गिरी 6 साल की बच्ची संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

रायपुर, 19 जून (एजेंसियां)। रायपुर में 6 साल की बच्ची की करंट लगने से मौत हो गई। जिसका लाइव सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया। जिसमें दिख रहा है कि बच्ची एक मेडिकल स्टोर के सामने गई। उसने मेडिकल स्टोर के बाहर लगे एडवर्टाइजमेंट बोर्ड को टच किया। बोर्ड पर हाथ लगते ही वह करंट की चपेट में आ गई।

इस खबर को दैनिक भास्कर ने प्रमुखता से दिखाया था। जिसके बाद मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इसमें देवी मेडिकल के संचालक अविचल बडगे को आरोपी बनाया गया है। उनके खिलाफ लापरवाही पूर्वक काम का आरोप लगा है।

बच्ची के पिता अंकु गुप्ता ने बताया कि, घटना 27 मई की है। 6 साल की लाव्या गुप्ता अपने नाना नानी के घर गुढ़ियारी के छोटा अशोक नगर आई थी। रात करीब साढ़े 10 बजे वह खेलते हुए पड़ोस के देवी मेडिकल स्टोर में गई।

इस दौरान उसके साथ 12 साल का मामा भी था। बच्ची उसी के पीछे-पीछे गई थी। तभी मेडिकल स्टोर के सामने गुजरते हुए बच्ची ने बाहर लगे इलेक्ट्रिक एडवर्टाइजमेंट बोर्ड को टच कर दिया। सीसीटीवी वीडियो में दिख रहा है कि, बोर्ड को टच करते ही बच्ची करंट की चपेट में आ गई। कुछ सेकेंड बाद वह जमीन पर गिर गई। इस घटना को पास से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने देखा तो आसपास के लोगों को खबर दी।

जिसके बाद देवी मेडिकल स्टोर के संचालक ने बोर्ड के बिजली के स्विच को ऑफ किया। फिर बच्ची को प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। जहां से मेकाहारा रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

इस मामले में अंकु गुप्ता का कहना है कि, बच्ची के पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में करंट लगने से मौत की पुष्टि हुई है।

# चलती ट्रेन के आगे कूदा दंपती, पत्नी की मौत

## दोनों ने की थी लव मैरिज, जख्मी पति बोला– परिवार का सहयोग नहीं मिलने से उठाया कदम

धनबाद, 19 जून (एजेंसियां)। धनबाद में गुरुवार को करकेन्द रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर एक दंपती ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस घटना में पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना पुटकी थाना क्षेत्र की है।

मृतका की पहचान पुटकी बाउरी टोला निवासी अमित बाउरी की पत्नी जया मोदी के रूप में की गई। अमित बाउरी इस घटना में जख्मी है। उसने बताया कि घरेलू विवाद से परेशान होकर गोमो-खड़गपुर सवारी गाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

घायल पति अमित बाउरी ने बताया कि मैंने जया मोदी के साथ कुछ दिन पूर्व ही प्रेम विवाह किया था, पर परिवार वालों ने कोई सहयोग नहीं किया। हर रास्ता हमलोगों के लिए बंद कर दिया। हमलोग कहीं और जा कर भी नहीं रह सकते थे। विवश होकर हमलोगों ने जान देने की ठान ली। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही पुटकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घायल अमित को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# बीजेपी पार्षद के बेटे ने बच्ची से किया रेप

## 7 साल की मासूम को सुनसान मकान में ले गया, मां-बाप को रोते हुए बताई आपबीती

रायगढ़, 19 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में बीजेपी की महिला पार्षद के बेटे ने 7 साल की बच्ची से रेप किया है। पड़ोस में रहने वाली बच्ची को आरोपी बहला-फुसलाकर सुनसान मकान पर ले गया, वहां उससे रेप की वारदात को अंजाम दिया। मामला खरसिया चौकी क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक खरसिया नगर पालिका की महिला पार्षद के आरोपी बेटे का नाम तेंदुलकर सहिस (24) है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। बच्ची की हालत फिलहाल ठीक है। दरअसल, वारदात 18 अप्रैल 2025 शाम की है। 7 साल की मासूम शाम को रोते हुए अपने घर पहुंची। बच्ची डरी-सहमी हुई थी। इससे परिजन चिंतित हुए। उन्होंने बच्ची को शांत कराया, फिर उससे रोने की वजह के बारे में जानकारी ली। बच्ची ने रोते हुए बताया कि पड़ोस में रहने वाला तेंदुलकर सहिस अपने साथ घर से दूर ले गया था। वह तेंदुलकर को पहले से जानती थी, जिससे उसके साथ चली गई। वहां लेकर जाकर तेंदुलकर ने गंदा काम किया है। बच्ची की आपबीती सुनकर परिजन सहम उठे।

परिजनों के मुताबिक वह आरोपी के खिलाफ 18 अप्रैल 2025 की शाम ही थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंच जाते, लेकिन समाज में बदनामी की वजह से हम लोग चुप रहे, लेकिन तेंदुलकर की घिनौनी करतूत आंखों के सामने आ जाती थी, जिसके बाद 17 जून मंगलवार को खरसिया पुलिस चौकी में एफआईआर दर्ज कराई।

वारदात की जानकारी मिलते ही खरसिया पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। महिला पुलिसकर्मियों ने पीड़िता का बयान लिया। बुधवार को पुलिस ने आरोपी तेंदुलकर सहिस को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है।

# तेनुघाट डैम के 8 फाटक खोले गए

बोकारो, 19 जून (एजेंसियां)। बोकारो में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण तेनुघाट डैम के आठ फाटक खोल दिए गए हैं। बुधवार को दो और गुरुवार को 6 फाटक खोले गए। जलस्तर बढ़ने के कारण यह निर्णय लिया गया है। इससे 55 हजार क्यूसेक पानी का बहाव हो रहा है। जिला प्रशासन ने नदियों के किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा है। फाटक खोलने से नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने की संभावना है।

# ट्रम्प की पाकिस्तान आर्मी चीफ से बंद कमरे में मुलाकात

## आसिम मुनीर बोले– अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल प्राइज मिलना चाहिए, उन्होंने भारत–पाकिस्तान संघर्ष रुकवाया

वॉशिंगटन, 19 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर से बंद कमरे में मुलाकात की। दोनों ने व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में साथ लंच किया। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की है।



यह मुलाकात मुनीर के ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार देने की मांग वाले बयान के बाद हुई। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने बताया कि मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया है। उनके इस बयान के सम्मान में ट्रम्प ने उन्हें लंच पर बुलाया था।

आसिम मुनीर अभी अमेरिका के दौरे पर हैं। ट्रम्प से उनकी मुलाकात से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति से 35 मिनट तक फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान मोदी ने साफ कहा था कि 7 से 10 मई तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के बीच बातचीत के बाद सीजफायर हुआ था। किसी बाहरी मध्यस्थता के माध्यम से नहीं।

मुनीर से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने व्हाइट हाउस लॉन में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, 'यह आदमी ने पाकिस्तान की तरफ से इसे (भारत-पाकिस्तान लड़ाई) रोकने में अहम भूमिका निभाई।' ट्रम्प ने बताया कि मुनीर के साथ उनकी ईरान-इजराइल संघर्ष पर भी चर्चा हुई।

मुनीर से मुलाकात से पहले भी ट्रम्प ने मीडिया से बात की थी। तब उन्होंने कहा, 'मैंने उन्हें (मुनीर) को यहां इसलिए बुलाया है क्योंकि मैं उन्हें भारत के साथ युद्ध में नहीं उतरने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जो कुछ दिन पहले ही यहां से गए हैं।'

ट्रम्प ने कहा, 'हम भारत और पाकिस्तान के साथ व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं। इन दो बहुत ही चतुर लोगों (पीएम मोदी और आसिम मुनीर) ने एक टकराव रोकने का फैसला किया जो परमाणु युद्ध बन सकता था। पाकिस्तान और भारत दो बड़ी परमाणु शक्तियां हैं।' इससे पहले मुनीर ने मंगलवार को वॉशिंगटन में पाकिस्तानी समुदाय को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा- भारत पहलगाम हमले का इल्जाम पाकिस्तान पर लगाकर सीमा उल्लंघन कर रहा है। हम शहादत स्वीकार करेंगे, लेकिन अपमान नहीं।

मुनीर ने ईरान-इजराइल युद्ध खत्म करने की वकालत की और अमेरिका के साथ आतंकवाद विरोधी साझेदारी की तारीफ की। हालांकि, पाकिस्तानियों को संबोधित करने के दौरान उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिकी-पाकिस्तानी नागरिकों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया। विदेश मामलों के जानकार और किंग्स कॉलेज लंदन में प्रोफेसर हर्ष वी. पंत का कहना है कि एक लोकतांत्रिक देश के राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान के सैन्य शासक मुनीर से मुलाकात कर यह मान्यता दे दी है कि मुनीर ही असली शासक हैं।

### हाईकोर्ट की टिप्पणी-पति मानकर लंबे समय तक बनाए गए शारीरिक संबंध दुष्कर्म नहीं

बिलासपुर, 19 जून (एजेंसियां)। रेप के एक मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा है कि पीड़िता बालिग है और लंबे समय तक युवक को पति मानकर शारीरिक संबंध बनाया गया है, तो इसे दुष्कर्म नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा- इससे यह स्पष्ट है कि वह अपनी इच्छा से साथ रह रही थी। हाईकोर्ट ने रायगढ़ के फास्ट ट्रैक कोर्ट के आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध करने के आदेश को रद्द कर दिया है। बता दें, कि महिला ने रायगढ़ के चक्रधर नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था, कि आरोपी ने साल 2008 में उससे शादी करने का झांसा देकर उसका यौन शोषण करना शुरू किया। महिला पहले बिलासपुर में रहती थी और एक एनजीओ में काम करती थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी, उसने पीड़िता से शराबी पति को छोड़ने कहा, और उससे शादी करने का वादा किया। आरोपी ने उसे किराए का मकान दिलवाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

# ये लोकतंत्र के चैंपियन हैं, दूसरों को ज्ञान देने वाले अमेरिका की हकीकत देखें




वॉशिंगटन, 19 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ लंच किया। इस दौरान ट्रंप ने कहा कि वह मुनीर से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। ट्रंप के असीम मुनीर के साथ लंच से ज्यादा उनके सम्मानित होने वाले बयान की चर्चा हो रही है। किसी अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष द्वारा दूसरे देश के बदनाम सेना प्रमुख, जिस पर मानवाधिकार हनन और तानाशाह बनने के आरोप लगे हैं, उससे मिलने के बाद खुद को सम्मानित होना बताना समझ से परे है। वो भी तब, जब अमेरिका पूरी दुनिया में खुद को लोकतंत्र का चैंपियन बताता घूमता है और दूसरे देशों के लोकतंत्र में खामियां निकालता रहता है।

सवाल यह भी उठ रहा है कि अगर ट्रंप को पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना था, तो उन्हें उस देश की नागरिक सरकार के प्रमुख को बुलाना चाहिए था।

शहबाज शरीफ भले ही पाकिस्तानी सेना के रबर स्टॉम्प हैं, लेकिन एक तथाकथित चुनी हुई सरकार के प्रमुख हैं। ऐसे में अगर ट्रंप उनको बुलाते और फिर सम्मानित होने वाला बयान देते, तो शायद ही कोई सवाल उठाता, क्योंकि यह एक लोकतांत्रिक सरकार की दूसरी लोकतांत्रिक

#### इन्हें शर्म भी नहीं आती

सरकार के साथ संबंध रखने की बात होती। लेकिन, ट्रंप ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के 'बॉस' यानी जनरल असीम मुनीर को ही बुला लिया।

डोनाल्ड ट्रंप अपनी बेबाक बयानों के लिए जाने जाते हैं, भले ही वो अमेरिकी विदेश नीति को ही नुकसान पहुंचा दे। वह जानते हैं कि पाकिस्तान का असली मालिक कौन है। अगर ट्रंप शहबाज शरीफ को बुलाकर पाकिस्तान के साथ कोई डील करते, तो वह पाकिस्तानी सेना की मंजूरी के बाद ही लागू होता। ऐसे में ट्रंप ने सीधे पाकिस्तानी सेना से ही डील की और बिचौलिए शहबाज सरकार को दूध में गिरी मक्खी की तरह बाहर फेंक दिया। ऐसे में अब अमेरिकी प्रस्तावों को पाकिस्तान में स्क्रूटनी से नहीं गुजरना होगा और वह सीधे लागू हो जाएगा, चाहें सरकार में कोई भी हो। पिछले साल अगस्त में शेख हसीना सरकार की पतन के बाद अमेरिका के करीबी मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की कमान संभाली।

# अमेरिका में प्रलय के विमान ने भरी उड़ान

## परमाणु हमले के समय होता है इस्तेमाल, ईरान–इजरायल युद्ध में क्या होने जा रहा?




वॉशिंगटन, 19 जून (एजेंसियां)। इजरायल और ईरान में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका का 'डूम्सडे प्लेन' कहे जाने वाले सैन्य विमान ई-4बी ने उड़ान भरी है। मंगलवार को यह जेट अमेरिका में उड़ान भरते हुए देखा गया है। इससे वॉशिंगटन के जल्दी ही ईरान-इजरायल युद्ध में शामिल होने की अटकलें पैदा हुई हैं। ई-4बी नाइटवॉच एयरक्राफ्ट परमाणु हमले जैसे बड़े संकट के दौरान अमेरिका के शीर्ष सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व को बचाने के लिए बनाया गया है। इस विमान का उड़ान भरना और 'आरडर01' नाम के नए कॉलसाइन का उपयोग करने ने इन अटकलों को हवा दी है कि अमेरिका ईरान के खिलाफ लड़ाई की तैयारी कर रहा है।

ई-4बी नाइटवॉच ने अमेरिका के लुइसियाना में बार्क्सडेल एयरफोर्स बेस से मंगलवार शाम 6 बजे से पहले उड़ान भरी और चार घंटे तक हवा में रहने के बाद रात 10 बजे के तुरंत बाद मैरीलैंड में जॉइंट बेस एंड्रयूज पर उतरा। इसके अलावा इस उड़ान में सामान्य 'आरडर6' के बजाय एक नए कॉलसाइन 'आरडर01' का इस्तेमाल हुआ, जिसका पहले कभी उपयोग नहीं किया गया है। ऐसे में सवाल है कि ईरान-इजरायल युद्ध में क्या कुछ भयावह होने जा रहा है।

अमेरिकी जेट ई-4बी विमान नियमित रूप से ऑपरेशनल तैयारी की जांच के लिए उड़ान भरते रहते हैं लेकिन इस विशेष उड़ान का समय ध्यान खींच रहा है। विमान ने ऐसे समय पर उड़ान भरी, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से 'बिना शर्त आत्मसमर्पण' की मांग की है और इजरायल को लिए पूर्ण समर्थन का वादा किया है। अमेरिका का ई-4बी डूम्सडे प्लेन (प्रलय का जेट) के नाम से मशहूर है। ई-4बी नाइटवॉच एक सुरक्षित मोबाइल कमांड सेंटर के रूप में काम करता है, जिसे परमाणु हमलों और इल्क्ट्रो मैग्नेट पल्स का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह जेट 67 सैटेलाइट डिश और एंटेना से लैस है, जो वैश्विक संचार को सक्षम बनाता है। यह आपात स्थिति में राष्ट्रपति, रक्षा सचिव और वरिष्ठ सैन्य नेताओं के लिए कनेक्टिविटी सुनिश्चित करता है।

# ईरान की तबाही का सबब बनेंगे 3 मुस्लिम देश

## खाड़ी में अलर्ट पर 40 हजार अमेरिकी सैनिक, शिया देश के पलटवार के खौफ में ट्रंप

तेहरान, 19 जून (एजेंसियां)। इजरायल और ईरान की लड़ाई में दुनिया की नजर अमेरिका पर टिकी हुई है। अमेरिका ने लड़ाई में शामिल होने के संकेत दिए हैं। दूसरी ओर ईरान ने धमकी दी है कि वह पश्चिम एशिया में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाने से पीछे नहीं हटेगा। ईरान ने इजरायल के प्रमुख शहरों पर मिसाइल हमले कर अपनी ताकत दिखाने की कोशिश की है। ईरान को इसमें एक हद तक कामयाबी भी मिली है। अब यह सवाल उठता है कि अमेरिका लड़ाई में कूदा तो ईरान उस पर कैसे जवाबी कार्रवाई कर सकता है। इस पर अमेरिकी सेना के बीच विचार हो रहा है। गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान पर हमले की योजनाओं को मंजूरी देने के बाद अमेरिकी रक्षा विभाग ईरान की जवाबी कार्रवाई के तरीकों पर विचार कर रहा है। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप ने अभी तक सेना को ईरान पर हमले का आदेश नहीं दिया है लेकिन पेंटागन यह समझने की कोशिश कर रहा है कि ईरान किस तरह जवाब दे सकता है। तनातनी के बीच अमेरिका ने यूएई, जॉर्डन और सऊदी अरब सहित खाड़ी में तैनात अपने 40,000 सैनिकों को हाई अलर्ट पर रखा है।

ईरान के पास अमेरिका पर जवाबी कार्रवाई के कई विकल्प हैं। इनमें मिसाइल हमला सबसे प्रमुख है। ईरान के पास बड़ी संख्या में बैलिस्टिक मिसाइलें हैं। ईरान ने इजरायल पर सैकड़ों मिसाइलें दागकर अपनी ताकत भी दिखा दी है। अमेरिकी खुफिया अधिकारियों का मानना है कि ईरान की ओर से अरब में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल हमले हो सकते हैं।

पश्चिम एशिया और आसपास के क्षेत्रों में अमेरिका के कम से कम 20 सैन्य ठिकाने हैं। इनमें से ज्यादातर ईरान की सेज्जिल-2 बैलिस्टिक मिसाइल की 2,000 किलोमीटर की सीमा के भीतर आते हैं। ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि इराक और सीरिया स्थित अमेरिकी ठिकाने ईरान के निशाने पर सबसे पहले होंगे। इसके बाद ईरान अरब देशों में स्थित दूसरे ठिकानों पर ध्यान केंद्रित कर सकता है। अमेरिका के दो बड़े विमानवाहक पोत पश्चिम एशिया में तैनात हैं और एक तीसरा पोत रास्ते में है। ये पोत भी ईरानी मिसाइलों के लिए बड़े लक्ष्य हो सकते हैं। अरब प्रायद्वीप और फारस की खाड़ी के पश्चिमी किनारे के बीच स्थित होर्मुज जलडमरूमध्य पश्चिम के खिलाफ ईरान के सबसे शक्तिशाली हथियारों में से एक है। यहां ईरान अपनी ताकत दिखा सकता है। ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकना कितना मुश्किल है, ये इजरायल में दिख गया है। ऐसे में अमेरिकी सेना ने बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने के लिए अपने पैट्रियट और टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस को पश्चिम एशिया में तैनात करना शुरू कर दिया है।

# म्यांमार के गृहयुद्ध में उतरे रोहिंग्या मुस्लिम

## अराकान आर्मी से आरपार का इरादा, बांग्लादेश में लड़ाकों की भर्ती

नेपीडा, 19 जून (एजेंसियां)। म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध ने सबसे ज्यादा प्रभाव रखाइन राज्य पर डाला है। रखाइन में बीते महीनों में अराकान आर्मी (एए) ने लगातार जुंटा शासन के खिलाफ बढ़त बनाई है और राज्य के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा कर लिया है। एए का रुख स्थानीय रोहिंग्या मुस्लिमों के खिलाफ रहा है। इसकी वजह से रोहिंग्याओं को बड़ी तादाद में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इसका नतीजा ये हो रहा है कि कई विद्रोही समूह रखाइन में एए के खिलाफ लड़ाई में जुंटा के साथ शामिल हो गए हैं। इससे बांग्लादेश में शरण लिए रोहिंग्याओं का संकट बढ़ सकता है। बांग्लादेश में ही ये गुट लड़ाकों की भर्ती कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप (आईसीजी) की एक नई रिपोर्ट कहती है कि रोहिंग्या विद्रोही समूहों ने रखाइन के लिए लड़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बांग्लादेश में शरणार्थी शिविरों को नियंत्रित करने के लिए वर्षों से चल रहे युद्ध को रोक दिया है। ये गुट जुंटा सैनिकों या संबद्ध मिलिशिया के साथ एए के खिलाफ लड़ रहे हैं।


म्यांमार में रखाइन राज्य में पिछले 18 महीनों में सैन्य सरकार ने सबसे अधिक जमीन खोई है। अराकान आर्मी ने उत्तरी रखाइन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है और पूरे राज्य पर कब्जा करने की तैयारी में है। जुंटा हवाई हमलों से प्रतिरोध-नियंत्रित कस्बों और शहरों पर बमबारी कर रहा है और एए के खिलाफ एक पूर्व कट्टर दुश्मन को जुटाने की कोशिश कर रहा है।

इस कोशिश में रोहिंग्या गुटों का साथ उसे मिलता दिख रहा है। रोहिंग्या मुख्य रूप से मुस्लिम जातीय समूह है, जिसका म्यांमार में उत्पीड़न का लंबा इतिहास है।

# ईरान के फोर्डो परमाणु प्लांट के सामने अमेरिका का बंकर बस्टर बम भी हो जाएगा बेकार

## क्यों हमला करने से डर रहे ट्रंप

वॉशिंगटन/यरुशलम/तेहरान, 19 जून (एजेंसियां)। इजरायल और ईरान की भीषण जंग सातवें रोज में पहुंच गई है, लेकिन अमेरिका अभी तक इस फैसले पर नहीं पहुंच पाया है कि वह जंग में शामिल होगा या नहीं। इसकी वजह डोनाल्ड ट्रंप का अमेरिका के कथित बंकर बस्टर बम पर पूरी तरह भरोसा नहीं होना है। सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान के फोर्डो परमाणु सुविधा को नष्ट करने के लिए इजरायल को अमेरिका की मदद की आवश्यकता है। अमेरिका के पास ही ऐसे बंकर बस्टर बम है, जो पहाड़ के नीचे मौजूद ईरानी परमाणु प्लांट को खत्म कर कर सकते हैं, लेकिन खुद अमेरिकी राष्ट्रपति को इस पर भरोसा नहीं है।



मामले से परिचित लोगों के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप ने रक्षा अधिकारियों को कहा है कि अमेरिका को ईरान पर हमले करना तब ही सही होगा, जब बंकर बस्टर बम से फोर्डो में यूरेनियम संवर्धन सुविधा को खत्म करने की गारंटी हो। ट्रंप को बताया गया था कि 13.6 टन (30000 पाउंड) के बम जीबीयू-57 को गिराने से फोर्डो परमाणु संयंत्र नष्ट हो जाएगा। लेकिन वह इससे पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है। यही वजह है कि उन्होंने हमले के लिए आखिरी आदेश नहीं दिया है। ट्रंप इस संभावना की तरफ भी देख रहे हैं कि अमेरिका की भागीदारी के डर से ईरान बातचीत के लिए आगे बढ़ेगा।

जीबीयू-57 यानी बंकर बस्टर बम की प्रभावशीलता को लेकर पेंटागन में गहरे मतभेद हैं। दो रक्षा अधिकारियों के अनुसार, ऐसा बताया गया था कि फोर्डो न्यूक्लियर प्लांट पहाड़ के नीचे बहुत गहराई में है और इसे खत्म करने में केवल एक सामरिक परमाणु हथियार की सक्षम हो सकता है। मामले से परिचित दो लोगों का कहना है कि ट्रंप फोर्डो को नष्ट करने के लिए सामरिक परमाणु हतियार के उपयोग करने के पक्ष मे नहीं है।

# हिजबुल्लाह, हूती, इराक के शिया लड़ाके

## इजरायल के खिलाफ ईरान को अकेला क्यों छोड़ गए दोस्त, 40 साल की मेहनत बेकार

तेहरान, 19 जून (एजेंसियां)। ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष दूसरे हफ्ते में एंट्री कर रहा है। गुरुवार को दोनों देशों को एक-दूसरे पर हमले करते हुए सात दिन हो गए हैं। इजरायल के साथ उसका सबसे प्रमुख सहयोगी अमेरिका मजबूती से खड़ा दिखा है और पश्चिम से भी उसको समर्थन मिल रहा है। दूसरी ओर ईरान को अपने खास सहयोगियों का साथ मिलता नहीं दिखा है। ईरान ने पिछले चार दशक में पश्चिम एशिया में इजरायल-अमेरिका के खिलाफ प्रतिरोध की धुरी पर काफी निवेश किया है। ऐसा लगता है कि ईरान पर संकट के समय उसके दोस्त यानी ये धुरी गायब है।



इजरायल के ईरान पर हो रहे भीषण हमलों के समय उसके सहयोगी गुट चुप हैं। ऐसे में ईरान लड़ाई में अकेला पड़ रहा है। लेबनान में हिजबुल्लाह, गाजा में हमास, यमन में हूती और इराक की शिया मिलिशिया को ईरान से लगातार समर्थन मिलता रहा लेकिन जब ईरान को जरूरत है तो उसके यह सहयोगी गुट तेहरान की मदद नहीं कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि वे कमजोर पड़े हुए हैं या फिर अपने ही मुद्दों में उलझे हुए हैं।

लेबनान में ईरान के प्रतिनिधि की तरह माने जाने वाले गुट हिजबुल्लाह ने तेहरान पर इजरायल के हमलों के बाद से कोई बड़ी जवाबी कार्रवाई नहीं की है। एक साल पहले तक शायद हिजबुल्लाह की ओर से ऐसे मौके पर कड़ी प्रतिक्रिया आती लेकिन 2023 से लगातार हो रहे इजरायली हमलों से समूह की क्षमताएं कमजोर हुई हैं।

हिजबुल्लाह को बीते साल हसन नसरल्लाह की मौत ने बड़ा झटका दिया है। हसन की मौत के बाद हिजबुल्लाह में पहले जैसी ताकत नहीं रह गई है। सीरिया में बशर अल-असद की सरकार के गिरने का भी इस गुट पर असर हुआ है। सीरिया के रास्ते से अब हिजबुल्लाह को मदद नहीं पहुंच पा रही है। गाजा में फिलिस्तीनी समूह हमास भी ईरान का खास सहयोगी रहा है। हमास अक्टूबर, 2023 से इजरायल के हमलों का सामना कर रहा है।

# कनाडाई एजेंसी ने भारत पर दखलअंदाजी का आरोप लगाया

## कहा– ये सब खालिस्तानियों की वजह से, वे भारत में हिंसा फैला रहे

ओटावा, 19 जून (एजेंसियां)। कनाडा की सीक्रेट एजेंसी (सीएसआईएस) ने बुधवार को जारी अपनी रिपोर्ट में भारत पर कनाडा में विदेशी हस्तक्षेप का आरोप लगाया। सीएसआईएस की रिपोर्ट में कहा गया कि भारत ट्रांस नेशनल दमन (सीमा पार दमन) में मेन रोल निभाता है।

रिपोर्ट में चीन को कनाडा के लिए सबसे बड़ा सीक्रेट खतरा बताया गया। इसके अलावा रूस, ईरान और पाकिस्तान का भी नाम लिया गया।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अधिकारी और कनाडा में मौजूद उनके प्रॉक्सी एजेंट्स ने कनाडाई नेताओं को प्रभावित करने की कोशिशें की है। इन भारतीय अधिकारियों ने कनाडा की नीतियों को भारत के हितों के मुताबिक मोड़ने की कोशिश की, खासकर खालिस्तान के मामले में।

रिपोर्ट में यह भी कहा है कि खालिस्तानी उग्रवादी भारत में हिंसा के लिए कनाडा का इस्तेमाल कर रहे हैं। सीएसआईएस ने कहा कुछ लोग कनाडा का इस्तेमाल भारत में हिंसा को बढ़ावा देने, धन जुटाने और प्लानिंग करने के लिए कर रहे हैं। 2024 में कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों से जुड़ा कोई हमला नहीं हुआ, लेकिन इनकी एक्टिविटी कनाडा और उसके हितों के लिए खतरा बनी हुई हैं। खालिस्तानी उग्रवाद की वजह से भारत का कनाडा में विदेशी हस्तक्षेप बढ़ रहा है।

कनाडा यह रिपोर्ट ऐसे समय पर आई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने जी7 समिट में आपसी संबंधों को पटरी पर लाने की बात कही थी। हालांकि, रिपोर्ट में पहली बार साफ तौर पर यह स्वीकार किया गया है कि कनाडा की धरती का इस्तेमाल कुछ खालिस्तानी चरमपंथी भारत में हिंसा फैलाने, धन जुटाने और योजनाएं बनाने के लिए कर रहे हैं। कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कननास्किस में 3 दिन चले जी7 समिट में पीएम मोदी ने हिस्सा लिया। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने मोदी का वेलकम किया। इसके बाद दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच द्विपक्षीय मुलाकात हुई। मीटिंग के बाद मोदी ने कहा- भारत और कनाडा के संबंध काफी महत्वपूर्ण हैं। मैं भारत को जी-7 में आमंत्रित करने के लिए आपका (कनाडाई पीएम) बहुत आभारी हूं। मैं भाग्यशाली भी हूं कि मुझे 2015 के बाद एक बार फिर कनाडा आने और कनाडा के लोगों से जुड़ने का अवसर मिला है। इसी के साथ भारत और कनाडा के बीच हाई कमिश्नर को फिर से बहाल करने पर सहमति बन गई है।

दरअसल आतंकी निज्जर हत्याकांड के बाद पिछले साल अक्टूबर में दोनों देशों ने 6-6 डिप्लोमैट्स को देश से निकाल दिया था। साल 2023 में कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों की भूमिका हो सकती है।

### हैकर्स ने ईरान की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरंसी कंपनी से उड़ाए 9 करोड़ डॉलर

दुबई, 19 जून (एजेंसियां)। हैकर्स एक समूह ने गुरुवार को ईरान की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरंसी एक्सचेंज 'नोबिटेक्स' से 9 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम चुरा ली। ब्लॉकचेन का विश्लेषण करने वाली कंपनियों ने यह जानकारी दी। इन हैकर्स के इजरायल से जुड़े होने की आशंका है। इसकी जिम्मेदारी लेने वाले हैकर्स समूह ने दावा किया कि उसने कंपनी का पूरा सोर्स कोड लीक कर दिया है। हैकर्स समूह ने अपने टेलीग्राफ खाते पर लिखा, नोबिटेक्स में जो भी संपत्तियां थीं, वह अब सार्वजनिक हो चुकी हैं। ब्लॉकचेन का विश्लेषण करने वाली कंपनी 'एलिपटिक' ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा, चुराए गए पैसे उन वॉलेट में भेजे गए।

# पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टिना फर्नांडिज की नजरबंदी शुरू

## हजारों लोग समर्थन में सड़क पर उतरे

ब्यूनस आर्यस, 19 जून (एजेंसियां)। अर्जेंटीना की पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टिना फर्नांडेज की भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद छह साल घर में ही नजरबंद रहने की सजा शुरू हो गई है। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति को राजनीति से भी पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। क्रिस्टिना के समर्थन में हजारों लोग सड़कों पर उतरे और पूर्व राष्ट्रपति के समर्थन में रैली निकाली। क्रिस्टिना फर्नांडेज साल 2004-2007 तक अर्जेंटीना की प्रथम महिला के पद पर रहीं। इसके बाद 2007 से 2015 तक दो बार अर्जेंटीना के राष्ट्रपति पद पर रहीं। साल 2019 से 2023 तक क्रिस्टिना अर्जेंटीना की उपराष्ट्रपति रहीं।

इस तरह क्रिस्टिना का करीब दो दशकों तक अर्जेंटीना की राजनीति में दबदबा रहा है। आज भी क्रिस्टिना फर्नांडेज को राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के विरोध का प्रमुख चेहरा माना जाता है। विभिन्न पोल्स से पता चला है कि अभी भी फर्नांडेज और उनकी पार्टी को अर्जेंटीना के 30 प्रतिशत लोगों का समर्थन हासिल है। नजरबंदी के खिलाफ बड़ी संख्या में लोगों का समर्थन मिलना भी इस बात का सबूत है।

72 वर्षीय फर्नांडीज ने अपने समर्थकों को रिकॉर्ड किए गए भाषण में कहा, 'हम वापस आएंगे, और, इससे भी बढ़कर, हम अधिक बुद्धिमत्ता, अधिक एकता और अधिक ताकत के साथ वापस आएंगे।' 2022 में जिस मामले में क्रिस्टिना को पहली बार दोषी ठहराया गया था, उसमें पाया गया कि उन्होंने एक मित्र व्यवसायी को सार्वजनिक निर्माण अनुबंध देने में धोखाधड़ी की थी। हालांकि क्रिस्टिना ने आरोपों का खंडन किया है और अपने विरोधियों पर न्याय प्रणाली को उनके खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। अदालत के फैसले से पहले इस महीने क्रिस्टिना ब्यूनस आर्यस के प्रांतीय विधायिका का चुनाव लड़ने की योजना बना रहीं थीं। क्रिस्टिना के समर्थन में भारी भीड़ का जुटना अर्जेंटीना में तेज होते विभाजन का सबूत है। फर्नांडेज के कार्यकाल में कल्याण और सार्वजनिक रोजगार में खासी वृद्धि हुई, जिससे अर्जेंटीना में महंगाई में उछाल आया और देश भारी घाटे में चला गया।





# अक्षय कुमार की 'केसरी 2' के मेकर्स पर एफआईआर दर्ज तृणमूल कांग्रेस ने फिल्म पर लगाया आरोप

पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि फिल्म 'केसरी 2' में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में राज्य के योगदान को गलत तरीके से दिखाया है। पार्टी का आरोप है कि ऐसा करके बंगाली क्रांतिकारियों का अपमान किया गया है। यही कारण है कि 'केसरी 2' के सात प्रोड्यूसर के खिलाफ विधाननगर दक्षिण पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

**इस सीन के कारण हुआ विवाद**

तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि फिल्म 'केसरी 2' में बंगाल के मुख्य स्वतंत्रता सेनानियों, खासतौर पर क्रांतिकारी खुदीराम बोस और बरिंद्र कुमार घोष को गलत तरीके से फिल्म में दिखाया गया है। टीएमसी के अनुसार फिल्म में खुदीराम बोस को खुदीराम सिंह के तौर पर दिखाया गया है और बरिंद्र कुमार घोष को अमृतसर के बीरेंद्र कुमार के तौर पर पेश किया गया है। टीएमसी नेता कुणाल घोष और अरूप चक्रवर्ती ने पार्टी मुख्यालय में इस मामले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की है।

**बंगाल के खिलाफ साजिश बताया**

कुणाल घोष ने कहा, 'भारत की



आजादी के लिए अपनी जान देने वाले बंगाली क्रांतिकारियों के नामों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। यह सिर्फ एक गलती नहीं है। यह स्वतंत्रता आंदोलन में बंगाल की भूमिका को मिटाने की साजिश है। ऐसी फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट कैसे मिल गया?' वह आगे कहते हैं, 'खुदीराम बोस और बरिंद्र कुमार घोष के अलावा फिल्म में हेमचंद्र कानूनगो को भी गलत तरीके से पेश किया गया है। वह ऐसे क्रांतिकारी थे जिन्होंने युवाओं को बम बनाने की ट्रेनिंग आजादी के समय पर दी थी।' घोष ने दावा किया कि फिल्म निर्माताओं ने कथिततौर पर उनके किरदार की जगह कृपाल सिंह नामक एक काल्पनिक किरदार को रख दिया है। टीएमसी नेताओं ने केंद्र से जल्द ही कार्रवाई की मांग की है। सेंसर बोर्ड की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं।

**ममता बनर्जी ने निंदा की**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फिल्म का नाम लिए बिना फिल्म निर्माताओं की आलोचना की और आरोप लगाया कि वे भाजपा के साथ मिलकर बंगाल के स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को कमतर आंकने की कोशिश कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा, 'आजादी की लड़ाई में बंगाली क्रांतिकारियों द्वारा निभाई गई भूमिका को कमतर आंकने की कोशिश की जा रही है। हम इसकी निंदा करते हैं। भाजपा बंगाल और हमारी सांस्कृतिक विरासत को निशाना बना रही है।'

बंगाली एक्टर ऋत्विक चक्रवर्ती ने भी कहा, 'मुझे नहीं पता कि मुझे इसे खराब रिसर्च टीम कहना चाहिए या खराब कहानी। यह बिल्कुल साफ है कि बंगाली क्रांतिकारियों की भूमिका को कमतर आंकने की कोशिश की गई।'

**भाजपा ने किया पलटवार**

हालांकि भाजपा ने दावा किया कि टीएमसी एक गैर-मुद्दे को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य कहते हैं, 'कई बार फीचर फिल्मों में हमने देखा है कि किरदारों के नाम बदल दिए गए हैं। तो भाजपा का इससे क्या लेना-देना है? हम सभी जानते हैं कि टीएमसी ने हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को कितना सम्मान दिया है।'

बताते चलें कि करण सिंह त्यागी द्वारा निर्देशित फिल्म 'केसरी 2' रघु पालत और पुष्पा पालत की किताब 'द केस दैट शुक द एंपायर' पर बेस्ड है। फिल्म में अक्षय कुमार, आर. माधवन और अनन्या पांडे ने लीड रोल निभाए हैं।

# 'मगधीरा' से लेकर 'सिंघम' तक काजल ने निभाए उम्दा किरदार, साउथ-हिंदी फिल्मों में खूब जमाया रंग

काजल अग्रवाल ने अपने करियर की शुरुआत हिंदी फिल्म 'क्यों हो गया ना (2004)' से की। इस फिल्म में काजल ने ऐश्वर्या राय की बहन का रोल किया। मगर इसके बाद काजल ने सीधा दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया। अपने बीस साल के करियर में कई बड़ी साउथ फिल्में काजल अग्रवाल ने की हैं। साथ ही कुछ हिट हिंदी फिल्मों में भी वह नजर आईं।



**साउथ की इन चर्चित फिल्मों में दिखीं काजल**

मगधीराः बाहुबली से पहले एसएस राजामौली ने फिल्म 'मगधीरा (2009)' बनाई। यह एक तेलुगू फैंटेसी एक्शन ड्रामा फिल्म थी। फिल्म में लीड रोल में राम चरण थे। साथ ही इस फिल्म में काजल अग्रवाल ने एक राजकुमारी का किरदार निभाया था। फिल्म में पुनर्जन्म के बाद वह एक आम लड़की रोल में भी नजर आती हैं।

आर्या 2ः साल 2009 में ही काजल अग्रवाल ने अल्लू अर्जुन के साथ एक रोमांटिक एक्शन फिल्म 'आर्या 2' की। इस फिल्म को पुष्पा फेम डायरेक्टर सुकुमार ने निर्देशित किया था। फिल्म में एक वर्किंग वुमन के रोल में काजल अग्रवाल नजर आईं।

विवेगमः साल 2017 में रिलीज हुई अजित कुमार की फिल्म 'विवेगम' में भी काजल अग्रवाल ने लीड रोल निभाया। वह अजित के किरदार की पत्नी के रोल में दिखीं। इन फिल्मों के अलावा भी काजल ने कई हिट साउथ इंडियन फिल्मों में काम किया, वह लगभग सभी बड़े साउथ स्टार्स के साथ एक्टिंग कर चुकी हैं।

कन्नप्पा : जल्द ही रिलीज होने वाली तेलुगू फिल्म 'कन्नप्पा' में भी काजल अग्रवाल नजर आएंगी। इस माइथोलॉजिकल फिल्म में वह माता पार्वती के रोल में दिखेंगी। वहीं शिव भगवान के रोल में अक्षय कुमार नजर आएंगे।

**इन हिट हिंदी फिल्मों में काजल ने किया अभिनय**

कुछ महीनों पहले काजल अग्रवाल सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' में भी नजर आईं। फिल्म में रश्मिका मंदाना भी थी लेकिन काजल का रोल भी काफी अहम था। एआर मुरुगदास ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया था।

साल 2011 में काजल अग्रवाल ने अजय देवगन की फिल्म 'सिंघम' में काव्या का किरदार निभाया था। इस फिल्म को रोहित शेट्टी ने निर्देशित किया।

साल 2013 में काजल अग्रवाल अक्षय कुमार की फिल्म 'स्पेशल 26' में नजर आईं। फिल्म को नीरज पांडे ने निर्देशित किया था। फिल्म में वह अक्षय की लवर के रोल में थीं।

काजल अग्रवाल ने रणदीप हुड्डा के साथ एक रोमांटिक फिल्म 'दो लफ्जों की कहानी(2016)' की थी। इसमें वह एक अंधी लड़की के रोल में दिखीं। दीपक तिजोरी इस फिल्म के निर्देशक थे।

अगले साल काजल अग्रवाल नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म 'रामायण' में मंदोदरी के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म की इन दिनों शूटिंग चल रही है।

**काजल अग्रवाल की पर्सनल लाइफ**

करियर से हटकर काजल अग्रवाल की पर्सनल लाइफ की बात की जाए तो उन्होंने साल 2020 में गौतम किचलू ने शादी की। साल 2022 में काजल ने बेटे को जन्म दिया, उसका नाम नील रखा है। शादी, प्रेग्नेंसी के कारण छोटे-छोटे ब्रेक काजल अग्रवाल ने लिए, मगर वह अभिनय से दूर बिल्कुल नहीं गईं।

**सोशल मीडिया पर अच्छी-खासी फॉलोइंग**

काजल अग्रवाल की सोशल मीडिया पर भी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है। एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर लगभग 26 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वह अपने लाइफ के छोटे-बड़े अपडेट्स फैंस के साथ साझा करती हैं। अपनी तस्वीरें, लुक्स भी सोशल मीडिया पर खूब साझा करती हैं।

# दीपिका पादुकोण से विद्या बालन तक, शादी के बाद इन अभिनेत्रियों ने नहीं लगाया पति का सरनेम

'नाम में क्या रखा है'? विलियम शेक्सपियर की यह बात अक्सर लोग दोहराते हैं। यह बात अपनी जगह सही भी है। मगर, एक सच यह भी है कि नाम में किसी इंसान की पहचान छिपी है। मगर, इस बहाने हम उन अभिनत्रियों से मिलवा रहे हैं, जिन्होंने प्रचलित परंपरा के मुताबिक शादी के बाद भी अपने पति का सरनेम नहीं लगाया है। जानते हैं



लड़कियों के मामले में अक्सर शादी के बाद उपनाम में बदलाव कर दिया जाता है। उपनाम की बात हम अचानक इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि हाल ही में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने नाम के आगे से 'आहूजा' सरनेम हटा दिया। उन्होंने यह फैसला न्यूमरोलॉजी के मुताबिक लिया है।

**दीपिका पादुकोण**

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह इंडस्ट्री के पॉपुलर कपल्स में शुमार हैं। दोनों की बॉन्डिंग गजब की है। दीपिका पादुकोण और रणवीर की शादी 2018 में हुई। अभिनेत्री ने शादी के बाद अपना सरनेम नहीं बदला है। बता दें कि रणवीर और दीपिका की एक बिटिया है, जिसका नाम कपल ने दुआ रखा है।

**अनुष्का शर्मा**

इसी तरह अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने भी शादी के बाद सरनेम में बदलाव नहीं किया। अनुष्का ने साल 2017 में विराट कोहली से शादी रचाई। कपल के दो बच्चे- बेटी वामिका और बेटा अकाय है।

**कैटरीना कैफ**

कैटरीना कैफ ने 2021 में विक्की कौशल से शादी रचाई। दोनों ने राजस्थान के सवाई माधोपुर के सिक्स सेंस फोर्ट बरवाड़ा में निजी समारोह में शादी की। शादी के बाद कैटरीना ने अपना सरनेम नहीं बदला है।

**रवीना टंडन**

अभिनेत्री रवीना टंडन का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। उन्होंने साल 2004 में डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी के साथ पंजाबी ट्रेडिशन से शादी रचाई। शादी के बाद रवीना ने अपने उपनाम में कोई बदलाव नहीं किया।

**विद्या बालन**

चर्चित अभिनेत्री विद्या बालन भी इस लिस्ट में शामिल हैं। महिलाओं से जुड़े हर मुद्दे पर बेबाकी से बात रखने वाली अभिनेत्री विद्या की शादी साल 2012 में सिद्धार्थ रॉय कपूर से हुई। शादी के बाद विद्या बालन ने उपनाम नहीं बदला है।

**ट्विंकल खन्ना**

चर्चित अभिनेत्री और अब राइटर बन चुकीं ट्विंकल खन्ना ने अक्षय कुमार से शादी के बाद अपना सरनेम नहीं बदला है। अक्षय और ट्विंकल की शादी साल 2001 में हुई। ट्विंकल तो सरनेम में बदलाव पर टिप्पणी भी कर चुकी हैं। एक बार एक ट्वीट में उन्होंने कहा था कि शादी के बाद अपना सरनेम इसलिए नहीं बदला, क्योंकि वह शादीशुदा हैं, ब्रांडेड नहीं हैं। इस लिस्ट में रानी मुखर्जी और सोहा अली खान का नाम भी आता है। इन्होंने भी अपने सरनेम में शादी के बाद बदलाव नहीं किया है।

# 'हमें नहीं पता हमारे पास कितना समय है' रश्मिका ने सिंपल लुक से जीता दिल



एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर साड़ी के अलावा एक और क्यूट लुक शेयर किया है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। इन तस्वीरों के साथ रश्मिका ने एक इमोशनल नोट लिखा है, जिसे पढ़कर फैंस भी भावुक हो गए हैं।

**रश्मिका का पोस्ट**

रश्मिका मंदाना ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'आप लोगों के आस-पास होने से ही मुझे खुशी मिलती है। मुझे पता है कि मैं यहां खुद को दोहरा रहा हूं, लेकिन जैसा कि मैंने उस दिन कहा था.. 'हमें नहीं पता कि हमारे पास और कितना समय है, समय नाजुक है, हम नाजुक हैं, भविष्य अप्रत्याशित है.. इसलिए कृपया एक-दूसरे के प्रति दयालु रहें, अपने प्रति दयालु रहें.. और उन चीजों को करें जो आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं, उन चीजों को करें जो वास्तव में मायने रखती हैं।'

**फैंस के रिएक्शन**

रश्मिका की इस पोस्ट पर फैंस ने भी प्रतिक्रिया दी। एक फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारा', एक और फैन ने लिखा, 'क्रश्मिका', एक और फैन ने लिखा, 'आपने तो बस लुक को रोशन कर दिया #Kuberaa के लिए शुभकामनाएं' एक और फैन ने लिखा, 'सर्वकालिक पसंदीदा श्रीवल्ली', एक और फैन ने लिखा, 'सुंदर', एक और फैन ने लिखा, 'आपके आस-पास रहना हमें खुश करता है', एक और फैन ने लिखा, 'गुलाब रूप, सुंदर महिला'

**रश्मिका का वर्कफ्रंट**

रश्मिका मंदाना इन दिनों फिल्म 'कुबेर' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में रश्मिका के साथ साउथ स्टार नागार्जुन और धनुष नजर आएंगे। यह फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में कई भाषाओं में रिलीज की जाएगी।

# मुंबई छोड़ने की प्लानिंग कर रहीं अपूर्वा मखीजा बोलीं- 'यहां आगे बढ़ने की गुंजाइश नहीं'




पिछले दिनों 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर विवादों में रहीं यूट्यूबर और कंटेंट क्रिएटर अपूर्वा मखीजा ने अब अपने आगे के प्लान को लेकर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया है कि वो जल्द ही मुंबई छोड़ने की भी योजना बना रही हैं।

**मुंबई में सबकुछ काफी आसान है**

मैशेबल इंडिया के साथ बातचीत में अपूर्वा मखीजा ने अपने आगे के प्लान को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने अपने मुंबई छोड़ने को लेकर भी बात की। अपूर्वा ने कहा, "मैं बाहर जाना चाहती हूं। मुझे ऐसा लगता है मुंबई में कितना आसान है सब कुछ। अगर मुझे किसी डायरेक्टर से मीटिंग करनी है, तो मुझे 15 फोन कॉल लगेंगे, लेकिन मीटिंग हो जाएगी। या किसी बड़ी दिवाली पार्टी में मिल जाएंगे। यह बहुत आसान है और इसमें आगे बढ़ने की कोई गुंजाइश नहीं है।"

**'मुझे पॉपुलर्टी से फर्क नहीं पड़ता'**

इस दौरान अपूर्वा ने कहा कि मुझे पॉपुलर्टी से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं अपने खुद के बिलबोर्ड को पाने के लिए उत्साहित थीं। खासकर अपने नए शो द ट्रेटर्स के लिए। लेकिन जब यह आया, तो मुझे कुछ खास महसूस नहीं हुआ। पहले मुझे लगता है यह चीज करनी है, फिर जब मैं इसे करती हूं और यह होता है, तो मुझे इससे बहुत कम महसूस होता है। मुझे यकीन है कि 'द ट्रेटर्स' के बाद भी मुझे ऐसा ही महसूस होगा।

**'द ट्रेटर्स' में नजर आ रही हैं अपूर्वा**

अपूर्वा इन दिनों करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' में नजर आ रही हैं। इस शो में अपूर्वा के अलावा और भी कई सेलिब्रिटी नजर आ रही हैं। यह शो ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा है।

# नीना गुप्ता का छलका दर्द, बोलीं- 'मांगने के बाद भी नहीं मिला काम, 'बधाई हो' से पलटी किस्मत'



नीना गुप्ता इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में अमर उजाला डिजिटल से बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री की एक सच्चाई को भी सामने लाया। साथ ही उन्होंने ओटीटी पर आई उनकी फिल्मों के बारे में भी खुलकर बात की।

**'सोशल मीडिया पर काम मांगने से नहीं हुआ कोई फायदा'**

एक समय नीना गुप्ता ने सोशल मीडिया पर काम मांगते हुए एक पोस्ट शेयर की थी, जिसने काफी सुर्खियां बटोरी थीं। लेकिन उस पोस्ट का क्या असर हुआ? इस पर नीना का कहना है कि उस पोस्ट से कुछ खास काम नहीं मिला। काम तो तब मिलता है जब फिल्म चलती है और उसमें आपका रोल दमदार होता है। उस पोस्ट से कुछ फायदा नहीं हुआ।

**'नेशनल अवॉर्ड मिला, लेकिन किसी ने फिल्म तक नहीं देखी'**

बात यहीं खत्म नहीं होती। नीना बताती हैं कि उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया, जिसके लिए उन्हें नेशनल अवॉर्ड तक मिला। लेकिन अफसोस, उस फिल्म को शायद ही किसी ने देखा हो। नीना गुप्ता ने कहा कि नेशनल अवॉर्ड मिला, लेकिन वो फिल्म आज तक किसी ने देखी तक नहीं। ओटीटी पर तो पब्लिसिटी भी नहीं होती। फिल्में आती हैं और बिना शोर के चली जाती हैं। जाहिर है कि नीना गुप्ता को फिल्म 'ऊंचाई' के लिए 70वें नेशनल अवॉर्ड में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

**'बधाई हो' ने बदली किस्मत**

नीना गुप्ता मानती हैं कि उन्हें असली पहचान 'बधाई हो' से मिली। उन्होंने कहा कि मैंने पांच प्रोजेक्ट किए, लेकिन सब चुपचाप निकल गए। असली ब्रेक तो 'बधाई हो' ने दिया। वो फिल्म चली, मेरा रोल लोगों को पसंद आया। वहीं से मेरी किस्मत पलटी।



# एक बार फिर ट्रंप का बरपेगा कहर

## दवाइयां चिप से लेकर मिनरल्स तक सब हो जाएंगे महंगे



वाशिंगटन, 19 जून (एजेंसियां)। अप्रैल में ट्रंप ने फार्मा सेक्टर को छोड़कर दुनिया के 60 देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का ऐलान किया था. उस दौरान ट्रंप ने कहा था कि फार्मा सेक्टर पर उस स्तर पर टैरिफ लगाए जाएंगे, जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा. जिसके बाद उन्होंने दुनिया के 90 देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था. दरअसल, ट्रंप फार्मास्युटिकल्स प्रोडक्ट्स पर इसलिए टैरिफ लगाना चाहते हैं, अब एक बार फिर उनके बयान ने दुनिया में खलबली मचा दी है. उन्होंने इशारा दिया है कि वो आने वाले दिनों में एक बार फिर टैरिफ बढ़ा सकते हैं.

**ट्रंप के फैसले का भारत पर असर**

अगर उन्होंने टैरिफ में बढ़ोतरी की तो दवाइयां, चिप से लेकर मिनरल्स तक कई चीजें महंगी हो जाएंगी. आइए जानते हैं अगर फिर ट्रंप का कहर बरपा तो क्या क्या महंगा हो जाएगा? ट्रंप के इस फैसले का भारत पर काफी बड़ा असर पड़ने वाला है क्योंकि भारत अमेरिका के लिए दवाइयों के सबसे बड़े सप्लायर्स में से एक है. अगर ट्रंप फार्मास्युटिकल्स प्रोडक्ट्स पर टैरिफ लगा देते हैं, तो इससे भारत के फार्मा सेक्टर को काफी नुकसान पहुंचेगा. 2024 में भारत ने अमेरिका को 12.72 बिलियन अमरीकी डॉलर के फार्मास्युटिकल्स प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट किए.

इकोनॉमिक टाइम्स में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ने पहले से ही इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं टैरिफ के ऐलान से दुनियाभर में दवाओं, इलेक्ट्रॉनिक्स और बैटरी जैसी चीज़ों की कीमतें बढ़ सकती हैं.

**क्या है ट्रंप की नई योजना?**

डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था को बचाने और चीन जैसे देशों पर दबाव बनाने के लिए आक्रामक टैरिफ नीति जरूरी है. वह 30% तक बेसलाइन टैरिफ की बात कर चुके हैं, जिसे जरूरी उत्पादों के लिए और बढ़ाया जा सकता है. उनके कैंपेन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, फार्मास्युटिकल्स, सेमीकंडक्टर चिप्स और क्रिटिकल मिनरल्स पर फोकस होगा क्योंकि ये सेक्टर अमेरिका की सुरक्षा और भविष्य से सीधे जुड़े हैं.

**दुनिया पर असर**

इस फैसले का असर सिर्फ चीन पर नहीं, बल्कि भारत जैसे देशों पर भी पड़ेगा जो अमेरिकी बाजार में फार्मा, टेक्नोलॉजी और मिनरल सप्लाई के बड़े स्रोत हैं.

**फार्मा इंडस्ट्री :** भारत अमेरिका को जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निर्यातक है. टैरिफ बढ़ने से भारत की फार्मा कंपनियों की लागत और प्रतिस्पर्धा पर असर पड़ेगा.

**सेमीकंडक्टर चिप्स :** दुनिया भर की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इस पर निर्भर है. भारत, चीन, दक्षिण कोरिया और ताइवान के चिप उद्योग पर इसका प्रभाव पड़ सकता है.

**क्रिटिकल मिनरल्सः** लिथियम, कोबाल्ट, निकल जैसे खनिज जो बैटरी और इलेक्ट्रिक वाहनों में जरूरी हैं उनकी कीमतें भी बढ़ सकती हैं.

**ट्रंप का पुराना रिकॉर्ड**

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल (2016-2020) में भी टैरिफ को एक हथियार की तरह इस्तेमाल किया था. खासकर चीन के साथ ट्रेड वॉर ने वैश्विक बाजारों को हिला कर रख दिया था. अब एक बार फिर से ऐसा ही संकट मंडरा रहा है, जिसे ट्रंप के आलोचक "प्रोटेक्शनिज्म 2.0" कह रहे हैं।

# भारत दे सकता है यूके की अर्थव्यवस्था को रफ्तार

## पीयूष गोयल ने कहा– व्यापार समझौते से मजबूत होंगे रिश्ते



नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकता है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इंडिया ग्लोबल फोरम में यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा कि इस समय पूरी दुनिया संकटों और चुनौतियों से भरी है। फिर भी भारत स्थिरता, तेज विकास के दौर में है। यहां के लोग अपने शांत स्वभाव के कारण पूरे विश्वभर में जाने जाते हैं। चार करोड़ भारतीय विश्व के अलग-अलग देशों में रहते हैं, जिन्हें उनकी प्रतिभा और कौशल के लिए पहचाना जाता है।

**भारतीय यूके की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ते हैं**

उद्योग मंत्री ने यूके और भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसे मुफ्त में दिए जाने वाला कहा न्यायपूर्ण नहीं है, भारतीय यूके में जाकर वहां की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ने का काम करते हैं।

**एफटीए की चर्चा तीन वर्षों से चल रही थी**

मंत्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि एफटीए का फैसला इस बार नई सरकार के आने के बाद उठाया गया है। पिछले तीन वर्षों से इस पर चर्चा चल रही थी। एफटीए के तहत भारत 90 प्रतिशत ब्रिटिश वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेगा, जिसमें 85 प्रतिशत दस वर्ष की अवधि में पूरी तरह से शुल्क मुक्त हो जाएंगे। इसके बदले में ब्रिटेन ने भारत के कुछ उत्पादों पर टैरिफ को कम करने पर सहमति जताई है। इससे 99 प्रतिशत भारतीय वस्तुओं पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।

**ब्रिटेन मंत्री लिसा नंदी से की मुलाकात**

पीयूष गोयल दो दिवसीय यूके दौर पर हैं। वहां उन्होंने ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया और खेल मंत्री लिसा नंदी से मुलाकात की । गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बैठक से संबंधित पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि लीसा नंदी के साथ अच्छी चर्चा हुई। दो महान लोकतंत्रों के बीच द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए अधिक अवसरों की खोज की।

हमारे जीवंत द्विपक्षीय संबंधों के एक आवश्यक स्तंभ, अधिक सांस्कृतिक सहयोग और रचनात्मक अदान-प्रदान के लिए रास्ते तलाशे।

# सेंसेक्स 83 अंक गिरकर 81,362 पर बंद

## निफ्टी भी 19 अंक फिसला, सरकारी बैंकिंग, रियल्टी और मेटल शेयर्स 2% गिरे

मुंबई, 19 जून (एजेंसियां)। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार, 19 मई को सेंसेक्स 83 अंक गिरकर 81,362 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 19 अंक की गिरावट रही, ये 24,793 के स्तर पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में गिरावट और 8 में तेजी रही। अडाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस और टेक महिंद्रा सहित कुल 10 के शेयर्स 2.50% तक गिरे। एम एंड एम, टाइटन और मारुति के शेयरों में 1.6% तक की तेजी रही। निफ्टी के 50 में से 33 शेयरों में गिरावट और 17 में तेजी रही। एनएसई का पीएसयू बैंकिंग सेक्टर सबसे ज्यादा 2.04% नीचे आया। इसके अलावा, मीडिया में 1.91%, रियल्टी में 1.60%, मेटल में 1.29% और आईटी में 0.94% की गिरावट रही। अकेले ऑटो सेक्टर 0.52% चढ़कर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 397 अंक (1.02%) नीचे 38,488 पर बंद हुआ। कोरिया के कोस्पी में 6 अंक की तेजी रही, ये 2,978 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 473 अंक (1.99%) गिरकर 23,238 के स्तर पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 27 अंक (0.79%) नीचे 3,362 पर बंद हुआ।18 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.10% गिरकर 42,172 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.13% ऊपर 19,546 पर और एस एंड पी 500 मामूली गिरावट के साथ 5,981 पर बंद हुआ। 18 जून को विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 890.93 करोड़ रुपए और घरेलू निवेशकों ने 1,091.34 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी की।जून महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 4,978.11 करोड़ की बिकवाली की है। जबकि घरेलू निवेशकों ने 59,230.21 करोड़ की नेट खरीदारी है। मई महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 11,773.25 करोड़ रुपए रही। वहीं, घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 67,642.34 करोड़ की नेट खरीदारी की थी।एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड का आईपीओ कल यानी 18 जून को ओपन है। निवेशक इस इश्यू के लिए 20 जून तक बिडिंग कर सकेंगे। 25 जून को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 499.60 करोड़ जुटाना चाहती है। कंपनी इश्यू में 2.25 करोड़ फ्रेश शेयर्स जारी करेगी। इस इश्यू में कंपनी के मौजूदा निवेशक या प्रमोटर ऑफर फॉर सेल यानी ओएफएस के जरिए एक भी शेयर नहीं बेचेंगे। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार, 18 जून को सेंसेक्स 139 अंक गिरकर 81,445 के स्तर पर बंद हुआ।

# सोना 686 गिरकर 98,768 पर आया

## चांदी 2,069 फिसलकर 1.07 लाख किलो बिक रही, देखें अपने शहर में गोल्ड के दाम

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 19 जून को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 686 गिरकर 98,768 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,454 पर था। ये इसका ऑल टाइम हाई है। वहीं चांदी की कीमत 2,069 गिरकर 1,07,343 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,09,412 पर बंद हुई थी। वहीं कल यानी 18 जून को सुबह चांदी 1,09,550 पर ओपन हुई थी। ये इसका इसका ऑल टाइम हाई है।

**भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,210 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,800

**मुंबई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650

**कोलकाता :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650

**चेन्नई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650

**भोपाल :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,110 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,700

**हैदराबाद :** 24 कैरेट सोने की कीमत 104,666 और 22 कैरेट सोने की कीमत 96,426

**इस साल अब तक 22,606 महंगा हुआ सोना**

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,606 रुपए बढ़कर 98,768 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 23,083 रुपए बढ़कर 1,09,100 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे, ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | मिथुन में | मिथुन... | 05-24 बजे |
| चंद्र- | मीन में | कर्क... | 07-37 बजे |
| मंगल | सिंह में | सिंह--- | 09-48 बजे |
| बुध- | मिथुन में | कन्या... | 11-55 बजे |
| गुरु- | मिथुन में | तुला---- | 14-02 बजे |
| शुक्र- | मेष में | वृश्चिक... | 16-10 बजे |
| शनि- | मीन में | धनु...... | 18-24 बजे |
| राहु- | कुंभ में | मकर... | 20-34 बजे |
| केतु- | सिंह में | कुंभ... | 22-21 बजे |
| | | मीन.... | 23-59 बजे |
| | | मेष..... | 01-35 बजे |
| | | वृष.... | 04-04 बजे |

दिशाशूल - पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
तिथि- नवमी 09-49 तक उपरान्त दशमीं
मास - आषाढ़ कृष्ण , शुक्रवार 20 June
नक्षत्र - रेवती 21-49 तक उपरान्त अश्विनी
योग - शोभन 23-46 तक उप अतिगण्ड
करण- गर 09-49 तक उप वणिज
विशेष-
व्रत -त्योहार - पंचक

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 10:39 से 12:18 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 05:41 - 07:22 | शुभ | रोग | 18:48 - 20:13 | अशुभ |
| लाभ | 07:22 - 09:01 | शुभ | काल | 20:13 - 21:35 | अशुभ |
| अमृत। | 09:01 - 10:39 | शुभ | लाभ | 21:35 - 22:56 | शुभ |
| काल | 10:39 - 12:18 | अशुभ | उत्पात | 22:56 - 00:18 | अशुभ |
| शुभ। | 12:18 - 13:56 | शुभ | शुभ | 00:18 - 01:39 | शुभ |
| रोग | 13:56 - 15:35 | अशुभ | अमृत | 01:39 - 03:01 | शुभ |
| उत्पात | 15:35 - 17:13 | अशुभ | चंचल | 03:01 - 04:23 | शुभ |
| चंचल | 17:13 - 18:48 | शुभ | रोग | 04:23 - 05:41 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,)
आपकी शांतिपूर्ण मन स्थिति में औरों के सवालों से बाधा पहुचेगी । वे सब यह जानने के लिए बहुत उत्सुक हैं कि आपकी निजी और व्यवसायिक जिंदगी में क्या चल रहा है । आपके किसी करीबी ने ही उन लोगों तक आपकी भविष्य की योजनाओं की जानकारी पहुचाई है लेकिन आप इन सबकी उपेक्षा कर दें और केवल अपने काम पर ध्यान दें ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
अगर आप आज रसोईघर में बनने वाले खाने के बारे में सोच रहे हैं तो बिलकुल सही सोच रहे हैं। आज आपको कोई विशेष पकवान खाने को मिल सकता है। अपनी सेहत का ध्यान रखें और साफ़ सफाई बनाये रखें । आपके मित्र के को हुई ग़लतफ़हमी आज दूर हो सकती है । अप्रत्याशित श्रोतों से आय होने की भी संभावना है ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आपके जीवन में एक नई उर्जा का प्रवेश होगा। आपको अचानक यह लगने लगेगा कि जीवन में परिवार तथा करियर में संतुलन बनाना काफी आसान हो गया है । आपकी सारी हिचकिचाहट दूर हो जाएगी और आपके सब कामो में नया आत्मविश्वास दिखाई देगा ।

**कर्क** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,)
आपको अपना अधूरा काम समय पर पूरा करने के बहुत से मौके मिलेंगे । आपकी दूसरी परेशानियां भी तुरंत दूर हो जायेंगी ,उनके बारे में चिंता ना करें । आज अधिक से अधिक काम करने की कोशिश करें क्योकि आपको आज के अपने सब कामों में सफलता मिलेगी । आप अपने किसी करीबी से सलाह ले सकते हैं ।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,)
भौतिक सुविधाओं की ओर ध्यान देने के लिए यह काफी अच्छा समय है । अपने सामाजिक जीवन का आनंद उठायें और ऐसे दोस्तों और परिचितों से भी बात करें जिनके सम्पर्क में आप लम्बे समय से नही रहे हैं । आज अपने जाग्रति स्तर में भी बदलाव महसूस करेंगे,जो आपको अचानक ही अनुभव होगा । इस समय अपने मन की बात सुनना ही उचित होगा ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से अच्छा है । आप अपना कुछ नया शुरू कर सकते हैं ,काफी समय लेने वाला अपना कोई अधूरा काम पूरा कर सकते हैं ,या कोई ऐसा काम जिसे आप लम्बे समय से टाल रहे हैं,को भी शुरू कर सकते हैं । आज शाम खेल और मौज मस्ती के नाम रहेगी ।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,)
आज आप महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने सम्बन्धियों से बात कर सकते हैं । प्यार से बातचीत करें और नम्र बने रहें । अगर आप अभी स्थिति को नही संभाल पा रहें हैं तो अभी इसे छोड़ दें । अगर मूड हल्का करना चाहते हैं तो शाम को किसी समारोह में भाग लें ।आध्यात्मिकता और विश्वास पर फोकस करने से आपको सहायता मिलेगी ।

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,)
कोई करीबी दोस्त आपको अपना राज बताने वाला है ,आपको उसकी बातें बहुत ध्यान से सुनकर ही सलाह और सहानुभूति देनी है । अपने सभी कार्य रचनात्मक तरीके से करें । आप फिलहाल ताकतवर तरीके से कार्य कर रहे हैं और इसका प्रभाव आपके आसपास के सब लोगों पर पड़ेगा । इसलिए आपको सोच-समझकर ही कुछ बोलना और कहना पड़ेगा ।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
आप आज अपने परिवहन के साधन से परेशान हो सकते हैं । अगर कहीं किसी महत्वपूरण काम के लिए जाना है तो अपने लिए वैकल्पिक परिवहन की व्यवस्था कर लें और कोई बैकअप योजना तैयार रखें । आज आप किसी भीतरी उलझन से परेशान हैं,लेकिन शांति बनाये रखें,यह समय जल्दी ही बीत जायेगा । परिवार के साथ समय बिताएं ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आप प्रेरणा से भरे हैं और काफी अच्छी स्थिति में भी हैं । आपका दिमाग सक्रिय है और इसमें नए नए विहार और नीतियां आती रहती हैं । आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा रहेगा । हालाँकि अगर आपने अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नही दिया तो यह सब उल्टा -पुल्टा भी हो सकता है ।

**कुंभ** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आज आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी । आप आज तर्क के स्थान पर अपने दिल की आवाज और प्रवृति के आधार पर फैसले कर सकते हैं,लेकिन वे भी वित्त के मामले में लाभकारी ही साबित होंगे । आप इन दिनों फैसले लेने में सबसे अधिक महत्ता अपने मन की आवाज को देते हैं ,लेकिन आपको भविष्य की बेहतरी के लिए वर्तमान समय में कुछ आरामों को छोड़ना होगा ।

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)
आपसे सामजिक संपर्कों पर और ध्यान देने की अपेक्षा है । आपके आकर्षक व्यक्तित्व का सबपर प्रभाव पड़ेगा । इसके अलावे आपको उन लोगो पर भी ध्यान दें जो आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुक्सान पहुंचा रहे हैं । अपनी व्यस्त कार्यशैली के बावजूद सेहत का ध्यान रखें ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# अनिल अंबानी के पास क्या है सबसे महंगी चीज?




नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। कभी दुनिया के छठें सबसे अमीर शख्स अनिल अंबानी के पास साल 2000 के दशक के अंत तक उनके पास 42 अरब डॉलर की संपत्ति थी. बंटवारे में अनिल अंबानी को वो कंपनियां मिली, जो दुधारू गाय के बराबर थी. अनिल अंबानी को नए जमाने के बिजनेस जैसे रिलायंस टेलीकॉम, रिलायंस कैपिटल, रिलायंस न्यू एनर्जी, रिलायंस पावर जैसी कंपनियां मिली, लेकिन गलत फैसलों ने उन्हें अर्श से फर्श पर ला दिया, कंपनियां बिकने लगी और शेयर गिरने लगे. जिसके चलते अनिल अंबानी खुद कहने लगे की मैं अब जीरो हो गया हूं. लेकिन अब अनिल अंबानी के दिन फिर से बदलने लगे हैं, उनकी कंपनियों में निवेश बढ़ने के साथ ही मुनाफा बढ़ने लगा है. कर्ज कम हो रहे हैं और नए आर्डर मिल रहे हैं. अनिल अंबानी ने कम बैक की जो स्पीड पकड़ी है, अगर वो जारी रही तो वो दिन दूर नहीं जब वो अपना मुकाम फिर से हासिल कर लेंगे. लेकिन अब सवाल ये है कि उनके पास आज भी क्या है जो सबसे कीमती और महंगा है? तो आइए जानते हैं?

**ये है सबसे महंगी चीज**

मुंबई के पॉश इलाके पाली हिल में खड़ा अनिल अंबानी का 17-मंजिला निजी बंगला सिर्फ एक घर नहीं, बल्कि रईसी और लग्ज़री का प्रतीक है. कभी भारत के सबसे अमीर बिज़नेसमैनों में शुमार रहे अनिल अंबानी के पास आज भी कुछ ऐसी सम्पतियां हैं, जो उन्हें देश के सबसे धनी परिवारों की सूची में बनाए रखती हैं. इनमें सबसे खास और महंगी संपत्ति है उनका शानदार निजी बंगला.

**इतनी है कीमत**

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बंगले की अनुमानित कीमत करीब 5,000 करोड़ है. ये महलनुमा बंगला 17 मंज़िलों का है और इसकी बनावट किसी पाँच सितारा होटल से कम नहीं. इस बंगले में न सिर्फ परिवार के रहने की शानदार व्यवस्था है, बल्कि इसके भीतर मौजूद सुख-सुविधाएं इसे देश के सबसे महंगे रिहायशी घरों में शामिल करती हैं.

**क्या-क्या है इस बंगले में?**

अनिल अंबानी के बंगले, जिसका नाम 'एबोड' है, में कई शानदार सुविधाएं हैं. इसमें 16,000 वर्ग फुट का विशाल क्षेत्र, हेलीपैड, स्विमिंग पूल, जिम, और एक बड़ा गैराज शामिल है, जिसमें महंगी कारों का संग्रह प्रदर्शित है. इसके अलावा, घर में एक लाउंज एरिया भी है जहां से सूर्योदय और सूर्यास्त का खूबसूरत नजारा देखा जा सकता है.

**कौन रहते हैं इस बंगले में?**

इस बंगले में अनिल अंबानी अपनी पत्नी टीना अंबानी और दो बेटों जय अनमोल अंबानी और जय अंशुल अंबानी के साथ रहते हैं. यह बंगला सिर्फ एक रिहायशी स्थान नहीं, बल्कि अंबानी परिवार की विरासत और शानो-शौकत का प्रतीक है.

**क्यों है ये बंगला खास?**

जब देश में अरबपतियों की चर्चा होती है, तो अंबानी परिवार का नाम सबसे ऊपर आता है. हालांकि मुकेश अंबानी की संपत्ति और उनका एंटीलिया दुनियाभर में मशहूर है, लेकिन उनके भाई अनिल अंबानी का यह बंगला भी रईसी के मामले में कम नहीं. यह भारत के सबसे महंगे निजी आवासों में से एक है और यही इसे उनकी सबसे कीमती संपत्ति बनाता है.

# रतन टाटा की सौतेली बहनों को बड़ा झटका

## भाई के पैसों में नहीं मिलेगी हिस्सेदारी

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। रतन टाटा की सौतेली बहनों को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक अहम बात साफ की है कि रतन टाटा की लिस्टेड और अनलिस्टेड कंपनियों में जो हिस्सेदारी है, वह उनकी दो फाउंडेशन को जाएगी। यह हिस्सेदारी उनकी सौतेली बहनों को नहीं मिलेगी। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक यह स्पष्टीकरण तब आया, जब टाटा की संपत्ति के प्रशासकों ने हाई कोर्ट से पूछा कि दिवंगत उद्योगपति का इक्विटी पोर्टफोलियो किसे मिलेगा? कोर्ट ने हाल ही में इस बारे में आदेश दिया और इससे टाटा की वसीयत के प्रोबेट (कानूनी प्रक्रिया) का रास्ता खुल गया है। यह प्रक्रिया एक महीने में पूरी होने की उम्मीद है।

**किसे मिलेगी हिस्सेदारी?**

कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि रतन टाटा की लिस्टेड और अनलिस्टेड कंपनियों में हिस्सेदारी उनकी दो फाउंडेशन रतन टाटा एंडोमेंट फाउंडेशन और रतन टाटा एंडोमेंट ट्रस्ट को दी जाएगी।इस हिस्सेदारी में उनकी सौतेली बहनों शिरीन और डीना जेजेभोय और मोहिनी दत्ता को कोई अधिकार नहीं मिलेगा। बता दें, मोहिनी दत्ता खुद को टाटा का दत्तक पुत्र बताते हैं और वे रतन टाटा के निकट सहयोगी भी रहे हैं।

**कैसे आया यह फैसला?**

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, यह फैसला तब सामने आया जब रतन टाटा की संपत्ति के प्रशासकों ने बॉम्बे हाई कोर्ट से यह जानने के लिए मार्गदर्शन मांगा कि उनकी इक्विटी हिस्सेदारी (शेयर पोर्टफोलियो) किसे दी जानी चाहिए। कोर्ट ने 16 जून 2025 को आदेश जारी करते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि यह संपत्ति उनकी दोनों फाउंडेशनों के बीच समान रूप से (50:50 अनुपात में) बांटी जाएगी।

हालांकि प्रशासकों में आपसी कोई विवाद नहीं था, लेकिन वे कुछ मामलों में लाभार्थी भी थे। साथ ही, अन्य उत्तराधिकारियों की ओर से टाटा की वसीयत से जुड़े परिशिष्टों पर सवाल उठाए गए थे। खासकर यह प्रश्न था कि वसीयत के खंड 4 से 8 में जिन लोगों उनकी सौतेली बहनों और मोहिनी दत्ता को लाभार्थी बताया गया था, उन्हें गैर-टाटा संस शेयर भी दिए जाएं या नहीं।लेकिन, वसीयत के खंड 13 और चौथे परिशिष्ट के मुताबिक रतन टाटा की संपत्ति की अंतिम इच्छा में बदलाव किया गया था। कोर्ट ने साफ किया कि परिशिष्ट वसीयत पर प्रभावी होता है, और इसे सुप्रीम कोर्ट की पूर्व मिसालों का हवाला देते हुए मान्यता दी गई।

**टाटा संस के शेयरों का क्या?**

टाटा संस में रतन टाटा की हिस्सेदारी की कीमत करीब 1,684 करोड़ रुपये आंकी गई है। उनकी वसीयत में इनका खासतौर पर उल्लेख किया गया है और इन्हें आरटीईएफ और आरटीईटी के बीच 70:30 अनुपात में बांटा जाएगा।

# फार्मा कंपनी को थाईलैंड से मिला करोड़ों का एक्सपोर्ट आर्डर तो इसके शेयर में लगने लगा अपर सर्किट

मुंबई, 19 जून (एजेंसियां)। फार्मा सेक्टर की दिल्ली की एक कंपनी है वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स (बीएसईः 524661)। इस कंपनी ने थाईलैंड स्थित फॉर्च्यून सागर इम्पेक्स कंपनी लिमिटेड के साथ थर्ड-पार्टी सोर्सिंग और खरीद सेवाओं के लिए एक निर्णायक ऑर्डर मिलने की घोषणा की है। इसके बाद इसके शेयर लगातार अपर सर्किट में फंस रहे हैं। बुधवार को इस आर्डर की सूचना शेयर बाजार में दी गई थी, तभी यह पांच फीसदी चढ़ कर अपर सर्किट में पहुंचा था। इसके बाद से लगातार दूसरे दिन, मतलब कि गुरुवार को भी शेयर सुबह ही अपर सर्किट में फंसा है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार यह आर्डर 517 करोड़ रुपये मूल्य का है। यह ऑर्डर एक्स-वर्क्स मॉडल के तहत मिला है। इस आर्डर के अनुसार, वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड कई फिनिश्ड-डोज वाले एसकेयू की सोर्सिंग और खरीद में संलग्न होगी। शुल्क-आधारित मॉडल पर निर्मित, कंपनी दवा की लागत पर 5% निश्चित कमीशन अर्जित करेगी। इससे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कंपनी को अनुमानित 25.85 करोड़ रुपये की सर्विस इनकम की उम्मीद है। यह वेलक्योर के रेवेन्यू में काफी वृद्धि करेगी। एक्सचेंज फाइलिंग में बताया गया है कि यह आर्डर वेलक्योर के शुल्क-आधारित पोर्टफोलियो को बिना वृद्धिशील बैलेंसशीट जोखिम के बढ़ाता है, जिससे यह कंपनी के लिए उच्च-मार्जिन विकास का अवसर बन जाता है। कंपनी सेबी एलओडीआर के अनुसार, जब भी लगातार कॉल-ऑफ सक्रिय होंगे, तब आगे अपडेट प्रदान करेगी।



**थाईलैंड की कंपनी क्या करेगी**

इसमें थाईलैंड की फर्म दवा की पैकेजिंग, लेबलिंग, कंटेनर में भरने का कार्य करेगी। इसी के साथ इस कंशाइनमेंट के इंश्योरेंस और फ्रेट की जिम्मेदारी भी वहीं की कंपनी की होगी। उस देश में यदि कोई रेगुलेटरी क्लियरेंस हासिल करना होगा तो यह जिम्मेदारी भी थाईलैंड की कंपनी की ही होगी। उल्लेखनीय है कि वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स ने 16 मई से 14 जून, 2025 तक रिमोट ई-वोटिंग के ज़रिए पोस्टल बैलेट का आयोजन किया था, जिसमें 5 साल के कार्यकाल के लिए चिंतन दीदावाला गणपत को प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त करने के लिए शेयरधारकों की मंज़ूरी मांगी गई। उसी बैठक में, कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी को 116 करोड़ से बढ़ाकर 186 करोड़ (यानी, 10 प्रत्येक के 18.6 करोड़ इक्विटी शेयर) करने का प्रस्ताव पारित किया गया। 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए, कंपनी ने 2.17 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ के साथ 26.45 करोड़ रुपये की शुद्ध आय दर्ज की थी।बीएसई में कल भी यह शेयर पांच फीसदी की बढ़ोतरी के साथ अपर सर्किट में फंस कर 13.74 रुपये पर बंद हुआ था। आज सुबह यह 14.41 रुपये पर खुला जो कि आज का न्यूनतम स्तर था।

# एक दिन में एक लाख के बना दिए 18 लाख रुपये,इस शेयर में आई ऐसी तेजी कि लग गया अपर सर्किट

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। क्या कोई शेयर एक दिन में 1600 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे सकता है? बिल्कुल, यह संभव हुआ है। दरअसल, शेयर मार्केट में सब कुछ संभव है। यहां कोई शख्स रातोंरात लखपति या करोड़पति बन सकता है तो कोई पलभर में कंगाल भी हो सकता है। ऐसे ही एक शेयर ने 24 घंटे में निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दे डाला है। इस शेयर का नाम इंडोसोलर लिमिटेड है। एक दिन पहले तक यह पेनी स्टॉक था। कल यानी बुधवार को इस शेयर की कीमत मात्र 9.71 रुपये थी। आज गुरुवार को यह 1600 फीसदी से ज्यादा के रिटर्न के साथ 165.06 रुपये पर खुला। कुछ देर बाद इसमें और तेजी आई और सीधे 5 फीसदी का अपर सर्किट लग गया। इसके बाद यह शेयर 173.31 रुपये पर पहुंच गया। यानी इसने मात्र 24 घंटे में ही करीब 1685 फीसदी रिटर्न दे दिया। अगर आपने इसमें एक दिन पहले एक लाख रुपये निवेश किए होते तो आज उनकी वैल्यू 17.85 लाख (करीब 18 लाख) रुपये होती।इस कंपनी के शेयर अभी स्टॉक मार्केट में कुछ कारणों से सस्पेंड थे। बीएसई के डेटा के मुताबिक स्टॉक में आखिरी बार तीन साल पहले जून 2022 में कारोबार हुआ था। वारी एनर्जी के समर्थन वाली इंडोसोलर लिमिटेड का शेयर बुधवार तक पेनी स्टॉक था। लेकिन अगले ही दिन इस शेयर ने ऊंची छलांग लगा दी।ये शेयर वारेइन्दो नाम से बिकेंगे।ये 'टी' ग्रुप में लिस्ट होंगे। इसका मतलब है कि आप एक ही दिन में शेयर नहीं खरीद और बेच सकते। पहले दस दिनों तक शेयर 5% से ज्यादा नहीं बढ़ेंगे। इंडोसोलर ने कहा है कि उन्हें एनएसई और बीएसई से शेयर बेचने की मंजूरी मिल गई है। इसलिए 19 जून 2025 से कंपनी के शेयर बिकने लगेंगे।इंडोसोलर लिमिटेड सोलर सेल बनाती है। यह वारी ग्रुप की कंपनी वारी एनर्जी की सहायक कंपनी है।

## थाने को पहुंचा नोटिस देखते ही उड़े पुलिस अफसरों के होश; हैरान कर देगा दिल्ली का ये मामला

दक्षिणी दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। दिल्ली नगर निगम ने जैतपुर थाने को खाली करने का नोटिस जारी किया है। एमसीडी ने इसे अवैध बताते हुए खाली करने का नोटिस जारी किया है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि संपत्ति विवाद में हुई शिकायतबाजी में एमसीडी ने नोटिस जारी किया है। फिलहाल पुलिस मुख्यालय में उच्च अधिकारियों के स्तर पर बातचीत चल रही है, उनका जो भी निर्णय होगा उस पर अमल किया जाएगा। किराए के भवन में चल रहे जैतपुर थाने को नगर निगम ने अवैध निर्माण बताते हुए नगर निगम ने भवन मालिक को नोटिस भेजा था, जिसमें कहा गया कि यह निर्माण अनधिकृत है और इसे हटाया जाए।

# बेंगलुरु एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप, जांच में बात आई सामने



बेंगलुरु, 19 जून (एजेंसियां)। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट पर बम की धमकी से हड़कंप मच गया। एक सप्ताह में दूसरी धमकी मिली है। जांच में दोनों ही बार धमकी की बात अफवाह साबित हुई। एक सप्ताह में दूसरी बार एयरपोर्ट पर बम की धमकी वाला फर्जी मेल भेजा गया है। बम की धमकी वाला ईमेल एयरपोर्ट सुरक्षा बल को मिला। इस धमकी भरे मेल में एक आतंकवादी के नाम से दावा किया गया कि आतंकवादी अजमल कसाब को फांसी देना गलत था। और इसका बदला लिया जाएगा। इस महीने की 13 और 16 तारीख को बम की धमकी वाले 2 ईमेल भेजे गए। दोनों ईमेल में दो बम रखे जाने की चेतावनी दी गई थी और कहा गया कि अगर प्लान ए विफल हो जाता है, तो प्लान बी सक्रिय हो जाएगा। इसमें यह भी दावा किया गया कि एयरपोर्ट के शौचालय की पाइपलाइन के अंदर एक बम रखा गया है। धमकी मिलने पर गहन जांच की गई और अधिकारियों ने इसे एक अफवाह घोषित किया। जिस ईमेल आईडी से फर्जी बम की धमकी भेजी गई थी, उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और जांच चल रही है। केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**विमान में बम की सूचना पर क्या कदम उठाए जाते हैं?**

विमान में बम की सूचना मिलने पर विमानन सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत कई कदम उठाए जाते हैं ताकि सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह एक जटिल और समय लेने वाली प्रक्रिया होती है।

धमकी मिलने के तुरंत बाद, प्रत्येक हवाई अड्डे पर एक 'बम थ्रेट असेसमेंट कमेटी' (बीटीएसी) का गठन किया जाता है। इसमें हवाई अड्डे के संचालक, सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल), बीसीएएस (नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो) और अन्य संबंधित एजेंसियों के अधिकारी शामिल होते हैं।

अगर किसी खास विमान में बम होने की सूचना मिलती है तो उसकी स्थिति के मुताबिक फैसले लिए जाते हैं। अगर विमान हवा में है तो उसे नजदीकी हवाई अड्डे पर उतारा जाता है या फिर उड़ान भरनेवाला है तो उसे रोक कर उसकी जांच की जाती है।

विमान को तुरंत एयरपोर्ड के एक अलग (आइसोलेटेड) क्षेत्र में ले जाया जाता है। यह क्षेत्र हवाई अड्डे के मुख्य टर्मिनल और अन्य विमानों से दूर होता है ताकि संभावित खतरे को नियंत्रित किया जा सके।

विमान से सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स को विमान से सुरक्षित रूप से उतारा जाता है। इस दौरान, यात्रियों को अक्सर स्थिति की गंभीरता के बारे में पूरी जानकारी नहीं दी जाती है ताकि घबराहट न फैले। उन्हें केवल 'तकनीकी समस्या' या 'सुरक्षा जांच' का कारण बताया जाता है।

बम निरोधक दस्ते स्निफर डॉग्स और उन्नत उपकरणों (जैसे एक्स-रे मशीन) की मदद से विमान की विस्तृत तलाशी ली जाती है। इसमें सामान, कार्गो और विमान के हर कोने की तलाशी ली जाती है।

यात्रियों के हैंड लगेज और चेक-इन लगेज की भी अलग से जांच की जाती है। पूरी जांच के बाद विमान को पूरी तरह से सुरक्षित घोषित कर दिया जाता है, तभी आगे की कार्यवाही होती है।

## बुलडोजर एक्शन से मचा हड़कंप ध्वस्त किए जा रहे फार्म हाउस

फरीदाबाद, 19 जून (एजेंसियां)। अरावली वन क्षेत्र में आज बृहस्पतिवार को तोड़फोड़ की कार्रवाई अनखीर चौक से शुरू हुई। यहां वन विभाग की जमीन पर बने मैरिज गार्डन की चहारदीवारी को पूरी तरह से तोड़ दिया गया। चार बुलडोजर मैरिज गार्डन में तोड़फोड़ की कार्रवाई कर रहे हैं। सूरजकुंड रोड स्थित एक उद्योगपति के रिजॉर्ट सहित दस फार्म हाउस व बैंक्वेट हॉल पर आज कार्रवाई होनी है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार एक सप्ताह में 55 फार्म हाउस, बैंक्वेट हॉल और मैरिज गार्डन को तोड़ा जा चुका है। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार की जा रही है। वन विभाग को जुलाई के अंत तक सुप्रीम कोर्ट में कार्रवाई की रिपोर्ट सौंपनी है। अरावली वन क्षेत्र से 6793 से अधिक छोटे-बड़े अवैध निर्माण हटाए जाएंगे। इसमें करीब एक हजार फार्म हाउस और बैंक्वेट हॉल बताए जा रहे हैं। इन सभी पर कार्रवाई हो होगी। सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई अगस्त में होगी। इससे पहले वन विभाग को कार्रवाई कर वन क्षेत्र में पौधे लगाने हैं। बृहस्पतिवार को पांच ड्यूटी मजिस्ट्रेट, सैकड़ों पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों की निगरानी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही है। शाम सात बजे तक कार्रवाई जारी रहेगी। अरावली वन क्षेत्र से 6793 से अधिक छोटे-बड़े अवैध निर्माण हटाए जाएंगे। इसमें करीब एक हजार फार्म हाउस और बैंक्वेट हॉल बताए जा रहे हैं। इन सभी पर कार्रवाई हो होगी।

# डोनाल्ड ट्रंप ने आसिम मुनीर को कराया लंच तो भड़के दिग्विजय सिंह, कहा, 'जय सियाराम पीएम मोदी'



भोपाल, 19 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ एक निजी लंच की मेजबानी की। इस मुलाकात को लेकर भारत में विपक्षी दलों के नेताओं ने नरेंद्र मोदी सरकार को जमकर घेरा है। कांग्रेस ने इसे भारतीय कूटनीति के लिए झटका करार दिया। ट्रंप और मुनीर की मुलाकात को लेकर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह बात उजागर हो गई है। डोनाल्ड ट्रंप और पाकिस्तान के क्या रिश्ते हैं, जो व्यक्ति सेना का प्रमुख होने के बाद भी धार्मिक कट्टरपंथी वक्तव्य देता हो, खुले रूप से आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करता हो, उसे यूएस के राष्ट्रपति अपने घर पर भोजन करा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, क्या अमेरिकी जनमानस आतंकवाद का समर्थन करते हैं? बिलकुल नहीं, पर वहां ऐसे कई लोग हैं, जो आतंकवाद को भी जिओ पॉलिटिक्स का एक अंग मानते हैं। क्या तालिबान को अंत में यूएस का समर्थन नहीं मिला? जय सिया राम। ट्रंप के साथ आसिम मुनीर का लंच और पीएम मोदी की ऐसी बेबसी? कांग्रेस के अन्य नेताओं, जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने भी इस मुलाकात को लेकर सरकार पर निशाना साधा और इसे भारत की कूटनीतिक विफलता बताया। दूसरी ओर व्हाइट हाउस ने इस मुलाकात को क्षेत्रीय स्थिरता और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर केंद्रित बताया। यह घटना भारत-अमेरिका संबंधों और क्षेत्रीय भू-राजनीति पर नए सवाल खड़े करती है। बता दें कि ट्रंप ने इस मुलाकात में भारत और पाकिस्तान के बीच हाल के सैन्य तनाव को कम करने में मुनीर की भूमिका की सराहना की और दावा किया कि उन्होंने दोनों देशों के बीच युद्ध को रोका। हालांकि, भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने स्पष्ट किया कि मई में हुई सीजफायर भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के बीच बातचीत का नतीजा था, न कि अमेरिकी मध्यस्थता का। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब इजरायल-ईरान संघर्ष तेज हो रहा है। मुनीर ने वॉशिंगटन में एक सार्वजनिक भाषण में ईरान के प्रति पाकिस्तान का समर्थन जताया, जो ट्रंप की ईरान के खिलाफ सख्त नीति के उलट है।

## गजब का मध्य प्रदेश! जेल में बंद है पटवारी फिर भी हो गया ट्रांसफर वायरल हुआ नोटिस

श्योपुर, 19 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश से अजब-गजब खबर सामने आई है। यहां सरकारी अधिकारियों के ट्रांसफर चल रहे हैं। इसी क्रम में विभाग ने ऐसे पटवारी का ट्रांसफर कर दिया जो कि जेल में बंद है। यह तबादला हुआ है विजयपुर तहसील से बड़ौदा तहसील में हैं। जब से पटवारी के ट्रांसफर का नोटिस सामने आया है, यह देखते ही देखते सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया है। यहां तक कि तमाम नेता भी इस पर खूब चुटकी ले रहे हैं। पटवारी हेमंत मित्तल पर श्योपुर जिले में बाढ़ राहत राशि में अनियमितता का गंभीर आरोप है। इस मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई। फिलहाल वो में जेल में हैं। लेकिन प्रशासन ने एक ऐसा कदम उठाया, जिसने सबको चौंका दिया। जेल में होने के बावजूद उनका ट्रांसफर ऑर्डर जारी हो गया।

# फार्महाउस पर बुलाया, कर दिया बिल्डर के साथ खेला

## वसूले 2 करोड़ ऐसे पकड़ी गई इन्फ्लुएंसर कीर्ति पटेल



अहमदाबाद, 19 जून (एजेंसियां)। गुजरात के अहमदाबाद से सूरत पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कीर्ति पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। कीर्ति पुलिस से बचने के लिए कई बार सिम कार्ड बदल चुकी थी। पुलिस ने पिछले साल उसके खिलाफ वारंट जारी किया था। लेकिन तब से ही वह पुलिस की पकड़ में नहीं आई थी। अब पुलिस ने उसे पकड़ लिया। कीर्ति पटेल को पुलिस ने सूरत जिला अदालत में पेश किया। जहां कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में लाजपोर जेल भेजने का आदेश दिया है। कीर्ति पटेल की यह दूसरी जेल एंट्री है। अब भी जब उसे गिरफ्तार कर ले जाया जा रहा था। तब भी कीर्ति हंस रही थी। कीर्ति पर एक बिल्डर को हनीट्रैप करने और फिर उसे ब्लैकमेल करने का आरोप है। उसने हनीट्रैप कर बिल्डर से 2 करोड़ रुपए की उगाही की थी। कीर्ति सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है और काफी मशहूर भी है। उसके इंस्टाग्राम पर 1.13 मिलियन फॉलोअर्स हैं। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए इंस्टाग्राम की भी मदद ली। लेकिन पुलिस से बचने के लिए कीर्ति गुजरात के कई हिस्सों में छिपती रही और बार-बार अपना ठिकाना छिपाने के लिए अपने मोबाइल फोन का आईपी एड्रेस, सिम कार्ड बदल देती थी। उसके खिलाफ मारपीट, हनीट्रैप, जबरन वसूली और जमीन हड़पने तक की शिकायतें दर्ज की गई हैं। हनीट्रैप में फंसाने के मामले में शिकायतकर्ता बिल्डर वजू कटरोडिया ने बताया कि कीर्ति पटेल और उनके साथियों ने उन्हें ब्लैकमेल किया। सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अपमानजनक वीडियो और रील पोस्ट किए गए। शिकायतकर्ता और उनके परिवार के खिलाफ लाइव गाली-गलौज का भी आरोप है। पिछले साल कीर्ति पटेल और उसके साथियों ने वजू कटरोडिया को सूरत के कुसमाडी पाटिया इलाके में एक फार्म हाउस पर बुलाया था और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया था। उनकी तस्वीरें और वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल किया और 2 करोड़ रुपये न देने पर फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी थी और जबरन वसूली की थी। इसके बाद वजू कटरोडिया ने कापोद्रा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर विजय सवाणी को पुलिस ने 2024 में गिरफ्तार किया। कीर्ति पटेल और अन्य आरोपियों को वांछित घोषित किया गया था और करीब एक साल से ढूंढ़ रही थी। वह लगातार सोशल मीडिया पर वीडियो और फोटो पोस्ट कर रही थी। लेकिन उसकी लोकेशन लगातार बदल रही थी। ऐसे में पुलिस ने अपनी तकनीकी टीम और साइबर एक्सपर्ट की मदद से उसकी लोकेशन ट्रैक की और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## 'क्या ट्रंप भारत में भी सत्ता परिवर्तन करना चाहते हैं

### डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र कर संजय राउत ने किया ऐसा सवाल



मुंबई, 19 जून (एजेंसियां)। ईरान-इजरायल के बीच चल रही जंग में अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी सक्रिय हो गए हैं। इसको लेकर उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने बड़ा दावा किया है। संजय राउत ने सवाल किया है कि जैसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई देशों में हस्तक्षेप कर रहे हैं और शासन बदलने की कोशिश कर रहे हैं, क्या उनका इरादा हिंदुस्तान में भी ऐसा करने का है? संजय राउत ने इसको लेकर संदेह जाहिर करते हुए कहा सवाल किया, क्या ट्रंप भारत में भी सत्ता परिवर्तन करना चाहते हैं? इसके अलावा, पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर और डेनाल्ड ट्रंप के बीच लंच पर हुई बातचीत को लेकर भी संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने पाकिस्तान के जनरल मुनीर के लिए डिनर का आयोजन किया। उन्हें विशेष निमंत्रण मिला था। हम इसपर पीएम मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर, बीजेपी अध्यक्ष और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की राय जानना चाहते हैं। शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा, पहलगाम में महिलाओं के सिंदूर को मिटाने का दोषी असीम मुनीर है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति व्हाइट हाउस में उसके लिए डिनर का आयोजन करते हैं और हमारी सरकार की भूमिका अभी तक स्पष्ट नहीं है। यह ऑपरेशन सिंदूर जिसके कारण हुआ है वह मुनीर ही है। यह हमारे देश के लिए चौंकाने वाला है।

# यूपी-बिहार समेत देश के 20 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी, झारखंड और ओडिशा के लिए रेड अलर्ट जारी

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। देश के कई राज्यों में अगले 24 घंटे के दौरान भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने बताया कि 19 से 22 जून के दौरान मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदान, बिहार, झारखंड, ओडिशा में गरज के साथ भारी बारिश हो सकती है। 22 और 23 जून को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए ओडिशा और झारखंड में रेड अलर्ट जारी किया है।

**देश के इन राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी**

मौसम विभाग की तरफ से जारी किए गए पूर्वानुमान के मुताबिक, आज बिहार में भारी बारिश होगी। 20 जून को झारखंड में



मूसलाधार बारिश हो सकती है। 24 जून के दौरान गुजरात, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है। 19 जून को तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, लक्षद्वीप, कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा और तेलंगाना में झमाझम बारिश के आसार नजर आ रहे हैं।

**24 जून तक बारिश रहेगी जारी**

मौसम विभाग ने बताया कि 24 जून के दौरान उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। 22 को जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद तो 20-23 जून के दौरान हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में भारी बारिश हो सकती है। अगले 2 दिनों के दौरान मध्य भारत में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है और उसके बाद कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

**यूपी में पहुंचा मानसून**

उत्तर प्रदेश में मानसून पहुंचने के बाद भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून बुधवार को आधिकारिक रूप से उत्तर प्रदेश के दक्षिणी इलाकों में पहुंच गया, जो 13 जून की अपनी सामान्य तिथि से पांच दिन देरी से पहुंचा। अगले दो से तीन दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियों का पूर्वानुमान है। कुल मिलाकर यूपी में अगले तीन दिन तक बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

**हिमाचल में शनिवार को हो सकती है भारी बारिश**

हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में अगले 2-3 दिनों में मानसून के पहुंचने की संभावना है। स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में अगले दो से तीन दिनों में मानसून के पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को राज्य के कुछ स्थानों पर भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट और शुक्रवार को कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

**दिल्ली में कैसा रहेगा मौसम**

दिल्ली में शुक्रवार और शनिवार को बारिश हो सकती है। राज्य में मानसून समय से पहले पहुंच सकता है। दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को आकाश में बादल छाए रह सकते हैं। कुछ जगहों पर हल्की बारिश भी हो सकती है।

## बल्लभगढ़ में उल्टा लटकाकर दलित लड़के के साथ मारपीट, यूरिन पीने के लिए किया मजबूर

फरीदाबाद, 19 जून (एजेंसियां)। हरियाणा के फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में दलित लड़के को टॉर्चर करने का बेहद ही शर्मनाक मामला सामने आया है। लड़के को बंधक बनाकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और फिर उसे पेशाब पीने के लिए भी मजबूर किया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बल्लभगढ़ की सुभाष कॉलोनी में सोमवार शाम को हुई एक शर्मनाक घटना में 18 वर्षीय दलित लड़के पर कथित तौर पर हमला किया गया, उसे प्रताड़ित और यूरिन पीने के लिए मजबूर किया गया। इसके बाद मामले में फरीदाबाद के 19 साल के लड़के को गिरफ्तार किया गया और दो नाबालिगों को हिरासत में लिया गया। इसके साथ ही आरोप के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# प्लेन क्रैश पर एअर इंडिया के चेयरमैन ने मांगी माफी चंद्रशेखरन ने बताया हादसे पर अभी तक क्या पता चला

अहमदाबाद, 19 जून (एजेंसियां)। विमान हादसे को लेकर टाटा संस और एयर इंडिया के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन का एक इंटरव्यू सामने आया है। जिसमें उन्होंने उन सभी लोगों से माफी मांगी हैं, जिन्होंने इस विमान हादसे में अपने परिजनों को खो दिया हैं। इस हादसे में करीब 270 लोगों की जानें चली गई थी। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में एन चंद्रशेखरन ने अहमदाबाद विमान हादसे के हर एक पहलू पर बात की। उन्होंने कहा कि मैं उन लोगों के दुख को समझ ही नहीं सकता, जिन्होंने अपने परिवार के किसी सदस्य को खोया है। उन्होंने कहा कि हम हर स्थिति में मृतकों और घायलों के परिवार वालों के साथ हैं। विमान हादसे को लेकर चंद्रशेखरन ने कहा कि यह बहुत ही कठिन घड़ी है। मेरे पास मृतकों के परिवारों को सांत्वना देने के लिए कोई शब्द नहीं है। उन्होंने



कहा कि मुझे बहुत अफसोस है कि यह विमान हादसा टाटा की तरफ से संचालित एयरलाइन में हुआ हैं। उन्होंने मृतकों के परिवार वालों को सांत्वना देते हुए कहा कि हम इस समय केवल इतना कर सकते हैं कि हम परिवारों के साथ रहें, उनके साथ दुख व्यक्त करें। उन्होंने कहा कि हम इस समय और उसके बाद भी उनका समर्थन करने के लिए सब कुछ करेंगे। जब चंद्रशेखरन से पूछा गया कि इस विमान दुर्घटना के किसी कारण का पता चला? इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले पर अभी कुछ टिप्पणी नहीं कर सकते। जांच पूरी होने तक का इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा कि जांच ब्यूरो ने इस विमान दुर्घटना की जांच शुरू कर दी हैं। सरकार ने इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति का भी गठन किया है। जिससे अहमदाबाद विमान हादसे के कारणों का जल्द से जल्द पता लगाया जा सके। इसके आगे चंद्रशेखरन ने कहा कि इस दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट आने में एक महीने का समय लग सकता है। चंद्रशेखरन ने दावा किया कि दुर्घटनाग्रस्त विमान एआई171 का इतिहास साफ-सुथरा था। अभी तक इस विमान को लेकर कोई दुर्घटना सामने नहीं आई है। उन्होंने इसके इंजन की बात करते हुए कहा कि इस विमान का दायां इंजन बिल्कुल नया था, जिसे मार्च 2025 में लगाया गया था। बायां इंजन की सर्विस आखिरी बार 2023 में की गई थी। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2025 में इसकी अगली रखरखाव की जांच होनी थी। परंतु उससे पहले ही यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

चंद्रशेखरन ने कहा कि दोनों पायलट काफी अनुभवी थे। कैप्टन सभरवाल के पास 11,500 घंटे से ज्यादा उड़ान का अनुभव था। कुंदर जो कि फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव थे, उनके पास 3400 घंटे से ज़्यादा उड़ान का अनुभव था। उन्होंने कहा कि मैंने उनके सहकर्मियों से जो सुना है वह यह है कि वे बेहतरीन पायलट थे। इसलिए इस दुर्घटना को लेकर हम जल्दबाजी नहीं कर सकते और न ही अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे सभी विशेषज्ञों ने बताया है कि विमान में मिले ब्लैक बॉक्स और रिकॉर्डर निश्चित रूप इस दुर्घटना की कहानी बताएंगे। चंद्रशेखरन से जब डीजीसीए की तरफ से हाल ही में एयर इंडिया को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस या परिचालन संबंधी मामलों के लिए एयरलाइन पर लगाए गए जुर्माने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि ये एआई 171 विमान से संबंधित नहीं थे। उन्होंने कहा कि ये सुरक्षा मुद्दों से अलग है। क्योंकि अगर कोई सुरक्षा मुद्दा होता हो तो डीजीसीए किसी भी हालत में हमें उड़ान भरने की अनुमति नहीं देता। 12 जून की त्रासदी के बाद एयर इंडिया की कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

जिसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चंद्रशेखरन ने कहा कि एयर इंडिया को इन मामलों के बारे में यात्रियों के साथ बेहतर संवाद करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम हर दिन 1100 से अधिक उड़ानें भरते हैं, लेकिन पिछले छह दिनों में, हर रोज लगभग 16 से 18 उड़ानें रद्द हो रहीं हैं।

## जहां गिरा विमान, वहां शख्स को मिली 70 तोले सोने की ज्वेलरी, 50 हजार नकद

अहमदाबाद, 19 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद में 12 जून को हुई विमान दुर्घटना के बाद राहत बचाव कार्य में लगे शुरुआती लोगों में शामिल राजेश पटेल यहां से शवों और कई घायलों को एम्बुलेंस तक छोड़ने के तुरंत बाद घटनास्थल पर वापस आए और सुलगते हुए मलबे में खोजबीन शुरू करने लगे। 57 साल के राजेश पटेल ने बताया कि उन्होंने घातक विमान दुर्घटना स्थल से लगभग 70 तोले सोने के आभूषण, 50 हजार रुपये और कुछ अमेरिकी डॉलर एकत्र किए और पुलिस को सौंप दिए। दुर्घटनास्थल से मात्र 300 मीटर की दूरी पर रहने वाले पटेल ने जब जोरदार धमाका सुना और आग का गोला आसमान में उठता देखा तो वे शहर के शाहीबाग क्षेत्र में अपने रिश्तेदार द्वारा संचालित निजी अस्पताल की एक एंबुलेंस में सवार हो गए। निर्माण व्यवसाय से जुड़े पटेल ने बताया, ''बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास परिसर में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर मैं ज्यादा से ज्यादा लोगों को बचाने की उम्मीद में वहां पहुंचा। हालांकि हम पहले 15 से 20 मिनट तक घटनास्थल के करीब नहीं पहुंच सके। आग पर काबू पाने के बाद हमने बचाव कार्य शुरू किया।'' पटेल और अन्य स्वयंसेवकों के पास कोई 'स्ट्रेचर' नहीं था, इसलिए उन्होंने शवों और घायलों को एंबुलेंस तक ले जाने के लिए पुरानी साड़ियों, चादरों और बोरों का इस्तेमाल किया। बचाव अभियान पूरा होने के बाद पटेल ने एअर इंडिया विमान में सवार लोगों के सामान और अन्य सामग्री को बचाने का काम शुरू कर दिया। पटेल ने बताया, ''जले हुए और बिखरे पड़े 10 से 15 हैंडबैग से हमने 70 तोले सोने के आभूषण, आठ से 10 चांदी के सामान, कुछ पासपोर्ट, भगवद्गीता की एक प्रति, 50 हजार रुपये नकद और 20 डॉलर बरामद किए। हमने उन्हें बचाव अभियान की निगरानी कर रहे पुलिस के एक अधिकारी को सौंप दिया।'' मेघाणी नगर थाने के निरीक्षक डीबी बसिया के मुताबिक, उनकी एक टीम को दुर्घटना स्थल से बरामद हर मूल्यवान वस्तु और सामान की विस्तृत सूची तैयार करने का काम सौंपा गया है। बसिया ने बताया, ''सूची तैयार हो जाने के बाद हम एअर इंडिया के साथ समन्वय करेंगे और सत्यापन के बाद यात्रियों के परिजनों को कीमती सामान और अन्य सामग्री सौंपने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। अभी तक हमारे पास सामान की कोई निश्चित संख्या या उनका मूल्य नहीं है।'' गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने 16 जून को घोषणा की थी कि विमान के मलबे से मिली हर वस्तु वापस कर दी जाएगी। मंत्री ने कहा, ''वीनाबेन अघेडा के शव से बरामद चार से पांच तोला सोने के आभूषण को सावधानीपूर्वक ढूंढ़कर उनके परिवार को लौटा दिया गया। इसकी कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपये थी।''

# 'जितना गरियाना है गरिया लीजिए'

## पीएम मोदी के बिहार दौरे से पहले तेजस्वी यादव ने उठाए ये सवाल



पटना, 19 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को बिहार आने वाले हैं। सीवान में उनका कार्यक्रम है। पीएम मोदी के दौरे से पहले आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कई मुद्दों पर घेरा है। सवाल उठाए हैं। तेजस्वी यादव ने कहा है कि चुनाव है इसलिए प्रधानमंत्री बिहार आ रहे हैं, लेकिन जब बिहार को जरूरत होती है तो कोई नजर नहीं आता है। दिखता नहीं है।

मदद नहीं मिली है, चाहे विशेष राज्य के दर्जे की बात हो या विशेष पैकेज की बात हो। तेजस्वी यादव ने पीएम के दौरे को लेकर कहा, वे कोई महंगाई को रोकने तो आ नहीं रहे हैं, कोई गरीबी मिटाने तो आ नहीं रहे हैं, लालू जी और हम लोगों को जितना गरियाना है गरिया लीजिए। प्रधानमंत्री जी बिहार आकर देखें कि कोई भी ऐसा दिन नहीं है जब 200 राउंड गोलियां नहीं चलती हों। प्रधानमंत्री कभी किसी पीड़ित के घर गए? पिछली बार भी पटना आए थे। रोड शो किया था। इसी बिहार के जवान जब शहीद हुए थे तो वे एक भी परिवार के लोगों से नहीं मिले। संवेदना प्रकट नहीं की। जब भी देश की सुरक्षा की बात आती है बिहार के लोग सबसे आगे खड़े रहते हैं।

तेजस्वी यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी बिहार में लगभग 200 से ज्यादा भाषण दे चुके हैं। अगर वे अपने 200 भाषणों को देखेंगे तो उनको बिहार आने में शर्म आएगी। बिहार के लोगों से उन्होंने क्या-क्या वादे किए थे कि नंबर वन राज्य बना देंगे। आगे आरजेडी नेता ने कहा, 11 साल से आप प्रधानमंत्री हैं, 20 साल से बिहार में एनडीए की सरकार है, नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं, आप कहते थे कि चीनी मिल चालू करा देंगे, उसी चीनी मिल की चाय पिएंगे, ऐसे सैकड़ों वादे किए हैं। खैर आएंगे तो देखेंगे कि यहां एनडीए का मतलब क्या है। यहां एनडीए का मतलब है- नेशनल दामाद आयोग। सबके दामाद को तो आयोग में मोदी जी ने फिट कर दिया।

### बॉक्स से मछली के बदले निकली शराब, बिहार के कुरियर सेंटर में गंध ने खोला तस्करी का राज

पटना, 19 जून (एजेंसियां)। बिहार में शराबबंदी के बावजूद तस्कर नए-नए तरीके से अंग्रेजी शराब मंगवाने की तरकीबें निकाल रहे हैं। ताजा मामला समस्तीपुर जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र का है, जहां मछली के कार्टन जैसे दिखने वाले पार्सल में छुपाकर 142 बोतल रॉयल स्टैग व्हिस्की बिहार भेजी गई थी।यह शराब उत्तर प्रदेश के नोएडा (बैरंगपुर) से भेजी गई थी और इसकी डिलीवरी हसनपुर के दूधपुरा स्थित सिरेहा इंटरप्राइजेज को की जानी थी। लेकिन कुरियर सेंटर पर शराब की गंध आते ही सारा खेल उजागर हो गया। घटना पांचूपुर स्थित डेल्हीवेरी कुरियर लिमिटेड सेंटर की है।

# पटना के सबसे पॉश इलाके में फायरिंग

## मंत्री और जज के आवास के बाहर नाकेबंदी



पटना, 19 जून (एजेंसियां)। बिहार की राजधानी पटना में अपराधियों का मनोबल बढ़ता ही जा रहा है। अपराधी पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। गुरुवार की सुबह राजधानी के सबसे पॉश इलाके में फायरिंग की घटना सामने आयी है। अपराधियों ने बिहार सरकार के मंत्री और हाई कोर्ट के जज के आवास के बाहर गोलीबारी की है। यह वारदात इस लिहाज से बेहद गंभीर मानी जा रही है, क्योंकि यह राजधानी के उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में हुई है।

**अशोक चौधरी के घर के पास हुई वारदात**

राजधानी के सबसे वीवीआईपी इलाके में गुरुवार सुबह अपराधियों ने बेखौफ होकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। मंत्री अशोक चौधरी के सरकारी आवास के ठीक नजदीक एक युवक को लूटपाट के दौरान गोली मार दी गई। यह वारदात उस इलाके में हुई है, जहां कई मंत्रियों और वरीय अधिकारियों के आवास स्थित हैं। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

**पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी**

सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इलाके की नाकेबंदी कर दी गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना ने न सिर्फ कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि पुलिस की मौजूदगी और गश्त पर भी गंभीर संदेह उत्पन्न कर दिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

## बुलंदशहर में नशे के कारोबार का भंडाफोड़ 38 किलो डोडा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

बुलंदशहर, 19 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में नशा मुक्ति को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उसी कड़ी में पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो नशे का कारोबार करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से भारी मात्रा में डोडा बरामद हुआ है। बरामत किए इस नशीले पदार्थ की कीमत लाखों में बताई जा रही है। थाना देहात कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति अकबरपुर-कुडवल मार्ग के रास्ते से नशीले पदार्थ की खेप लेकर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो संदिग्ध वाहनों को रोका गया। तलाशी के दौरान पुलिस को दोनों वाहनों से 38 किलो डोडा बरामद हुआ है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान हरियाणा निवासी सुखविंदर और संभल निवासी राजेश के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों तस्करों ने कबूल किया कि वे लंबे समय से नशे के कारोबार से जुड़े हुए हैं और दिल्ली एनसीआर के कई जिलों में सप्लाई करते थे। फिलहाल पुलिस में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। पूरे मामले में जानकारी देते हुए बुलंदशहर एएसपी ऋजुल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आज पुलिस टीम ने कार्रवाई की और अकबरपुर-कुडवल मार्ग से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनसे 38 किलो डोडा और दो वाहन बरामद हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है और इनके नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।

# वेस्ट यूपी का ये शहर बना कारतूसों की सप्लाई का 'लीडर' सेना के जवान से लेकर खिलाड़ी तक गए पकड़े



मेरठ, 19 जून (एजेंसियां)। वेस्ट यूपी में मेरठ कारतूसों की सप्लाई के लिए बड़ी मंडी बन गया। सेना के जवान से लेकर शूटिंग खिलाड़ी तक कारतूसों की तस्करी में पकड़े जा चुके हैं। यह कारतूसों की खेप कौन खरीद रहा है। अभी तक एटीएस से लेकर एसटीएफ और स्थानीय पुलिस स्पष्ट नहीं कर पाई हैं। हालांकि अनिल बंजी गिरोह के सदस्यों से जो कारतूस पकड़े गए थे। तब एसटीएफ ने पर्दाफाश किया था कि लारेंस विश्नोई और नीरज बबाना गिरोह मेरठ में पहुंचकर कारतूस की खेप ले रहे है। सेना के जवान राहुल कुमार भी पल्लवपुरम में ही दिल्ली रोड पर कारतूसों की खेप पहुंचाने के लिए जा रहे थे। वहीं से एटीएस ने राहुल को गिरफ्तार किया है। उससे पहले चार फरवरी को एसटीएफ ने दिल्ली हाईवे स्थित ग्रेटर पल्लवपुरम से कार के अंदर से कारतूसों का जखीरा पकड़ा। यह खेप अंतर्राष्ट्रीय तस्कर राशिद अली ले जा रहा था। कारतूसों की खेप राणा इंस्टीट्यूट आफ शूटिंग स्पोर्ट्स देहरादून से आई थी। राशिद अली ने बताया कि यह रेंज राणा ब्रदर्स की है। पद्मश्री से सम्मानित निशानेबाज जशपाल राणा के भाई द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित सुभाष राणा और शूटिंग खिलाड़ी सक्षम मलिक ने ही कारतूसों की सप्लाई मेरठ के लिए भेजी थी। यह कारतूस इटली से तस्करी कर लाए गए थे। हालांकि एसटीएफ की जांच में सुभाष राणा को क्लीनचिट दे दी गई, जबकि सक्षम मलिक ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। उससे पहले 23 नंबवर को कंकरखेड़ा में दारोगा राकेश कुमार के बेटे रोहन निवासी ग्राम लोहड्डा थाना कोतवाली बडौत बागपत को गिरफ्तार किया था। वह 17 अवैध बंदूक और 700 कारतूस बेचने जा रहा था। 20 दिसंबर अंतरराज्यीय तस्कर अनिल बालियान उर्फ अनिल बंजी पुत्र राजेंद्र निवासी ग्राम सिसौली थाना भौराकलां मुजफ्फरनगर को विदेशी हथियारों और कारतूस के संग पकड़ा था। उसने बताया था कि कारतूस की सप्लाई लारेंस विश्नोई और नीरज बबाना गिरोह देने जा रहा था। उसके बाद अनिल बंजी गिरोह के तस्कर विपिन कुमार पुत्र जगदीश निवासी ग्राम वाजिदपुर थाना बडौत बागपत को 13 मई को गिरफ्तार किया।

29 मई को इसी गिरोह के धीरेंद्र सिंह उर्फ पिंटू दाढी पुत्र श्याम सिंह निवासी मुहल्ला बालमुकंद पुरी बागपत को दबोचा गया। दो जून को हथियार और कारतूस की तस्करी करने वाले अक्षय उर्फ भूरा पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम रमाला ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। वह भी मेरठ में ही कारतूसों की सप्लाई दे रहा था।

## पानी में फंसे 20 में से 18 लोगों का किया गया रेस्क्यू; 2 अब भी लापता

गयाजी, 19 जून (एजेंसियां)। गयाजी में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाद फल्गु नदी में अचानक पानी आ गया। गया मानपुर सिक्स लेन पुल के नीचे फल्गु तट के पूर्वी छोर पर अस्थाई रूप से रह रहे 20 बंजारन को नदी के तेज धार ने अपने चपेट में लिया। उनके द्वारा हल्ला करने पर आसपास के लोग वहां एकत्रित हुए, साथ ही मुफस्सिल थाना की पुलिस भी घटनास्थल पहुंची। गुरुवार की अल सुबह करीब 3:00 बजे एसडीआरएफ की टीम मानपुर सिक्स लेन पुल के नीचे पहुंची। जहां से रेस्क्यू करके 18 बंजारन को सफलतापूर्वक बाहर निकल गया है। दो बंजारन अभी भी लापता है। जिसकी तलाश एसडीआरएफ की टीम कर रही है। मुफस्सिल थाना के पुलिस ने बताया कि बुधवार की देर रात फल्गु नदी में अचानक पानी आ गया। जिसके कारण नदी के तट पर रहे बंजारन चपेट में आ गए, फिलहाल 18 बंजारन की जान बचा ली गई है और उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। मुफस्सिल थाना के पुलिस ने बताया कि बुधवार की देर रात फल्गु नदी में अचानक पानी आ गया। जिसके कारण नदी के तट पर रहे बंजारन चपेट में आ गए, फिलहाल 18 बंजारन की जान बचा ली गई है और उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। पूछताछ के दौरान जिन बंजारन की जान बचाई गई उन लोगों ने पुलिस को बताया कि उनके दो साथी अभी भी लापता है। इसके बाद पुलिस और बचाव दल लापता दो लोगों की तलाश में जुटे हैं। फिलहाल जिला प्रशासन ने फल्गु नदी के तट पर बसे लोगों के लिए अलर्ट जारी किया है।

### योगी के मंत्री ने राहुल गांधी की विदेश यात्रा पर उठाए सवाल

# कहा- सोनिया गांधी बीमार हैं और वो मौज मस्ती के लिए विदेश पर्यटन पर हैं



लखनऊ, 19 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के बीच मुलाकात को लेकर कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश कर रही है, जिस पर यूपी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने राहुल गांधी पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी माता जी बीमार हैं और वो मौज मस्ती के लिए विदेश पर्यटन पर हैं। राहुल गांधी से नेता प्रतिपक्ष का पद भी संभाला नहीं जा रहा है और विदेश का मुद्दा आते ही कांग्रेस नेता उछलने लगते हैं। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस हर मामले पर सियासत करती है। सिर्फ मोदी जैसा नेता ही अमेरिका के राष्ट्रपति के प्रस्ताव को मना कर सकते हैं। मोदी जी देश के लिए लगातार काम कर रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री पर सवाल उठाना देश पर सवाल उठाने जैसा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एलओपी का पद भी नहीं संभाल पा रहे है और कांग्रेस के नेता विदेश का मुद्दा आते ही उछलने लगते हैं। उन्हें विदेश में ही जाकर शिफ्ट हो जाना चाहिए।

**राहुल गांधी पर साधा निशाना**

राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मंत्री दिनेश प्रताप ने कहा कि उनकी माता जी बीमार है और राहुल गांधी देश के टुकड़े करने की साजिश करने वाले जॉर्ज सोरोस के बेटे की शादी की तैयारियों और मौज मस्ती के लिए विदेशी पर्यटन पर हैं। राहुल गांधी तो घूमने के चलते ज्यादातर विदेश में रहते ही हैं। दिनेश प्रताप ने राहुल की विदेश यात्रा को लेकर सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए भी निशाना साधा और पोस्ट कर लिखा- 'ज्ञात हुआ कि श्रीमती सोनिया गांधी अस्वस्थ होने के कारण अस्पताल मे है प्रभु से प्रार्थना है वह शीघ्र स्वस्थ हो। श्रीमती सोनिया गांधी जी के पुत्र और रायबरेली के सांसद श्री राहुल गांधी जी भारत को टुकड़ों मे बांटने की साजिश करने वाले जार्ज सोरोंस के बेटे की शादी में और विदेशी पर्यटन मे व्यस्त हैं। ये भारतीय संस्कार संस्कृति में नही होता है प्रभु इन्हें भी सद्बुद्धि दें।'

### 'नमाज पर नहीं मिलता ब्रेक, फिर योगा डे पर राहत क्यों', एसटी हसन से सरकार पर उठाए सवाल



मुरादाबाद, 19 जून (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले एक बार फिर योग को लेकर सियासी बयानबाजी शुरू हो गई है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुरादाबाद से पूर्व सांसद डॉ। एसटी हसन ने योग दिवस पर कर्मचारियों को दिए जाने वाले विशेष ब्रेक को लेकर सवाल उठाए हैं। डॉ। हसन ने कहा, योगा डे पर ब्रेक देने की कोई आवश्यकता नहीं है। कर्मचारी चाहें तो घर से योग करके कार्यालय आ सकते हैं। जब मुसलमानों को नमाज के लिए आधे घंटे का भी ब्रेक नहीं दिया जाता तो योग के लिए विशेष ब्रेक देना कहां तक उचित है? उन्होंने आगे कहा कि हम योग के विरोध में नहीं हैं। यह एक अच्छी चीज है, लेकिन सरकार को दोहरा रवैया नहीं अपनाना चाहिए। अगर योगा डे पर ब्रेक दिया जा रहा है, तो फिर मुस्लिम कर्मचारियों को नमाज के लिए भी ब्रेक दिया जाना चाहिए। पूर्व सांसद ने वर्तमान व्यवस्था पर तंज कसते हुए कहा कि देश में अब वो सब हो रहा है, जो पहले कभी नहीं हुआ। ऑफिस समय शुरू होने से पहले ही योग किया जा सकता है, तो फिर काम के समय ब्रेक देने की क्या जरूरत है? बता दें कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) से पहले प्रदेश सरकार ने एक नई पहल की शुरुआत की है। अब राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में रोजाना 'वाई-ब्रेक योगा' सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे कर्मचारियों को कामकाज के दौरान तनाव से राहत मिले और वे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें। यह निर्णय केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत लिया गया है।

# बिहार जेडीयू को बड़ा झटका

## सीएम नीतीश कुमार की पार्टी से नवीश ने दे दिया इस्तीफा



पटना, 19 जून (एजेंसियां)। बिहार में इन दिनों जमाई पॉलिटिक्स हावी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार में बने विभिन्न आयोगों में बड़े नेताओं के रिश्तेदार और कई नेताओं के दामादों को मिली जगह को लेकर सवाल खड़ा किया है। तेजस्वी यादव के आरोपों के बीच अब आयोगों में जेडीयू कार्यकर्ताओं को जगह नहीं मिलने से नाराजगी देखी जा रही है। विधानसबा चुनाव से पहले सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, जनता दल यूनाइटेड के पटना साहिब विधानसभा के प्रभारी नवीश कुमार नवेंदु ने आज (19 जून, 2025) इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा पत्र उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को भेजा है। उन्होंने कहा है कि उनकी नाराजगी योग्यता को नजरअंदाज करने को लेकर है।

**'इसलिए मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ'**

जेडीयू नेता रहे नवीश कुमार नवेंदु ने अपने फेसबुक पर पोस्ट लिखते हुए अपनी नाराजगी का पूरा उल्लेख किया है। उन्होंने कहा है, बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के माननीय अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा जी से अनुरोध करता हूं कि मेरे जैसा जनता दल यूनाइटेड के समर्पित कार्यकर्ता पिछले 13 वर्षों से पार्टी के लिए बारिश, आंधी-पानी में भी पार्टी के द्वारा दिए गए कार्यों को पूरी निष्ठा से करते आया है, लेकिन आयोग बोर्ड निगम में आरएसएस कोटा, दामाद कोटा, विकास मित्र के कोटा एवं माननीय मंत्री जी के कोटा के साथ पत्नी कोटा से अध्यक्ष एवं सदस्य बनाए गए हैं। इसलिए मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ आज जनता दल यूनाइटेड के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता एवं पटना साहिब विधानसभा प्रभारी के पद सहित पार्टी के प्राथमिक सदस्य त्यागपत्र देता हूं। जेडीयू नेता के इस त्यागपत्र ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने तेजस्वी के दावों को जहां मजबूत कर दिया है वहीं योग्यता होते हुए भी पार्टी के कार्यकर्ताओं को जगह न मिलने और दरकिनार करते हुए नए लोगों को अध्यक्ष और सदस्य बनने पर सवाल खड़े किए हैं।

# इंसाफ की गुहार लगाती रही शिवानी

## चली गई जान; प्रेमी ने खोली पुलिस की लापरवाही की पोल



बागपत, 19 जून (एजेंसियां)। शिवानी का कत्ल अचानक नहीं किया गया। उसके प्रेमी का दावा है कि दो माह के अंदर तीन बार पहले हत्या का प्रयास किया जा चुका था। डायल-112 तथा स्थानीय पुलिस चौकी पर शिकायत भी की गई, लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। यदि पुलिस आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई कर देती तो शायद शिवानी की जान न जाती। लुहारी गांव के अंकित ने बताया कि वह मोटर कंपनी में नौकरी करता है। उसका पड़ोस की युवती शिवानी से पिछले छह साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह दोनों शादी करना चाहते थे। इससे शिवानी के स्वजन सहमत नहीं थे। आरोप है कि शिवानी के साथ उसके स्वजन आए दिन मारपीट करते थे। दो माह के अंदर तीन बार शिवानी पर जानलेवा हमला किया जा चुका था। शिवानी ने डायल-112 तथा स्थानीय पुलिस चौकी पर शिकायत भी की थी, लेकिन पुलिस ने सुनाई नहीं की। रात शिवानी की हत्या कर शव को जलाकर यमुना में बहा दिया गया। बुधवार सुबह गली में शिवानी की हत्या की चर्चा हुई तो पुलिस को फोन करके उसने सूचना दी गई। आरोप है कि पुलिस उसे अपने साथ लेकर गई और सूचना और तहरीर देने पर उसे धमकाया गया। अंकित का कहना है कि शिवानी ने हत्या से पहले डायरी में एक पत्र लिखा था, जिसमें शिवानी ने अपनी हत्या की आशंका जताई थी। उसकी मांग है कि पुलिस पत्र की जांच कराए। पुलिस ने भरोसा दिया कि पत्र की हैंडराइटिंग की जांच कराई जाएगी। बड़ौत कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चहल का कहना है कि प्राथमिक जांच में सामने आया कि शिवानी का रात को उसके पिता संजीव ने गला दबाया तथा भाई रवि ने हाथ पकड़े थे। उसकी मां भी घटना में शामिल रही है। आरोपित अपनी पिकअप गाड़ी में शिवानी के शव को यमुना किनारे लेकर गए जहां पर शव को पेट्रोल से जलाया गया, फिर राख को यमुना में बहाया गया। शिवानी की हत्या के मामले में उसके पिता संजीव, मां बबीता, भाई रवि व बुआ की बेटी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित संजीव व बबीता को गिरफ्तार कर लिया गया है। शिवानी की हत्या से संबंध साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

### बीए की छात्रा के साथ हैवानियत, तीन युवकों पर लगाया आरोप, घटना की जांच में जुटी पुलिस

पटना, 19 जून (एजेंसियां)। बिहार में लगातार बदमाशों द्वारा आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। इस बीच दिल दहला देने वाला मामला शेखपुरा जिले से सामने आया है। जहां, बीए की छात्रा को निशाना बनाया गया। यह पूरी घटना जिले के करंडे थाना क्षेत्र के एक गांव की है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि, 19 वर्षीय बीए की छात्रा रात में शौच के लिए अपने घर से बाहर निकली थी। लेकिन, इसी दौरान बदमाश ने उसे पकड़ लिया। छात्रा को जबरन सुनसान जगह ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस पूरी घटना को लेकर पीड़िता के द्वारा स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। गांव के ही युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है। पीड़िता की ओर से यह बताया गया कि, आरोपी युवक के घर जब शिकायत करने पीड़िता के परिजन पहुंचे तो घरवालों के साथ मारपीट की गई।

# सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

## आपत्तिजनक हालत में मिले युवक-युवतियां, होटल किया सीज



संभल, 19 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के संभल में एक होटल में छापेमारी कर कुछ युवक-युवतियों को पकड़ा गया। सिटी मजिस्ट्रेट और पुलिस की संयुक्त छापेमारी के दौरान होटल के 5 कमरों से युवक-युवतियों को अपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया। पिछले सात महीनों से ज्यादा के समय से ये होटल चल रहा था। सिटी मजिस्ट्रेट ने होटल की सील कर दिया है। वहीं दस्तावेजों को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। दरअसल, जिले के चौधरी सराय में स्थित होटल पिछले करीब 7 महीनों से संचालित था। लगातार सिटी मजिस्ट्रेट को इस होटल की शिकायतें मिल रही थी, इसके बाद आज सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने पुलिस बल के साथ यहां होटल में छापेमारी की। इस दौरान होटल में कमरों को चेक किया जिनमें 5 कमरों में युवक-युवतियां आपत्तिजनक हालत में मिले। पूछताछ के दौरान पहले इन युवक-युवतियों ने पति-पत्नी का रिश्ता बताया, जब आईडी चेक की गई तो नाम पते अलग-अलग पाए गए। पकड़े गए युवक-युवतियों को संदिग्ध मानते हुए थाने भेज दिया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। वहीं होटल को सील कर दिया गया और होटल के दस्तावेजों व सीसीटीवी फुटेजों की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद हडकंप मच गया। संभल सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि ये चौधरी सराय से पीछे एक होटल को लेकर कई दिनों से सूचना मिल रही थी। आज पुलिस के साथ यहां छापेमारी की। इस होटल में 9 कमरे है जिनमें 5 कमरों से लड़के-लड़कियां आपत्तिजनक हालत में पाए गए। पहले तो इन युवक-युवतियों ने अपना रिश्ता पति-पत्नी का बताया जब आईडी देखी गई तो गलत तरीके से रिश्ता बताना पाया गया। प्रथम दृष्टता सभी को संदिग्ध मानते हुए थाने भेजा गया है। वहां से जो विधिक कार्रवाई होगी वो की जायेगी और होटल को सीज किया जा रहा है। सभी दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया है। और सीसी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, अभी जांच जारी है। इसके बाद जो भी विधिक कार्रवाई होगी वो की जाएगी।

### गाजियाबाद में मर्डरः थाने के सामने युवक की गोली मारकर हत्या

मुरादनगर, 19 जून (एजेंसियां)। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मुरादनगर थाने के सामने गांव मिल्क रावली निवासी युवक रवि शर्मा की गोली मारकर हत्या। बताया गया है रात दस बजे रास्ते से कार निकालने को लेकर रवि शर्मा व अजय, मोंटी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद आरोपी रवि शर्मा के घर पहुंचे और मारपीट की। मारपीट की शिकायत करने रवि शर्मा अपने भाई के साथ मुरादनगर थाने पहुंचे। आरोपी भी थाने पहुंच गए। इसके बाद आरोपी अजय व मोंटी ने बताया रवि शर्मा पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

चार गोली लगने से रवि शर्मा लहूलुहान हालत में जमीन पर गिर गए। गोली मारने के आरोपी आराम से मौके से फरार हो गए। तुरंत उन्हें मोदीनगर के निवोक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के परिजनों ने निवोक अस्पताल में जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही डीसीपी ग्रामीण व एसीपी मसूरी पुलिस फोर्स मौके पहुंच गए।



## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को लिखा पत्र
# कहा- राजस्थान को जल्द मिले पानी का हक



जयपुर, 19 जून (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखकर चिनाब नदी बेसिन से जुड़ी तीन बड़ी जल परियोजनाओं को जल्द लागू करने की मांग की है। इन योजनाओं से हिमालय से निकलने वाली नदियों का अतिरिक्त जल ब्यास, रावी और उझ जैसी पूर्ववर्ती नदियों की ओर मोड़ा जा सकेगा, जिससे उत्तर भारत के कई राज्यों के साथ-साथ राजस्थान को भी पानी की बड़ी राहत मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा कि राजस्थान को हर वर्ष लगभग 1.0 एमएएफ (मिलियन एकड़ फीट) पानी पीने के लिए, 1.0 एमएएफ पानी सिंचाई के लिए और 0.2 एमएएफ पानी औद्योगिक जरूरतों के लिए चाहिए। राज्य में पहले से मौजूद प्राकृतिक झीलों और जलाशयों में 1.0 एमएएफ पानी जमा करने की क्षमता भी है, जिसका पूरी तरह उपयोग किया जा सकता है।

ब्यास और सतलुज नदियों में अतिरिक्त पानी पहुंचेगा, जिससे हरियाणा, पंजाब, दिल्ली के साथ-साथ राजस्थान को भी लाभ मिलेगा। इंदिरा गांधी नहर को अधिक जल मिलेगा, जिससे पश्चिमी राजस्थान की बड़ी आबादी को सिंचाई और पीने के पानी की सुविधा मिलेगी। औद्योगिक क्षेत्रों में जल आपूर्ति में सुधार होगा, जिससे निवेश और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने केंद्र सरकार से इन परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृत और क्रियान्वित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं राजस्थान के दीर्घकालिक जल संकट का समाधान बन सकती हैं और यह कदम राज्य के भविष्य के लिए ₹मील का पत्थर₹ साबित होगा।

# तंबाकू पर लगाम! अब बिना लाइसेंस नहीं बिकेगा गुटखा-सिगरेट

जयपुर, 19 जून (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार ने युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाने और सार्वजनिक स्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य में बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, जर्दा जैसे तंबाकू उत्पादों की बिक्री के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है। शहरी विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। नई व्यवस्था जुलाई-अगस्त 2025 से लागू की जाएगी। इसके तहत विक्रेताओं को संबंधित नगर निगम, नगर परिषद या नगर पालिका से लाइसेंस प्राप्त करना होगा, जिसके लिए वार्षिक शुल्क 1,000 रुपये तय किया गया है।



**पहले चरण में 10 शहरों में होगी शुरुआत**

इस अभियान का पहला चरण जयपुर, जोधपुर, सीकर, अलवर, उदयपुर, बीकानेर, कोटा, अजमेर, ब्यावर और नागौर जैसे प्रमुख शहरों में लागू किया जाएगा। आंकड़ों के अनुसार, केवल जयपुर में लगभग 46 हजार तंबाकू विक्रेता हैं, जिनमें से 20 हजार प्रमुख चौराहों और मुख्य सड़कों पर सक्रिय हैं। पूरे राज्य में इनकी संख्या करीब 2 लाख है।

**18 साल से कम उम्र वालों को बेचने पर कार्रवाई**

सरकार ने तंबाकू नियंत्रण को सख्ती से लागू करने के लिए कुछ सख्त नियम भी जोड़े हैं। यदि कोई लाइसेंसधारी विक्रेता 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्कूल, अस्पताल, बस अड्डों जैसे सार्वजनिक स्थलों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। यह पहल स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ-साथ तंबाकू की अवैध बिक्री को नियंत्रित करने और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

# कांग्रेस का बड़ा एक्शन, डोटासरा ने 17 पदाधिकारियों को थमाया नोटिस



जयपुर, 19 जून (एजेंसियां)। राजस्थान कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय नहीं होने और लापरवाही बरतने पर 17 ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों को नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने संगठन सशक्तीकरण अभियान को लेकर विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त विधानसभा समन्वयकों का सहयोग करने और सक्रिय रहने के लिए कहा था, लेकिन ब्लॉक अध्यक्षों ने इन कार्यों में उदासीनता बरती।

पार्टी प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र समन्वयकों को बूथ, मण्डल एवं ब्लॉक स्तर पर सक्रिय व निष्क्रिय कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को चिन्हित करने के लिए कहा था। समन्वयकों ने बैठक कर जमीनी स्तर पर संगठन के चल रहे कामकाज का फीडबैक लिया था। बाद में समन्वयकों रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को दी थी।

**इन ब्लॉक अध्यक्षों को मिला नोटिस**

ब्यावर, सिवाड़, नदबई, उच्चैन, रायपुर, डूंगरगढ़, टिब्बी, पोकरण, सांकड़ा, गुढ़ा, केलादेवी, बर, सुमेरपुर लसाड़िया, बौंली, चौथ का बरवाड़ा, गोगूंदा।

# 500 ट्रैक्टरों के काफिले के साथ किसानों का अलवर कूच, पुलिस प्रशासन अलर्ट

अलवर, 19 जून (एजेंसियां)। अलवर के सिलीसेढ़ क्षेत्र में बोरिंग कर शहर को पानी पहुंचाने की योजना के खिलाफ किसानों का विरोध अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। बोरिंग कार्य को लेकर शुरू हुआ यह आंदोलन अब बड़े स्तर पर किसान एकजुटता में बदल गया है। झील बचाओ किसान बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले करीब 40 गांवों के किसान 21 दिनों से धरना दे रहे हैं और अब उन्होंने अलवर कूच का ऐलान कर दिया है।



किसानों ने गुरुवार को 500 से अधिक ट्रैक्टरों के काफिले के साथ तीन से चार हजार की संख्या में अलवर पहुंचने की घोषणा की है। इससे पहले समिति ने स्पष्ट कर दिया कि यह आंदोलन न सिर्फ पानी की लूट के खिलाफ हैए बल्कि किसानों के अधिकारों और सिलीसेढ़ झील की पारिस्थितिकी को बचाने की लड़ाई भी है।

**अलवर में पुलिस प्रशासन अलर्ट**

प्रशासन ने किसानों की इस रणनीति को गंभीरता से लेते हुए अलवर शहर की सीमाओं पर कड़ी सुरक्षा और मजबूत बेरिकेडिंग की है। ताकि किसानों को ट्रैक्टरों के साथ शहर में प्रवेश करने से रोका जा सके। ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

**सिलीसेढ़ से अलवर शहर को पानी देने का विरोध**

संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों का कहना है कि सिलीसेढ़ झील का पानी पारंपरिक रूप से आसपास के गांवों की खेती और पशुपालन के लिए जीवनरेखा रहा है। शहर को पेयजल आपूर्ति के लिए झील से बोरिंग कर पानी खींचना ग्रामीणों के अधिकारों का हनन है और झील का अस्तित्व खतरे में डालने वाला कदम है। धरना स्थल पर रोज सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्र होते हैं। महिलाओं और युवाओं की भागीदारी ने आंदोलन को नई ऊर्जा दी है।

**मांग नहीं मानने तक जारी रहेगा आंदोलन**


समिति ने साफ कर दिया है कि जब तक झील से पानी खींचने की योजना को वापस नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कई वार्ता के बाद भी प्रशासन और किसानों के बीच अभी तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया है। गुरुवार का दिन प्रशासन और किसानों दोनों के लिए अहम माना जा रहा है। अब देखना होगा कि क्या सरकार किसानों की मांगों पर विचार करती है या फिर आंदोलन और तीव्र होगा।

# कॉटन गोदाम में भीषण आग

अजमेर, 19 जून (एजेंसियां)। बिजयनगर-ब्यावर मार्ग स्थित केकड़ी रोड पर महेश टेक्सटाइल के कॉटन गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग की ऊंची लपटों और घने धुएं ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चला है, लेकिन शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खामी की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात करीब 12 बजे गोदाम से आग की लपटें उठती देख प्रशासन और दमकल विभाग को सूचना दी गई। मौके पर बिजयनगर थानाधिकारी करण सिंह खंगारोत पुलिस बल के साथ पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसके तुरंत बाद फायर ब्रिगेड को बुलाया गया।

आग पर काबू पाने के लिए दमकल की तीन से चार गाड़ियों को कई घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में दमकलकर्मियों का सहयोग किया।

# चला 'बुलडोजर', करीब 150 कच्चे-पक्के अवैध निर्माण ध्वस्त
## पुलिस का भारी जाप्ता रहा मौजूद



जोधपुर, 19 जून (एजेंसियां)। जोधपुर के उम्मेद सागर बांध के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण हटाने को लेकर गुरुवार को दूसरी बार प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया। सुबह राजीव गांधी थाना परिसर से भारी जाप्ते के साथ नगर निगम, पीएचईडी , और जडीए की संयुक्त टीम बांध क्षेत्र के लिए रवाना हुई। उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दिशा-निर्देश दिए। इस अभियान के तहत बांध के 500 मीटर दायरे में बने करीब 150 कच्चे-पक्के अवैध निर्माणों को हटाया गया।

पिछले हफ्ते 9 जून को हुई कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस, जेसीबी चालकों पर पथराव कर दिया था। जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 108 लोगों को डिटेन और 25 गिरफ्तार किए थे। इस बार प्रशासन ने किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया। एक दर्जन से ज्यादा JCB मशीनें भी मौके पर पहुंचीं।

'वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान' के तहत यह कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में की जा रही थी, जिसने हाल ही में अतिक्रमण के खिलाफ याचिका खारिज की थी।

स्थानीय निवासियों में कार्रवाई को लेकर तनाव था, लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित रखा। प्रशासन का कहना है कि बांध की जल संरक्षण क्षमता को बचाने के लिए यह कदम जरूरी है। कार्रवाई के दौरान कुछ अतिक्रमण ढहाए गए, और आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# वाटर पार्क में डूबने से 11 वर्षीय बालक की मौत
## मदद के लिए चिल्लाया, लेकिन डीजे की तेज आवाज में कोई सुन नहीं पाया

अलवर, 19 जून (एजेंसियां)। सदर थाना क्षेत्र के कटी घाटी के पास गोल्डन वाटर पार्क में पानी से डूबने से एक 11 वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक के परिजन सहित अन्य लोगों ने वाटर पार्क संचालक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार मृतक नमन राजपूत पुत्र गजराज निवासी झारेड़ा अपने परिजनों के साथ दोपहर एक बजे वाटर पार्क गया था। इस दौरान करीब ढाई बजे बालक की पानी में डूबने से मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि बच्चे के परिजन कपड़े पहनने के लिए पानी से बाहर आए थे। इस बीच हादसा हो गया। लेकिन डीजे की तेज आवाज के कारण किसी को बच्चे की चीखें सुनाई नहीं दी। बाद में परिजन बच्चे को इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल के मुर्दाघर में शिफ्ट कर दिया गया। इस संबंध में पुलिस ने वाटर पार्क संचालक और मैनेजमेंट के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



**जिम्मेदारों की गिरफ्तारी पर अड़े लोग**

लोगों ने बताया कि जब उन्होंने पार्क की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए तो गार्डों ने बदसलूकी करते हुए धमकी दी। परिजनों का कहना था कि वाटर पार्क में लोगों से मोटी फीस ली जाती है, लेकिन सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। बालक की मौत के बाद भी संवेदना जताने के स्थान पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इस दौरान उनकी कोई मदद भी नहीं की गई। वे खुद के स्तर पर बच्चे अस्पताल लेकर गए।

इससे आक्रोशित परिजन व अन्य लोग शाम को सामान्य अस्पताल के गेट पर धरने पर बैठ गए।

उनकी मांग थी कि मामले में बालक की मौत के जिम्मेदार की गिरफ्तारी के साथ ही वाटर पार्क को सील किया जाए। करीब 30 मिनट के धरने के बाद कोतवाली और सदर थाना पुलिस ने परिजनों से समझाइश कर धरना समाप्त कराया।

# भारत ने अंडर-16 साउथ एशियन यूथ बास्केटबॉल चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण
## जैसलमेर के मोहम्मद रजा चमके

जैसलमेर, 19 जून (एजेंसियां)। मालदीव में 12 से 15 जून 2025 तक आयोजित अंडर-16 साउथ एशियन यूथ बास्केटबॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। FIBA (फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन) द्वारा आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत ने बांग्लादेश, मालदीव और श्रीलंका जैसी टीमों को मात देते हुए खिताब अपने नाम किया।




प्रतियोगिता में भारत ने बांग्लादेश को 117-29, मालदीव को 151-20 और श्रीलंका को लीग मुकाबले में 111-79 से हराया। फाइनल में भारत ने एक बार फिर श्रीलंका को 93-62 के बड़े अंतर से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

**जैसलमेर के मोहम्मद रजा बने टूर्नामेंट के हीरो**

भारत की इस ऐतिहासिक जीत में जैसलमेर बास्केटबॉल अकादमी के उभरते खिलाड़ी मोहम्मद रजा ने शानदार प्रदर्शन किया। रज़ा ने पूरे टूर्नामेंट में कुल 86 अंक बनाए और भारतीय टीम के टॉप स्कोरर रहे। फाइनल मुकाबले में भी उन्होंने अकेले 38 अंक जुटाकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

**तीन साल से ले रहे प्रशिक्षण, कई राष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं रज़ा**

जिला खेल अधिकारी राकेश बिश्नोई ने जानकारी दी कि मोहम्मद रज़ा पिछले तीन वर्षों से राजस्थान सरकार की बास्केटबॉल अकादमी, जैसलमेर में प्रशिक्षण ले रहे हैं। अब तक वे चार बार राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और एक स्वर्ण, दो रजत तथा एक कांस्य पदक अपने नाम कर चुके हैं।

मोहम्मद रजा की इस उपलब्धि पर जैसलमेर सहित पूरे राजस्थान में खुशी की लहर है। राज्य मंत्री के.के. बिश्नोई, जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी, कलेक्टर प्रताप सिंह, एसपी सुधीर चौधरी, और राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया सहित कई अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें और उनके कोच को बधाई दी।

# सचिवालय में डीआईपीआर ऑफिस में लगी आग

जयपुर, 19 जून (एजेंसियां)। जयपुर सचिवालय परिसर स्थित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर) के कार्यालय में शुक्रवार तड़के अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। यह घटना सुबह करीब 5 से साढ़े 5 बजे के बीच की है, जब अधिकांश कर्मचारी कार्यालय में मौजूद नहीं थे।

आग लगते ही सचिवालय के ऑटोमैटिक फायर फाइटिंग अलार्म सक्रिय हो गए और सुरक्षाकर्मी तुरंत मौके पर पहुंच गए। विभागीय अग्निशमन प्रणाली की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे किसी बड़े नुकसान या जनहानि की स्थिति नहीं बनी। आग पर समय रहते काबू पाने के कारण फायर ब्रिगेड को बुलाने की आवश्यकता नहीं पड़ी।

हालांकि आग से कार्यालय का एक कमरा प्रभावित हुआ है, जहां रखा फर्नीचर और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक हो गए। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है, हालांकि तकनीकी जांच के बाद ही सटीक कारण स्पष्ट होगा। सुरक्षा स्टाफ की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। विभागीय स्तर पर आग की जांच शुरू कर दी गई है और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए अतिरिक्त उपायों पर भी विचार किया जा रहा है।

# महिला बनकर पुलिस को चकमा देता रहा हिस्ट्रीशीटर, 4 महीने बाद जोधपुर पुलिस ने दबोचा



जोधपुर, 19 जून (एजेंसियां)। जोधपुर में पुलिस को 4 महीने से चकमा देने वाला हिस्ट्रीशीटर दयाशंकर आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। वह लगातार फरारी में था और जब भी पुलिस उसे पकड़ने उसके घर जाती, तो वह महिला के भेष में साड़ी, ब्लाउज, मंगलसूत्र और घूंघट डालकर बैठा रहता। पुलिस को इशारे से बता देता कि दयाशंकर घर पर नहीं है, और पुलिस हर बार खाली हाथ लौट जाती।

दयाशंकर ने पुलिस को धोखा देने के लिए महिला जैसी शक्ल-सूरत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उसने साड़ी, ब्लाउज, मंगलसूत्र पहनने के साथ-साथ हाथों की वैक्सिंग भी करवाई ताकि शक न हो। लेकिन मुखबिर की सूचना और पुलिस की सतर्कता से आखिरकार उसका नकली रूप बेनकाब हो गया।

पुलिस को जब पक्की सूचना मिली कि दयाशंकर महिला बनकर ही घर में छिपा है, तब सदर कोतवाली थाना पुलिस ने निगरानी बढ़ाई और योजना बनाकर उसे धर दबोचा। गिरफ्तारी के समय भी वह महिला के वेश में ही था। यह भी पढ़ें: साजिश रचकर प्रेमी से दबवाया पति का गला, पिता को मरते हुए देखता रहा मासूम; उसी ने खोला राज

दयाशंकर पर मारपीट, हमले और अन्य संगीन धाराओं में कई मामले दर्ज हैं। कुछ समय पहले उस पर एक व्यक्ति के सिर पर कांच की बोतल से हमला करने का आरोप भी लगा था, जिसमें पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसी मामले में पुलिस 4 मार्च से उसकी तलाश कर रही थी।

**पुलिस टीम की सक्रियता से सफलता**

सदर कोतवाली थाना पुलिस की लगातार कोशिशों और मुखबिर तंत्र की सक्रियता के चलते चार महीने से फरार चल रहे शातिर हिस्ट्रीशीटर दयाशंकर को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब उससे आगे की पूछताछ कर रही है।

# श्रीगंगानगर फायरिंग केस में एक आरोपी गिरफ्तार
## मुख्य हमलावरों की तलाश जारी

श्रीगंगानगर, 19 जून (एजेंसियां)। श्रीगंगानगर के बसंती चौक के पास जिम के बाहर कॉलोनाइज़र पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान कोटकपूरा (पंजाब) निवासी पुरुषोत्तम (32) पुत्र जगतार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पुरुषोत्तम ने वारदात को अंजाम देने वाले दो हमलावरों को गाड़ी में बैठाया और घटना के बाद उन्हें फरीदकोट (पंजाब) तक पहुंचाया। इतना ही नहीं, उसने फायरिंग से पहले आरोपियों के साथ मिलकर घटनास्थल की रैकी भी की थी और वारदात के बाद बाइक बदलकर गाड़ी में बैठाकर उन्हें नाकेबंदी से बचाया। उप महानिरीक्षक एवं जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि यह घटना 17 जून को हुई थी, जब बसंती चौक के पास जिम के बाहर एक कॉलोनाइज़र पर दो अज्ञात हमलावरों ने पिस्टल से फायरिंग की थी। इस मामले में कोतवाली थाना में मामला दर्ज कर जांच सेतिया चौकी प्रभारी रामेश्वर बिश्नोई को सौंपी गई थी।

## 1.5 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में टाइपिस्ट गिरफ्तार

आदिलाबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। निर्मल में एक न्यायालय टाइपिस्ट को गुरुवार को पैसे के बदले सरकारी आवास की जगह दिलाने का वादा करके जनता को धोखा देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, निर्मल न्यायालय में टाइपिस्ट के रूप में काम करने वाले मोहम्मद ताजुद्दीन ने कई व्यक्तियों से 1.5-1.5 लाख रुपये यह दावा करके वसूले कि वह उन्हें खानपुर कस्बे में मकान दिलाने में मदद कर सकता है।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें

द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in

**निविदा सूचना सं.- जी/ई.29/टीआर. /टेन्डर नोटिस/12/2025-26** PUB/0733

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/ट्रैक्शन/गुंटकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**निविदा सं. -** जीटीएल -टीआरडी-29-ईटीएन-24-2025-26 कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजन-जीटीएल-आरयु सेक्शन में 120 टीकेएम प्राइवेट साइडिंग्स की ओएचइ रखरखाव गतिविधियों का आउटसोर्सिंग कार्य। **अनुमानित लागत** रु.73,00,043/-पूर्व धरोहर राशि (पूधरा) रु.1,46,000/-

निविदा बंद करने की तिथि व समयः 10-07-2025 के 15.00 बजे

टिप्पणीः

1. निविदाकर्ता निःशुल्क तौर पर निविदा दस्तावेज को वेबसाइटः www.ireps.gov.in से ड़ाउनलोड कर सकते हैं।

टेन्डर बिड्डिंग अथवा निविदा बोली तथा अन्य जानकारी हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। शुध्दिपत्र यदि कोई हो तो, उसे केवल आनलाईन पर ही जारी किया जायेगा।

**-वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन, गुंटकल**

**ई-निविदा सूचना सं.02-2025 दि.16-06-2025** PUB/0735

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, उप मुख्य अभियंता/गति शक्ति युनिट/गुंटकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित है।

निविदा बंद करने की तिथि व समयः 10-07-2025 के 11.00 बजे

**क्रम सं.-01** निविदा सं. जीएसयु-जीटीएल-आरओबी-02-2025 **कार्य विवरणः** (1) एसडब्ल्यू-।-गुंटकल डिवीजनः गूटी-वाडी सेक्शनः मरीछेथल-रायचूर स्टेशनों के बीच मानवनिर्मित एलसी 216 @ किमी 555/1-2 के स्थान पर, टू लेन रोड ओवर ब्रिज(आरओबी) का प्रस्तावित निर्माण कार्य। (2) एसडब्ल्यू-।।-गुंटकल डिवीजनः गूटी-वाडी सेक्शनः मरीछेथल-रायचूर स्टेशनों के बीच मानवनिर्मित एलसी 217 @ किमी 558/6-7 के स्थान पर, टू लेन रोड ओवर ब्रिज(आरओबी) का प्रस्तावित निर्माण कार्य। (3) एसडब्ल्यू-।।।-गुंटकल डिवीजनः गूटी-वाडी सेक्शनः रायचूर—येरमारस स्टेशनों के बीच मानवनिर्मित एलसी 219 @ किमी 567/6-7 के स्थान पर, टू लेन रोड ओवर ब्रिज(आरओबी) का प्रस्तावित निर्माण कार्य। (दो पैकेट प्रणाली)। विज्ञापित मूल्यःरु.1060037999.28 पूर्व धरोहर राशि (पूधरा) रु.5450200.00

बोली दस्तावेज तथा अन्य जानकारी हेतु http://ireps.gov.in पर लागिन करें। शुध्दिपत्र यदि कोई हो तो, उसे केवल आनलाईन पर ही जारी किया जायेगा।

**-उप मुख्य अभियंता, गति शक्ति युनिट, गुंटकल**

**निविदा सं.18-डब्ल्यूएस-25-26-एसआर.डीइ-एम-एचवायबी** PUB/0736

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, एसआर.डीइ/एम/एचवायबी द्वारा तत्संबंधित अधोलिखित निविदाएं, बंद करने की तिथि-15-7-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदाता या बिड्डर्स, अपने मूल/संशोधित बोलियों को, तत्संबंधित बंद करने की तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं तथा इस मामले मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

**क्रम सं. 01, कार्य विवरणः** निविदा सं.18-डब्ल्यूएस-25-26-एसआर.डीइ-एम-एचवायबीः हैदराबाद डिवीजनः 1)टीएसएमडी/एमएलवायःटेन्डम पिट व्हील लैथ शेड के लिए बिजली व्यवस्थाएं एवं शेड के लिए सुविधाओं को बढाना 2) रेल निलयम के मेकानिकल डिपार्टमेंट साइड एन्ट्रेस या प्रवेश द्वार पर पीसीएमइ कार्यालय पर न्यू इलेवेटर का प्रावधान-लिफ्ट के लिए बिजली व्यवस्थाएं। अनुमानित लागतःरु.78,10,942.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.1,56,200.00 कार्य पूरा करने की अवधिः12 महिने बंद करने की तिथिः15-07-2025

**वेबसाइट विवरणः** www.ireps.gov.in निविदा के संपूर्ण विवरण को देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः एसआर. डीइ/एम/एचवायबी का कार्यालय, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500071

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता,(एम), हैदराबाद**

**निविदा सूचना सं. 1-एमइसीएच-एफआयएटी-टीपीटीवाय-आर2-25-26** PUB/0737

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, डीवाय.सीएमइ/ सीआरएस / टीपीटीवाय द्वारा तत्संबंधित अधोलिखित निविदा संख्या, बंद करने की तिथि के 11.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदाता या बिड्डर्स, अपने मूल /संशोधित बोलियों को, तत्संबंधित बंद करने की तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं तथा इस मामले मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

**क्रम सं. 01,** कार्य विवरणः टेंडर नं. 1-एमइसीएच-एफआयएटी-टीपीटीवाय-आर2-25-26, कैरेज रिपेयर वर्कशाप, तिरुपति पर एसएस-। एसएस-।। व एसएस-।।। शेड्यूल्स अटेंड करने के लिए स्ट्रिप्पींग, क्लीनींग, एसेम्ब्लींग तथा एफआयएटी/एलएचबी बोगिज की पेन्टिंग करना। अनुमानित लागतःरु. 1,41,35,393.6/- बोली सुरक्षा रु.2,20,700/- कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने बंद करने की तिथिः9-7-2025 के 11.00 बजे

वेबसाइट विवरणः www.ireps.gov.in निविदा के संपूर्ण विवरण को देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः चीफ वर्कशाप मैनेजर का कार्यालय, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति

**-उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सीआरएस, तिरुपति**

ए 905

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट https://www.ireps.gov.in' या www.scr.indianrailways.gov.in देखें


# लोकेश ने पूर्व ब्रिटिश पीएम टोनी ब्लेयर से मुलाकात की



नई दिल्ली, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। एपी के शिक्षा, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री नारा लोकेश ने आज नई दिल्ली में पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री और टोनी ब्लेयर इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल चेंज (टीबीआई) के संस्थापक टोनी ब्लेयर से मुलाकात की।

मंत्री लोकेश ने नई दिल्ली के ताज पैलेस में टोनी ब्लेयर से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पिछले साल जुलाई में लोकेश ने मुंबई में पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर से मुलाकात की थी। टोनी ब्लेयर ने अपने संगठन के माध्यम से सहयोग करने पर सहमति जताई है। टोनी ब्लेयर इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल चेंज (टीबीआई), आंध्र प्रदेश सरकार के संचालन और शिक्षा प्रणाली में एआई उपकरणों का उपयोग करने में शामिल है। इस उद्देश्य से, शिक्षा क्षेत्र में उन्नत प्रौद्योगिकी को लागू करके युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में सुधार करने के लिए दिसंबर 2024 में एपी शिक्षा विभाग और टोनी ब्लेयर इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल चेंज (टीबीआई) के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

इस समझौते के हिस्से के रूप में, टीबीआई ने विजयवाड़ा में अपनी एम्बेडेड टीम तैनात की है और दो मुख्य मुद्दों पर विकास और ध्यान केंद्रित कर रही है। आंध्र प्रदेश उच्च शिक्षा में सुधार और सुशासन के लिए एक वैश्विक संस्थान की स्थापना। दोनों नेताओं ने एपी शिक्षा विभाग और टीबीआई के बीच समझौते के बाद हुई प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में राज्य में लागू किए जा रहे कौशल विकास एजेंडे, कौशल जनगणना और विदेशों में युवाओं के रोजगार जैसे मुद्दों में टीबीआई के तकनीकी समर्थन पर चर्चा हुई। मंत्री लोकेश ने टोनी ब्लेयर को सुशासन के लिए वैश्विक संस्थान (जीआईजीजी) के सलाहकार बोर्ड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

आंध्र प्रदेश सरकार और टोनी ब्लेयर संस्थान ने कौशल प्रशिक्षण में सहयोग और ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ गुड गवर्नेंस की स्थापना पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर बोलते हुए टोनी ब्लेयर ने कहा कि टीबीआई इस साल अगस्त में विशाखापत्तनम में आयोजित होने वाले राज्य शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में भागीदार होगी। बैठक में राज्य शिक्षा सचिव कोना शशिधर और टोनी ब्लेयर संस्थान के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# बिल्डर्स एसोसिएशन ने सीएम से एचएएम योजना को छोड़ने का किया आग्रह

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई), तेलंगाना चैप्टर ने राज्य सरकार से सड़क विकास के लिए हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएएम) को लागू करने की अपनी योजना पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है, जिसमें टोल वसूली की व्यवहार्यता और ठेकेदारों और श्रमिकों की आजीविका पर इसके प्रभाव पर चिंता व्यक्त की गई है। एसोसिएशन ने कहा कि नई सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं को शुरू करने के बजाय मौजूदा सड़कों का नवीनीकरण करना अधिक फायदेमंद होगा। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को लिखे पत्र में कहा कि इस दृष्टिकोण से न केवल सरकारी खर्च में कमी आएगी बल्कि सड़क के बुनियादी ढांचे में भी सुधार होगा और वाहन चालकों के लिए बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी। इसके विकल्प के तौर पर, बीएआई ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को एक अलग इकाई के रूप में मानने का सुझाव दिया, जहाँ ठेकेदारों को सात साल की अवधि के लिए सड़क रखरखाव सौंपने के लिए निविदाएँ जारी की जा सकती हैं। एसोसिएशन के अनुसार, यह मॉडल सड़क निर्माण कार्यों में बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करेगा। बीएआई ने तर्क दिया कि मौजूदा नियमित अनुबंध मॉडल के तहत, सरकार एचएएम योजना के तहत प्रस्तावित व्यय के 40 प्रतिशत से भी कम पर इन कार्यों को पूरा कर सकती है। राज्य सरकार वर्तमान में एचएएम योजना को लागू करने की योजना बना रही है, जिसमें 5,190 किलोमीटर सड़क और भवन (आरएंडबी) सड़कों और 7,947 किलोमीटर पंचायत राज और ग्रामीण विकास (पीआरआरडी) सड़कों का निर्माण और रखरखाव शामिल है।

## गणेश मूर्ति निर्माण केंद्र में हादसा, दो की मौत-सात घायल

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कोरुतला शहर में एक दुखद घटना घटी, जब बाहरी इलाके में बालाजी विनायक मूर्ति निर्माण केंद्र में बिजली का झटका लगने से दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि यह दुर्घटना तब हुई जब विनायक की मूर्ति तैयार की जा रही थी और बाद में उसे स्थानांतरित किया जा रहा था। ऊपर से गुजर रहे 33 केवी बिजली के तारों में आग लगने के बाद आग लग गई। स्थानीय निवासियों ने लाठी का उपयोग करके खतरनाक तारों को हटाने का प्रयास किया।

आपातकालीन सेवाओं को सतर्क कर दिया गया और पुलिस तुरंत सहायता के लिए पहुंची, पीड़ितों को चिकित्सा उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायलों में महाराष्ट्र के अलवाला विनोद, अलवाला नितिन, वेंकट रेड्डी राजेश, नेल्लुतला बंटी, नेल्लुतला कृष्णा, साईनाथ, हनुमंथु और उत्तर प्रदेश के रोशन आकाश रोशन शामिल थे। दुर्भाग्य से, विनोद और साई ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

## बाल शोषण के मामले में 15 लोग गिरफ्तार

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। बच्चों के ऑनलाइन यौन शोषण पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी) की बाल संरक्षण इकाई (सीपीयू) ने राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया। टीजीसीएसबी की निदेशक शिखा गोयल ने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य नाबालिगों के नग्न और यौन रूप से स्पष्ट वीडियो अपलोड करने, संग्रहीत करने और प्रसारित करने में शामिल बार-बार अपराध करने वाले लोगों को पकड़ना था। 5% साइबर टिपलाइन शिकायतों के आधार पर कुल 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान आदतन अपराधियों के रूप में की गई।

ऑपरेशन के बाद, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और पॉक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 34 एफआईआर दर्ज की गईं। हैदराबाद, यादगिरिगुट्टा, करीमनगर, वारंगल, जगतियाल और जगदगिरिगुट्टा में समन्वित प्रयास में संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। शिखा गोयल ने कहा कि बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री (सीएसईएएम) में ज़्यादातर विदेशी व्यक्ति शामिल हैं, पीड़ितों की उम्र 6 से 14 साल के बीच है। 90 प्रतिशत सामग्री लड़कियों से संबंधित है। सभी गिरफ़्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पीड़ितों की पहचान करने, सामग्री के स्रोत का पता लगाने, प्रत्येक व्यक्ति की सटीक भूमिका स्थापित करने तथा सीएसईएएम के निर्माण, वितरण, बिक्री और खरीद में शामिल आपराधिक नेटवर्क को नष्ट करने के लिए जांच चल रही है। सीपीयू सीएसईएएम सामग्री के डिजिटल सर्कुलेशन की निगरानी और उस पर प्रतिक्रिया करने में सक्रिय रूप से शामिल है। शिखा गोयल ने बताया कि टीजीसीएसबी साइबर टिपलाइन रिपोर्ट, चाइल्ड पोर्नोग्राफी और बलात्कार/गैंग रेप (सीपीआरजीआर) मामलों से संबंधित शिकायतों को संभालने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है, जो एनसीआरपी पोर्टल और नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन (एनसीएमईसी) के केस मॉनिटरिंग टूल्स (सीएमटी) के माध्यम से प्राप्त होते हैं।

## सीपीआई ने मनैर रिवर फ्रंट परियोजना में सतर्कता जांच की मांग की

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सीपीआई के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और पूर्व विधायक चाडा वेंकट रेड्डी ने बुधवार को तेलंगाना राज्य के मुख्यमंत्री अनुमुला रेवंत रेड्डी से मुलाकात की और उनसे करीमनगर शहर में मनैर रिवर फ्रंट कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं, संबंधित ठेकेदार और पिछले शासकों की भूमिका की सतर्कता जांच कराने की अपील की।

उन्होंने सीएम को बताया कि पिछली सरकार ने करीमनगर शहर में मनैर रिवर फ्रंट विकास कार्यों के नाम पर रिवर फ्रंट के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये मंजूर किए थे और कहा कि इसमें से पर्यटन विभाग ने 100 करोड़ रुपये और सिंचाई विभाग ने 100 करोड़ रुपये जारी किए हैं। उन्होंने कहा, "इस रिवर फ्रंट परियोजना का निर्माण कार्य पिछली राज्य सरकार के शासनकाल में हुआ था।

# आईसीआरआईएसएटी ने दुनिया का पहला स्पीड ब्रीडिंग प्रोटोकॉल किया पेश




संगारेड्डी, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। फसल विज्ञान के लिए एक बड़ी सफलता में, अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआईएसएटी) ने फिंगर बाजरा के लिए दुनिया का पहला स्पीड ब्रीडिंग प्रोटोकॉल विकसित किया है। 'रैपिड-रागी' नामक यह नवाचार फसल के विकास चक्र को काफी कम कर देता है, जिससे तेज़ और अधिक कुशल प्रजनन संभव हो जाता है।

इस नई विधि से, शोधकर्ता अब प्रति वर्ष चार से पांच पीढ़ियों तक बाजरे की खेती कर सकते हैं, जबकि पारंपरिक खेत की स्थितियों में यह केवल एक या दो पीढ़ियों तक ही संभव था।

इस विकास से बाजरे के अनुसंधान और खेती में बदलाव आने की उम्मीद है, खासकर एशिया और अफ्रीका में, जहां यह अनाज आहार का मुख्य हिस्सा है और स्कूली भोजन और पोषण कार्यक्रमों में एक महत्वपूर्ण घटक है। आईसीआरआईएसएटी के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने कहा कि यह संस्थान द्वारा जारी किया गया तीसरा ओपन-एक्सेस स्पीड ब्रीडिंग प्रोटोकॉल है, इससे पहले चना और अरहर के लिए भी इसी तरह के प्रयास किए गए थे। उन्होंने कहा, 'यह वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो समय बचाने, लागत कम करने और उच्च उपज देने वाली, जलवायु-अनुकूल और पौष्टिक फसलों के प्रजनन में दक्षता में सुधार करने में मदद करता है।'ज्वार और बाजरे के बाद बाजरे की सूची में तीसरे स्थान पर आने वाले फिंगर बाजरे ने तब से अधिक ध्यान आकर्षित किया है, जब से भारत ने 2018 को राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित किया है और संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाया है। रैपिड-रागी प्रोटोकॉल फिंगर बाजरे की वृद्धि अवधि को पारंपरिक 100-135 दिनों से घटाकर सिर्फ़ 68-85 दिन कर देता है, और अगर शारीरिक परिपक्वता पर कटाई की जाए तो एक सप्ताह की और कमी की संभावना है। त्वरित समयरेखा तेज़ अंकुरण, छोटे वनस्पति और पुष्पन चरणों और तेज़ परिपक्वता के माध्यम से प्राप्त की जाती है, जो कि अनुकूलित प्रकाश व्यवस्था, तापमान और आर्द्रता नियंत्रण के साथ-साथ उचित रोपण घनत्व, कुशल सिंचाई और लक्षित पोषक तत्व प्रबंधन जैसे कृषि संबंधी प्रथाओं द्वारा सक्षम है।

इस प्रोटोकॉल पर चार साल से काम चल रहा है। आईसीआरआईएसएटी में ग्लोबल रिसर्च प्रोग्राम डायरेक्टर (त्वरित फसल सुधार) डॉ सीन मेयस ने कहा कि फोकस न केवल फसल चक्रों को तेज करने पर था, बल्कि यह सुनिश्चित करने पर भी था कि यह विधि संसाधन-कुशल बनी रहे और विभिन्न वातावरणों में शोधकर्ताओं के लिए अनुकूल हो। चने और अरहर की फसल के विपरीत, जिसमें अलग-अलग विकास चरणों में विशिष्ट प्रकाश स्पेक्ट्रम प्रबंधन की आवश्यकता होती है, रागी की सरल प्रकाश आवश्यकताओं ने रैपिड-रागी दृष्टिकोण को अधिक सुलभ और लागत प्रभावी बना दिया है।

# नियमित जांच के बावजूद कम सरकारी स्कूल जारी करते हैं स्वास्थ्य कार्ड



हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सरकारी और स्थानीय निकाय स्कूलों द्वारा विद्यार्थियों के लिए टीकाकरण, कृमिनाशक, त्वचा रोग, ईएनटी, नेत्र देखभाल परीक्षण और पूर्ण शारीरिक मूल्यांकन जैसी स्वास्थ्य जांच आयोजित करने के बावजूद, इनमें से केवल छह प्रतिशत शिक्षण संस्थानों ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य कार्ड जारी किए हैं। ये कार्ड माता-पिता और चिकित्सकों को विद्यार्थियों की स्वास्थ्य समस्याओं (यदि कोई हो) पर नजर रखने में मदद करते हैं। 2024 के लिए मिड-डे मील सामाजिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, छात्र स्वास्थ्य जांच और कल्याण के विभिन्न मापदंडों में महत्वपूर्ण अंतर-जिला भिन्नताएं देखी गईं। सूर्यापेट और विकाराबाद जिलों में क्रमशः 69.5 प्रतिशत और 54.6 प्रतिशत स्कूलों में नियमित छात्र स्वास्थ्य जांच आयोजित करने में खराब हस्तक्षेप की सूचना मिली है। हालांकि, 33 में से 21 जिलों में 100 प्रतिशत स्कूलों ने नियमित स्वास्थ्य जांच आयोजित की। लेकिन नलगोंडा, सूर्यापेट और विकाराबाद जिलों में से किसी भी स्कूल ने आपातकालीन चिकित्सा योजना होने की सूचना नहीं दी। निष्कर्षों के अनुसार, दो-तिहाई स्कूलों ने डॉक्टरों और एएनएम (सहायक नर्स दाइयों) की सहायता से स्वास्थ्य जांच की। लगभग सभी स्कूलों ने स्वास्थ्य शिक्षा के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की सूचना दी, जिसमें स्वच्छता, स्वास्थ्य, सुरक्षित पेयजल, बीमारी की रोकथाम, स्वच्छता और सुरक्षा जैसे विषय शामिल थे।

## पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल का 146 वां निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 22 को


हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल द्वारा श्री राजस्थानी नव जागृति मंच अत्तापुर के सहयोग से 146 वां निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर रविवार 22 जून को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रामबाग अत्तापुर स्थित श्री निकेतन हाई स्कूल में आयोजित किया जाएगा। आज यहां अग्रवाल सेवा दल के अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मेगा मेडिकल कैंप में एलसीएस साधुराम नेत्र अस्पताल दोमलगुडा द्वारा निशुल्क नेत्रों की जांच की जाएगी और जांच के बाद योग्य को चश्मे एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन की व्यवस्था की जाएगी।

अवसर पर अस्पताल किम्स सनशाइन हॉस्पिटल बेगमपेट द्वारा जनरल फिजिशियन, कार्डियलजी, हड्डी रोग, ईसीजी, 2 डी इको, बीएमडी, बीपी जांच, आरबीएस की सेवा दी जाएगी। सामान्य चिकित्सक डॉ. अखिल्स क्लिनिक, डॉ.अखिल सुगंधी (रुमेटोलॉजी), डॉ. मीनल खिरैया सुगंधी (एमबीबीएस डि[illegible]मा मधुमेह) द्वारा दी जाएगी। एसएनआर डेंटल डॉ. निखिल द्वारा दांतों की जांच की जाएगी। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति द्वारा जांच कर योग्य को कृत्रिम अंग एवं डायलेसिस की सेवा प्रदान की जाएगी। फिजियोथैरेपी की सेवा बजाज फिजियो केयर की डॉ.मीता बजाज द्वारा दी जाएगी। शिविर में नाम पंजीकरण स्थल पर सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। शिविर की अधिक जानकारी के लिए शिविर संयोजक एवं अग्रवाल सेवा दल के प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेंद्र गोयल, मनीष अग्रवाल, सुरेश मोदी, श्रीकांत पाराशर से सहयोग दिया जाएगा।

# यूओएच ने वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त की

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता )। हैदराबाद विश्वविद्यालय (यूओएच) को दुनिया के सबसे अधिक परामर्शित विश्वविद्यालय रैंकिंग के अनुसार दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक के रूप में नामित किया गया है। वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषक क्यूएस क्वाक्केरेली साइमंड्स द्वारा जारी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के 2026 संस्करण में, हैदराबाद विश्वविद्यालय को दुनिया में #801-850वें स्थान पर रखा गया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 ने 8467 संस्थानों का मूल्यांकन किया और 106 स्थानों पर 1501 संस्थानों को शामिल किया, जिनमें भारत के 54 संस्थान शामिल हैं। हैदराबाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. जे. राव ने रैंकिंग पर गर्व और दृढ़ संकल्प के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमें क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में 'प्रशस्ति पत्र प्रति संकाय' संकेतक में दुनिया में 335 की उल्लेखनीय रैंकिंग प्राप्त करने पर प्रसन्नता हो रही है। यह मान्यता हमारे संकाय और शोधकर्ताओं के समर्पण और कड़ी मेहनत को दर्शाती है। हालांकि, हम स्वीकार करते हैं कि वैश्विक दृश्यता और धारणा जैसे अन्य मापदंडों में सुधार की गुंजाइश है। हम इन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके और अनुसंधान और शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखते हुए अपनी समग्र रैंकिंग को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यह उपलब्धि हमें और भी अधिक मेहनत करने और वैश्विक शैक्षणिक परिदृश्य में अधिक प्रभाव डालने के लिए प्रेरित करती है। आइए सीमाओं को आगे बढ़ाते रहें और एक साथ महानता हासिल करें! क्यूएस दो अलग-अलग डेटासेट एकत्र करता है: पाँच साल की अवधि में पेपर काउंट और पाँच साल की अवधि में प्रकाशित पेपर के लिए छह साल के लिए उद्धरण काउंट्। पिछले दो दशकों में डेटा उपलब्धता में वृद्धि और छात्रों और समाज की बदलती प्राथमिकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए, क्यूएस ने अपनी स्थापना के बाद से सबसे बड़ी कार्यप्रणाली में सुधार किया है, जिसमें मेट्रिक्स स्थिरता, रोजगार परिणाम, अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क, शैक्षणिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा और संकाय छात्र अनुपातशामिल हैं।



आज केबीआर पार्क में इच्छापूर्ति गणेशजी की पूजा आरती में सभी भक्तों ने दूध देने वाले की पूजा आरती में पधारे भक्तों में राजेंद्र कुमार अग्रवाल गोपाल बलदेवा माया बाई अग्रवाल सुभाष अग्रवाल मंसाराम अग्रवाल महेश कुमार डाकोटिया डॉ राधा कृष्ण भोज रेड्डी पीसी जैन विजय अग्रवाल कैलाश अग्रवाल रूंगटाजी दिनेश पंचोली एवं सभी भक्तगण




जामबाग डिवीजन के नगरसेवक, राकेश जयसवाल ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के सफल शासन के अवसर पर विकसित भारत का अमृत काल कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने स्थानीय निवासियों को मोदी सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। अवसर पर अमरसिंह, राज कुमार, जगपति नायक, महेंद्र, रघुनाथ, जे.अरुण, किरण, जय तिवारी, जनार्दन, प्रमोद, बलराज, नवीन, श्रीकांत, वेंकट रेड्डी, राजेंद्र जयसवाल ने भाग लिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### तिरुपति जा रही ...

और एसओपी के अनुसार सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया था। सुरक्षा के हित में, एयरलाइन को मूल या निकटतम हवाई अड्डे पर वापस जाने की सलाह दी गई थी। बाद में हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को एक संदेश मिला कि विमान फ्रैंकफर्ट लौट रहा है। विमान ने दोपहर करीब 2.15 बजे फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे से उड़ान भरी। वापस लौटने से पहले इसने भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया था। अपनी यात्रा के दो घंटे बाद, फ्लाइट एलएच752 वापस लौटी और फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरी। 12 जून को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद एयर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई। इस त्रासदी में जमीन पर मौजूद 33 लोगों की भी जान चली गई।

### सच साबित हो ...

रहीम यार खान पर हमले भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दूसरे चरण का हिस्सा थे। ऑपरेशन को % मई को शुरू किया गया था। यह हमला भारतीय सैन्य और नागरिक ठिकानों पर पाकिस्तान के हमलों का बदला लेने के लिए किया गया था। भारत ने ऑपरेशन के पहले चरण में ही आतंकी शिविरों पर हमला कर दिया था।

मई में हमले के कुछ दिनों बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर में एक रैली में पाकिस्तान पर हमला किया था। उन्होंने याद दिलाया था कि जवाबी हवाई हमलों के दौरान भारतीय मिसाइलों से प्रभावित होने के बाद उसका रहीम यार खान एयरबेस अभी भी चालू नहीं है। पीएम मोदी ने कहा था कि पाकिस्तान का रहीम यार खान एयरबेस अभी भी आईसीयू में है और यह निश्चित नहीं है कि यह कब खुलेगा।

### राहुल गांधी का ...

23 मार्च 2023 को सूरत कोर्ट ने मानहानि केस में उन्हें 2 साल कैद की सजा सुनाई थी। हालांकि, कुछ ही देर में उन्हें जमानत भी मिल गई थी। इसके अगले दिन राहुल की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। 27 मार्च 2023 को उन्हें बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया। नोटिस मिलने के बाद राहुल ने कहा था कि सरकारी बंगले से उनकी कई अच्छी यादें जुड़ी हुई हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तब उन्हें अपने या सोनिया के बंगले में शिफ्ट होने का सुझाव दिया था। राहुल को 27 मार्च 2023 को लोकसभा हाउसिंग कमेटी ने 12 तुगलक रोड का सरकारी आवास खाली करने का नोटिस भेजा था। बंगला खाली करने के लिए 24 अप्रैल 2023 तक का समय दिया गया था। नोटिस मिलने के अगले दिन राहुल ने लोकसभा सचिवालय के डिप्टी सेक्रेटरी डॉ. मोहित रंजन को लिखित जवाब भेजा। राहुल ने अपने जवाब में लिखा-मैं 4 बार लोकसभा सांसद चुना गया। यह लोगों का जनादेश है, जिसके लिए मैं लोगों का शुक्रगुजार हूं। मेरी इस घर से कई अच्छी यादें जुड़ी हुई हैं। मैं नोटिस में दिए गए आदेश का पालन करूंगा। 2004 में अमेठी से पहली बार सांसद चुने जाने पर राहुल को यह बंगला 2005 में अलॉट किया गया था।

# इंग्लैंड में 18 साल से टेस्ट सीरीज नहीं जीता भारत

## 94 साल में 3 ही बार जीते, द्रविड़ ने दिलाई आखिरी सफलता

खेल डेस्क, 19 जून (एजेंसियां)। इंग्लैंड में 18 साल से टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी टीम इंडिया फिर एक बार कोशिश के लिए तैयार है। टीम इंग्लैंड में 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला मुकाबला 20 जून से हेडिंग्ले के लीड्स स्टेडियम में भारतीय टाइमिंग के अनुसार दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा।

टीम इंडिया 25 साल के युवा कप्तान शुभमन गिल की लीडरशिप में उतरेगी। वहीं इंग्लैंड की कमान 34 साल के अनुभवी ऑलराउंडर बेन स्टोक्स संभाल रहे हैं। 1932 में भारत ने इंग्लैंड के लॉर्ड्स स्टेडियम से ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना सफर करियर शुरू किया, लेकिन टीम यहां 94 साल में 3 ही टेस्ट सीरीज जीत सकी।

**पहले टेस्ट में 158 रन से हारी थी टीम इंडिया**

भारत ने अपना क्रिकेट सफर 1932 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेल कर ही शुरू किया। कर्नल सीके नायडू ने मुकाबले में भारत की कप्तानी की। हालांकि, टीम को लॉर्ड्स स्टेडियम में 4 दिन चले मुकाबले में 158 रन से हार का सामना करना पड़ गया।

**94 साल में 14 सीरीज हारा भारत**

1932 से 2025 तक 94 साल में टीम इंडिया ने इंग्लैंड में 19 टेस्ट सीरीज खेलीं। भारत ने 3 जीतीं, जबकि 2 ड्रॉ खेलीं। वहीं 14 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। इंग्लिश कंडीशंस में इंग्लैंड के खिलाफ भारत महज 13% टेस्ट जीत सका है।

**1971 में पहली सीरीज जीती**

भारत को इंग्लैंड में पहली टेस्ट सीरीज जीतने में 39 साल लग गए। 1971 में टीम इंडिया ने अजीत वाडेकर की कप्तानी में 3 टेस्ट की सीरीज के शुरुआती 2 मैच ड्रॉ कराए, वहीं आखिरी मुकाबले को जीतकर सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। भारत को इंग्लैंड में पहली सीरीज जीतने से पहले 6 सीरीज गंवानी पड़ी थीं।




**18 साल पहले आखिरी सीरीज जीत मिली**

1971 के बाद भारत ने इंग्लैंड में 3 लगातार सीरीज गंवाईं, फिर कपिल देव की कप्तानी में 3 टेस्ट की सीरीज 2-0 से जीत ली। इसके बाद भारत ने 2002 में सौरव गांगुली की कप्तानी में 4 मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रॉ खेली, फिर 2007 में अगली ही सीरीज राहुल द्रविड़ की कप्तानी में जीत ली।

**18 साल में 4 टेस्ट जीते, सीरीज 1 भी नहीं**

2007 में जीत के बाद भारत को एमएस धोनी की कप्तानी में लगातार 2 सीरीज गंवानी पड़ीं। 2018 में विराट कोहली की लीडरशिप में भी टीम हार गई, लेकिन 2021 में कोहली ने ही 5 टेस्ट की सीरीज में 2-1 की बढ़त दिला दी। कोरोना महामारी के कारण सीरीज का आखिरी मुकाबला अगले साल खेला गया, लेकिन तब तक कोहली ने कप्तानी छोड़ दी। जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में भारत ने आखिरी टेस्ट खेला, लेकिन टीम हार गई और सीरीज 2-2 से ड्रॉ हो गई।

**कप्तान कोहली ने सबसे ज्यादा टेस्ट जिताए**

इंग्लैंड में भारत को सबसे ज्यादा टेस्ट जिताने वाले कप्तानों में विराट कोहली 3 जीत के साथ टॉप पर हैं। उनके बाद कपिल देव ने 2 मुकाबले जिताए। वहीं 4 अलग-अलग कप्तानों के नाम 1-1 जीत रहीं। भारत ने इंग्लैंड में 9 ही मैच जीते, लेकिन टीम ने यहां 22 टेस्ट ड्रॉ भी कराए हैं।

**तेंदुलकर इंग्लैंड में भारत के टॉप स्कोरर**

इंग्लैंड में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन सचिन तेंदुलकर ने बनाए। उनके नाम 17 मुकाबलों में 4 सेंचुरी और 8 फिफ्टी के सहारे 1575 रन रहे। बॉलर्स में तेंज गेंदबाज ईशांत शर्मा टॉप पर रहे, जिन्होंने 15 ही मुकाबलों में 51 विकेट झटक लिए। हालांकि, सचिन 12 साल पहले संन्यास ले चुके हैं, वहीं ईशांत को स्क्वॉड में जगह नहीं मिली।

**मौजूदा स्क्वॉड में जडेजा टॉप प्लेयर**

इंग्लैंड में भारत ने बहुत ही युवा टीम भेजी है। रवि अश्विन, रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर प्लेयर संन्यास ले चुके हैं। 36 साल के रवींद्र जडेजा सबसे अनुभवी हैं, उन्हीं के नाम इंग्लैंड में मौजूदा स्क्वॉड में सबसे ज्यादा 642 रन हैं। उन्होंने यहां 27 विकेट भी लिए हैं।

जडेजा के अलावा मौजूदा स्क्वॉड से केएल राहुल और ऋषभ पंत इंग्लैंड में 2-2 शतक लगा चुके हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह के नाम सबसे ज्यादा 31 विकेट हैं। हालांकि, उनका सभी मुकाबले खेलना मुश्किल है। वे 3 ही टेस्ट खेलेंगे।

**रूट भारत के खिलाफ टॉप टेस्ट स्कोरर**

टेस्ट क्रिकेट इतिहास में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले इंग्लैंड के जो रूट इस सीरीज में भी खेलते नजर आएंगे। उन्होंने टीम इंडिया के खिलाफ 10 सेंचुरी और 11 फिफ्टी लगाकर 2846 रन बनाए हैं। इतना ही नहीं, उनके नाम भारत के खिलाफ 19 विकेट भी हैं। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स 40 विकेट लेकर फिलहाल भारत के खिलाफ टीम के टॉप विकेट टेकर हैं।

# हेंडिंग्ले टेस्ट- भारत के खिलाफ इंग्लैंड की प्लेइंग-11 घोषित

## वोक्स की वापसी, ब्रायडन कार्स होम क्राउड के सामने पहला टेस्ट खेलेंगे

लीड्स, 19 जून (एजेंसियां)। ईसीबी ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग-11 जारी कर दी है। प्लेइंग लिस्ट में ऑलराउंडर क्रिस वोक्स की वापसी हुई है। वोक्स पिछले साल दिसंबर के बाद कोई टेस्ट मैच खेलेंगे। वहीं, ब्रायडन कार्स होम क्राउड के सामने पहली बार टेस्ट मैच खेलेंगे। उन्होंने पाकिस्तान-न्यूजीलैंड के दौरे में टेस्ट मैच खेला है। इस मुकाबले के लिए हर्षित राणा को भारतीय टेस्ट टीम को शामिल किया गया है। टीम मैनेजमेंट के हिसाब से राणा की गति और उछाल वाली गेंदबाजी इंग्लिश पिच पर फायदेमंद हो सकती है। हालांकि, भारतीय टीम मैनेजमेंट ने प्लेइंग-11 का ऐलान नहीं किया है। यह मुकाबला लीड्स के हेंडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर 20 जून से खेला जाएगा। 5 टेस्ट मैच की इस सीरीज का आखिरी मुकाबला 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा।



**डब्ल्यूटीसी अभियान का आगाज करेंगी टीमें**

इस मुकाबले के साथ भारत और इंग्लैंड की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2025-27 साइकल में अपने-अपने अभियान का आगाज करेंगी। पिछले हफ्ते साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का टाइटल जीता था।

**पिछले 18 साल से घर में नहीं हारा इंग्लैंड**

इंग्लैंड की टीम पिछले 18 साल से भारत के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर अजेय है। भारतीय टीम ने आखिरी बार साल 2007 में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीती थी। उस समय भारतीय टीम के कप्तान राहुल द्रविड़ थे।

**इंग्लैंड की प्लेइंग-11 :**

बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉले, बेन डकेट, ओली पॉप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

# कंगना रनौत विश्व पैरा एथलेटिक्स की ब्रांड एंबेसडर

## सितंबर-अक्तूबर में होगा प्रतियोगिता का आयोजन

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। मशहूर फिल्म अभिनेत्री और राजनीतिज्ञ कंगना रनौत को विश्व पैरा एथलेटिक्स की ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। उन्होंने यह जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताई। बता दें कि, 39 वर्षीय कंगना वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद हैं।



**कंगना ने जताई खुशी**

'फैशन' और 'क्वीन' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोरने वाली कंगना ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा- 'भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं। मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। पैरा खेल केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है- यह साहस के बारे में हैं और मुझे हमारे चैंपियन खिलाड़ियों के पीछे खड़े होने पर गर्व है।'

**26 सितंबर से पांच अक्तूबर तक होगा चैंपियनशिप का आयोजन**

इस मौके पर पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कंगना की तारीफ की। उन्होंने कहा- 'भारत के खिलाड़ियों के प्रति उनका जुनून, प्रभाव और प्रतिबद्धता उन्हें नयी दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक आदर्श दूत बनाती है।' मालूम हो कि झझारिया दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी भी हैं। यह प्रमुख प्रतियोगिता 26 सितंबर से पांच अक्तूबर तक आयोजित की जाएगी और इसमें 100 से अधिक देशों के एथलीट भाग लेंगे।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन में चार देशों के टूर्नामेंट के लिए रवाना

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 21 से 25 जून तक होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बर्लिन के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। कप्तान अराइजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय टीम आज सुबह बेंगलुरु से रवाना हुई। आमिर अली टीम के उप कप्तान हैं। टीम 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

भारतीय टीम इसके बाद 22 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और राउंड रोबिन चरण के अपने अंतिम मैच में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। सभी मैच बर्लिन में होंगे। टूर्नामेंट का समापन 25 जून को क्लासीफिकेशन मुकाबलों के साथ होगा जिसमें शीर्ष दो टीम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी जबकि बाकी दो टीम तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में खेलेंगी।

जर्मनी रवाना होने से पहले कप्तान हुंडल ने इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप से पहले इस टूर्नामेंट के महत्व पर जोर दिया। विश्व कप 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। हॉकी इंडिया की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में हुंडल ने कहा, एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 से पहले यह टूर्नामेंट हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अब जब कुछ ही महीने बचे हैं तो यह हमारे लिए अपनी ताकत का आकलन करने, नए संयोजन आजमाने और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने का एक बेहतरीन अवसर है। हम कुछ बेहतरीन हॉकी टीमों का सामना करेंगे जिससे हमें अपनी ताकत परखने और अलग-अलग रणनीतियां आजमाने का मौका मिलेगा।

# 30 साल पहले जैसी ओपनिंग जोड़ी भी नहीं बदल सकी श्रीलंका की तकदीर

गॉल, 19 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच गॉल में पहला टेस्ट खेला जा रहा है. इस टेस्ट में बांग्लादेश की पहली पारी 495 रन पर सिमट गई. जवाब में श्रीलंका की टीम का आगाज 30 साल पहले जैसी ओपनिंग जोड़ी ने किया. अब आप सोच रहे होंगे कि श्रीलंका के लिए ओपनिंग करने तो पाथुम निसंका और लाहिरू उदारा उतरे, फिर ये 30 साल पहले जैसी ओपनिंग जोड़ी से क्या मतलब? तो बेशक ओपनिंग पाथुम निसंका और लाहिरू उदारा ने की मगर उस जोड़ी में श्रीलंका की 30 साल पहले जैसी ओपनिंग जोड़ी वाली झलक रही.

**30 साल बाद श्रीलंका की ऐसी ओपनिंग जोड़ी**

दरअसल, टेस्ट क्रिकेट में ऐसा 30 साल बाद देखने को मिला जब श्रीलंका के लिए दाएं हाथ के दो बल्लेबाजों ने ओपनिंग की. बांग्लादेश के खिलाफ गॉल में खेले जा रहे टेस्ट मैच से पहले श्रीलंका के लिए दो दाएं हाथ के बल्लेबाजों ने ओपनिंग साल 1995 में की थी. तब मेलबर्न में खेले बॉक्सिंग डे टेस्ट में रोशन महानामा और चंदिका हथुरासिंघे ने की थी.

**नहीं बदल सके 12 महीने की तकदीर**

श्रीलंका के दाएं हाथ के दोनों ओपनर के सामने चुनौती पिछले 12 महीने से चले आ रहे खराब ओपनिंग के रिकॉर्ड को दुरुस्त करने की थी. मगर ऐसा नहीं हो सका. पिछले 12 महीनों में श्रीलंका सबसे खराब ओपनिंग का रिकॉर्ड रखने वाली टीम रही है. उसके ओपनर्स ने उस दौरान 15.37 की मामूली औसत से रन बनाए हैं.



पाथुम निसंका और लाहिरू उदारा, दाएं हाथ के इन दोनों ओपनर, से उम्मीद की जा रही थी कि वो उस रिकॉर्ड में कुछ सुधार करेंगे. मगर इनके बीच बनती साझेदारी ने 50 रन तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया. बांग्लादेश के खिलाफ गॉल टेस्ट में श्रीलंका के दाएं हाथ के दोनों ओपनर ने मिलकर 47 रन ही स्कोर बोर्ड में जोड़े. श्रीलंका की ओपनिंग जोड़ी लाहिरू उदारा के आउट होने से टूटी, जिन्होंने 29 रन बनाए.

31 साल के लाहिरू उदारा श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज हैं और बांग्लादेश के खिलाफ ही गॉल टेस्ट में उन्होंने डेब्यू किया है.

# फिर आई ग्लेन मैक्सवेल की आंधी, एमएलसी में लगाया तूफानी शतक, कई रिकॉर्ड बना डाले

खेल डेस्क, 19 जून (एजेंसियां)। क्रिकेट में एक बात बड़ी मशहूर है. फॉर्म इज टेम्परारी एंड क्लास इज पर्मानेंट. इसी बात की मिसाल एमएलसी 2025 में ग्लेन मैक्सवेल ने पेश की है. अपने फॉर्म को लेकर लगातार उठ रहे सवालों को उन्होंने एक शतक से कुचल दिया है. लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले में अकेले लड़ते हुए मैक्सवेल ने वॉशिंगटन फ्रीडम को ना सिर्फ मुश्किल से उबारा बल्कि उनकी कप्तानी पारी का ही असर रहा कि टीम ने रनों के लिहाज से अब तक की सबसे बड़ी जीत भी दर्ज की है.



लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के खिलाफ वॉशिंगटन फ्रीडम की आधी टीम 100 रन के अंदर डगआउट लौट चुकी थी. ऐसे में टीम को उसके लक्ष्य तक पहुंचाने की कमान संभाली खुद कप्तान ग्लेन मैक्सवेल ने. पहले तो वो धीमे खेल रहे थे. लेकिन जब लगा कि उससे काम नहीं चलने वाला तो उन्होंने अटैक तेज कर दिया और फिर देखते ही देखते कब अपने शतक तक पहुंच गए, पता ही नहीं चला. ग्लेन मैक्सवेल ने 49 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 106 रन बनाए, जिसमें 13 छक्के शामिल रहे.

ग्लेन मैक्सवेल ने अपनी इनिंग के दौरान 5 बड़े रिकॉर्डों को तार-तार किया. पहला रिकॉर्ड उन्होंने एमएलसी में वॉशिंगटन फ्रीडम के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने का बनाया. इस मामले में 21 छक्के का रिकॉर्ड स्टीव स्मिथ के नाम था. मगर अब ग्लेन मैक्सवेल के 29 छक्के हो गए हैं. दूसरा रिकॉर्ड उन्होंने वॉशिंगटन फ्रीडम के लिए एक T20 इनिंग में सर्वाधिक छक्के का भी तोड़ा है. इस मामले में उन्होंने ट्रेविस हेड के 6 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा है. ग्लेन मैक्सवेल के बनाए 106 रन वॉशिंगटन फ्रीडम के लिए किसी बल्लेबाज के बल्ले से निकला सबसे बड़ा टी20 स्कोर है. इस मामले में उन्होंने स्टीव स्मिथ के 88 रनों का रिकॉर्ड भी तोड़ा है. इतना ही नहीं ग्लेन मैक्सवेल वॉशिंगटन फ्रीडम के लिए सबसे ज्यादा 86 बाउंड्रीज जमाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं. ग्लेन मैक्सवेल ने ओबस पाइनार के साथ मिलकर 116 रन की पार्टनरशिप की, जो कि छठे विकेट के लिए वॉशिंगटन फ्रीडम की ओर से बड़ी साझेदारी का नया रिकॉर्ड है.

लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स और वॉशिंगटन फ्रीडम के बीच खेले मैच में कुल 303 रन बने. इन दोनों टीमों के बीच हुए मैच में अब तक इससे ज्यादा रन नहीं बने. इसमें 208 रन वॉशिंगटन फ्रीडम की ओर से बने, जो मैक्सवेल के शतक की बदौलत संभव हुआ. वहीं सिर्फ 95 रन लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स ने बनाए, जिसके चलते उन्हें 113 रन से हार का सामना करना पड़ा. ये रनों के लिहाज से वॉशिंगटन फ्रीडम की एमएलसी में अब तक की सबसे बड़ी जीत रही.

# टेनिस स्टार रादुकानू का पीछा करने वाले पर हुई कार्रवाई

## विंबलडन प्रशासन ने उठाया यह कदम



लंदन, 19 जून (एजेंसियां)। टेनिस खिलाड़ी ऐमा रादुकानू का पीछा करने के आरोपी ने विंबलडन के टिकट हासिल करने की कोशिश की, लेकिन ऑल इंग्लैंड क्लब की सुरक्षा प्रणाली ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। ब्रिटिश मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीबीसी और अन्य ने बताया कि उस व्यक्ति ने 30 जून से शुरू होने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए सार्वजनिक मतपत्र के माध्यम से टिकट के लिए आवेदन करने की कोशिश की, लेकिन उसके नाम को हटा दिया गया। फरवरी में दुबई चैंपियनशिप में उस व्यक्ति ने 22 वर्षीय राडुकानू के प्रति 'अड़ियल व्यवहार' दिखाया था जो एक मैच के दौरान भीड़ में उसे देखकर परेशान हो गई थीं। इससे एक दिन पहले उस व्यक्ति ने राडुकानू के लिए एक पत्र छोड़ा था और उसकी तस्वीर ली थी जिससे 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन परेशान हो गईं थी।

# पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी की टीम में हुई टिम डेविड की एंट्री

मुंबई, 19 जून (एजेंसियां)। कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 15 अगस्त से होने जा रही है। जिसको लेकर सभी टीमें सामने आ चुकी है। इस बार कई खिलाड़ियों की टीमें बदल गई हैं। आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए धमाल मचाने वाले ऑस्ट्रेलियन खिलाड़ी टिम डेविड इस बार सीपीएल सीजन-13 में पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी की टीम सेंट लूसिया किंग्स के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। सेंट लूसिया किंग्स ने टिम डेविड को ड्राफ्ट पिक में रखा है। दूसरी बार सीपीएल में टिम डेविड सेंट लूसिया किंग्स के लिए खेलते हुए नजर आएंगे।

कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 में टिम डेविड ट्रिनबागो नाइट राइडर्स का हिस्सा था, लेकिन उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। पिछले सीजन टिम डेविड के बल्ले से महज 86 रन ही निकले थे, यहीं कारण हो सकता है कि इस बार ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने टिम डेविड को ड्रॉप किया हो।

**आईपीएल 2025 में किया था शानदार प्रदर्शन**

आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टिम डेविड को 3 करोड़ रुपये में खरीदा था। जिसके बाद सीजन-18 में इस खिलाड़ी का प्रदर्शन भी कमाल का रहा था। टिम डेविड ने 8 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 193 के स्ट्राइक रेट से 186 रन बनाए थे। इस दौरान उनका औसत 93 का रहा था। 6 पारियों में टिम नाबाद रहे थे और ये सभी पारी डेविड ने आरसीबी के लिए अहम मौके पर खेली थी। उनके बल्ले से एक अर्धशतक भी निकला था।



# मुख्यमंत्री ने केंद्र से बनकाचर्ला परियोजना को रोकने का आग्रह किया

## रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित गोदावरी-बनकाचर्ला परियोजना की पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट को अस्वीकार करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी के साथ गुरुवार को नई दिल्ली में श्रमशक्ति भवन में केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल और केंद्रीय मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। बैठक के दौरान रेवंत रेड्डी ने सीआर पाटिल को बताया कि बनकाचर्ला परियोजना तेलंगाना राज्य के हितों के खिलाफ है। उन्होंने बताया कि कैसे आंध्र प्रदेश सरकार गोदावरी जल विवाद न्यायाधिकरण-1980 (जीडब्ल्यूडीटी) और आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 का उल्लंघन करते हुए इस परियोजना को आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री के ध्यान में तेलंगाना के लोगों और किसानों द्वारा केंद्रीय वित्त मंत्रालय और पर्यावरण मंत्रालय द्वारा बनकाचर्ला परियोजना की मंजूरी के तरीके को लेकर उठाई गई विभिन्न चिंताओं को लाया। रेवंत रेड्डी ने सीआर पाटिल को बताया कि आंध्र प्रदेश ने दावा किया है कि उसने गोदावरी के बाढ़ के पानी के आधार पर बनकाचर्ला परियोजना का प्रस्ताव रखा है, लेकिन सच्चाई यह है कि जीडब्ल्यूडीटी-1980 में बाढ़ के पानी या अधिशेष पानी का कोई उल्लेख नहीं है।

रेवंत रेड्डी ने याद दिलाया कि 2014 के एपी पुनर्गठन अधिनियम के अनुसार, यदि किसी राज्य में कोई नई परियोजना बनाई जानी है, तो उसे पहले गोदावरी नदी प्रबंधन बोर्ड, केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) और जल शक्ति मंत्री की अध्यक्षता वाली शीर्ष परिषद और दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा चर्चा और अनुमोदित किया जाना चाहिए। आंध्र प्रदेश ने इन सभी महत्वपूर्ण मुद्दों का उल्लंघन किया और परियोजना के निर्माण के प्रयासों को आगे बढ़ा रहा था। उन्होंने कहा कि एपी सरकार का दावा कि उसने बाढ़ के पानी के आधार पर परियोजना शुरू की, दृढ़ता से आपत्तिजनक है क्योंकि इस तरह के तर्क के लिए कोई नियम-आधार नहीं है। इन सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने और बनकाचर्ला परियोजना के हिस्से के रूप में किए जा रहे सभी कार्यों को रोकने की अपील की। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने सीआर पाटिल को बताया कि आंध्र प्रदेश ने सीडब्ल्यूसी में तकनीकी सलाहकार बोर्ड से अनुमति प्राप्त किए बिना बाढ़ के पानी का उपयोग करके पोलावरम के तहत पुरुषोत्तमपट्टनम, वेंकटनगरम, पट्टीसीमा और चिंतलापुडी लिफ्ट सिंचाई परियोजनाएं शुरू की हैं। रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री पाटिल को जीडीडब्ल्यूटी-1980 के नियमों के अनुसार पोलावरम के डिजाइन में बदलाव और आपत्तियां उठाए जाने के बावजूद पर्यावरण मंजूरी का उल्लंघन कर किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित करने पर ध्यान देना चाहिए कि पोलावरम राष्ट्रीय परियोजना के निर्माण के दौरान नियमों का उल्लंघन न हो। रेवंत रेड्डी ने सीआर पाटिल को यह भी बताया कि यदि आंध्र प्रदेश को वास्तव में लगता है कि गोदावरी नदी में बाढ़ का पानी है, तो तेलंगाना सरकार पोलावरम-बनकाचार्ला के बजाय इच्छामपल्ली-नागार्जुन सागर को जोड़कर पेन्ना बेसिन में पानी उठाने पर चर्चा के लिए तैयार है, जिसका वित्तपोषण केंद्र द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से यह भी अनुरोध किया कि कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण-2 का फैसला जल्द जारी किया जाए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से दोहराया कि वे किसी भी परिस्थिति में तेलंगाना के हितों से समझौता नहीं करेंगे और सभी मंचों के माध्यम से मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने का प्रयास करेंगे। रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री को स्पष्ट किया कि यदि केंद्र की प्रतिक्रिया अनुकूल नहीं रही, तो राज्य सरकार सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। रेवंत रेड्डी ने सीआर पाटिल से अनुरोध किया कि जल शक्ति मंत्रालय और आंध्र प्रदेश सरकार केंद्र सरकार की मंजूरी से तेलंगाना के लिए गोदावरी नदी से 1,000 टीएमसी पानी और कृष्णा नदी से 500 टीएमसी पानी, कुल 1500 टीएमसी पानी का उपयोग करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1,500 टीएमसी पानी से तेलंगाना में 1.50 करोड़ एकड़ जमीन को सिंचाई मिलेगी, अगर तेलंगाना की मांगें पहले पूरी हो जाती हैं तो उनकी सरकार एपी परियोजनाओं का विरोध नहीं करेगी। बैठक के दौरान रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री से पलामुरु-रंगा रेड्डी, सम्मक्का-सरक्का और थुम्मिडीहेट्टी परियोजनाओं को पानी के आवंटन के साथ-साथ सभी अनुमतियां तुरंत प्रदान करने की भी अपील की। बैठक में मुसी कायाकल्प परियोजना को केंद्रीय धन के आवंटन पर भी चर्चा हुई। रेवंत रेड्डी ने सीआर पाटिल से राज्य सरकार के धन के अनुरोध पर विचार करने और केंद्र समर्थित गंगा और यमुना सफाई परियोजनाओं की तरह उन्हें जारी करने की अपील की।



## कोमटीरेड्डी ने राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता )। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के गुरुवार को 55 वर्ष पूरे होने पर उन्हें जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। पार्टी नेताओं ने संविधान के मूल्यों के प्रति उनके समर्पण और उन लाखों लोगों के प्रति संवेदना के लिए उनकी प्रशंसा की, जिनकी आवाजें अक्सर अनसुनी रह जाती हैं।

सड़क और भवन मंत्री कोमाटीरेड्डी वेंकट रेड्डी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर मंत्री ने लिखा, कोमाटीरेड्डी ने कहा, 'लोगों की आवाज और लोकसभा में विपक्ष के माननीय नेता राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। सत्य, सामाजिक न्याय और हमारे संविधान के मूल मूल्यों के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता हम सभी को प्रेरित करती रहेगी। आपका नेतृत्व एक प्रकाश स्तंभ की तरह काम करता है, जो हमें अधिक समावेशी और लोकतांत्रिक भारत की ओर ले जाता है।'

## मोगलपुरा बिल्डिंग में लगी आग 10 लोगों को बचाया गया



हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। अग्निशमन विभाग ने बुधवार रात मोगलपुरा में आग लगने वाली एक इमारत में फंसे कम से कम दस लोगों को बचाया। पुलिस के अनुसार, मोगलपुरा स्थित जी+3 मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर आग लग गई। सूचना पर मोगलपुरा और गौलीगुड़ा फायर स्टेशन से दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इमारत की ऊपरी मंजिलों पर फंसे लोगों को देखकर दमकलकर्मियों ने उन्हें बगल की इमारत की छत पर पहुंचाया। सहायक जिला अग्निशमन अधिकारी ए बालाराजू ने बताया, 'आग ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एक दुकान में लगी, जहां बहुत सारे कार्डबोर्ड और कागज रखे हुए थे। आग से बहुत अधिक धुआं निकला और निवासी नीचे नहीं आ सके और छत पर चले गए। बाद में उन्हें बचा लिया गया।' आग लगने का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी।

## 3000 दिव्यांगजन समावेशी योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय का दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) 21 जून, 2025 को तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के चेगुर स्थित कान्हा वेलनेस सेंटर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक अनूठा समारोह आयोजित कर रहा है। लगभग 3000 दिव्यांगजन समावेशी योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि होंगे और सभा को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम एक समावेशी समाज की परिवर्तनकारी दृष्टि को मूर्त रूप देगा, जहां दिव्यांगजनों को जीवन के सभी पहलुओं में समान भागीदार के रूप में मान्यता दी जाएगी, जो दिव्यांगजनों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करेगा।

## हैदराबाद पुलिस ने छात्र परिवहन सुरक्षा पर आयोजित की बैठक



हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस ने गुरुवार को रविंद्र भारती में स्कूल परिवहन के दौरान छात्रों की सुरक्षा पर एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में स्कूल प्रबंधन, ऑटो-रिक्शा चालक यूनियन, सड़क परिवहन प्राधिकरण के अधिकारी, यातायात पुलिस कर्मी और जिला राजस्व विभाग के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करने वाले हैदराबाद पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद ने कहा कि स्कूल आने-जाने के दौरान छात्रों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है और शहर की पुलिस प्रत्येक छात्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

पुलिस आयुक्त ने स्कूल प्रबंधन से बुनियादी प्रोटोकॉल लागू करने को कहा, जिसमें स्कूल बसों की फिटनेस की जांच करना, ड्राइवरों और परिचारकों के लिए ब्रीथलाइजर टेस्ट आयोजित करना, यातायात की भीड़ को कम करने के लिए स्कूल के समय में बदलाव करना और पर्याप्त संख्या में यातायात स्वयंसेवकों और सुरक्षा कर्मियों को तैनात करना शामिल है। उन्होंने ऑटो चालकों से भी सुरक्षा नियमों का पालन करने और अपने वाहनों में भीड़भाड़ से बचने का आग्रह किया, क्योंकि इससे छात्रों की जान को खतरा हो सकता है। यातायात पुलिस यातायात उल्लंघनों की नियमित जांच करेगी, खासकर उन उल्लंघनों की जो छात्रों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं। आनंद ने कहा कि यातायात पुलिस शैक्षणिक संस्थानों में सड़क सुरक्षा और सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाएगी।

## आयोग ने किसानों को हथकड़ी लगाने के लिए की पुलिस की आलोचना

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना कृषि एवं किसान आयोग ने गुरुवार को जोगुलम्बा गडवाल पुलिस द्वारा इथेनॉल संयंत्र की स्थापना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों को हथकड़ी लगाने की कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। बुधवार को, जोगुलम्बा गडवाल जिले के पेड्डा धनवाड़ा में प्रस्तावित इथेनॉल संयंत्र के खिलाफ उनके विरोध से संबंधित एक मामले में जमानत मिलने के बाद राजोली के 12 किसानों को हथकड़ी लगाकर आलमपुर अदालत में लाया गया।

किसानों को हथकड़ी पहनाकर परेड कराते हुए दिखाने वाले वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिससे पूरे राज्य में व्यापक आक्रोश फैल गया। प्रतिक्रिया स्वरूप, तेलंगाना कृषि एवं किसान आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एम कोडंडा रेड्डी ने जोगुलम्बा गडवाल के पुलिस अधीक्षक श्रीनिवास राव से फोन पर बात की और घटना पर अपना रोष व्यक्त किया। एसपी ने चेयरमैन को बताया कि घटना में शामिल तीन पुलिस अधिकारियों को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। हालांकि, चेयरमैन ने किसानों को हथकड़ी लगाने के फैसले पर असंतोष जताया।

## झील में मृत पाई गई महिला, आत्महत्या का संदेह

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। दुर्गम चेरुवु में बुधवार रात एक महिला के आत्महत्या करने का संदेह है। पुलिस के अनुसार, ईस्ट मरेडपल्ली निवासी बी सुषमा (27) बुधवार को हाईटेक सिटी स्थित अपने कार्यालय में काम के लिए गई थी। रात में जब वह घर नहीं लौटी तो उसके माता-पिता ने कार्यालय में पूछताछ की तो पता चला कि वह रात 10.30 बजे कार्यालय से निकल गई थी। रिश्तेदारों और दोस्तों से पूछताछ के बाद माता-पिता ने गुरुवार की सुबह माधापुर पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने महिला की गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माधापुर इंस्पेक्टर डी कृष्ण मोहन ने बताया, 'सुबह करीब 7 बजे दुर्गम चेरुवु में एक महिला का शव तैरता हुआ मिला। विशेषज्ञ तैराकों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। शव की पहचान सुषमा के रूप में हुई है, हमें संदेह है कि उसने झील में कूदकर आत्महत्या कर ली है।' मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि महिला को आत्महत्या करने के लिए क्यों मजबूर होना पड़ा।

## स्कूल को ताला लगाने के आरोप में ठेकेदार पर केस

मंचेरियल, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। एक ठेकेदार और सात अन्य लोगों के खिलाफ गुरुवार को एक लोक सेवक को आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन करने से कथित रूप से बाधित करने और दांडेपल्ली मंडल के वेलगानूर गांव में एक सरकारी स्कूल में उपद्रव पैदा करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस के अनुसार, स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक उत्तुरी वेणुगोपाल की शिकायत के आधार पर, गडिकोप्पुला तिरुपति, अक्कला रविंदर, नानावेनी हरीश, मेंगानी श्रीनिवास, मेंगानी महेश और अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 132 और 292 के तहत मामला दर्ज किया गया था। बुधवार को तिरुपति और अन्य लोगों ने स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि परिसर में भोजन कक्ष के निर्माण के लिए भुगतान लंबे समय से लंबित है।

## आरटीसी की पहली महिला चालक सरिता कई महिलाओं के लिए आदर्श हैं : मंत्री सुरेखा



हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना आरटीसी की पहली महिला बस चालक सरिता देश की कई महिलाओं के लिए आदर्श हैं, ऐसा राज्य के वन, पर्यावरण और बंदोबस्ती मंत्री कोंडा सुरेखा ने कहा। चालक सरिता ने गुरुवार को मंत्री सुरेखा से उनके जुबली हिल्स स्थित आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री ने सरिता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंत्री ने आने वाले दिनों में और भी बेहतर प्रदर्शन करने की कामना की। इस संदर्भ में सरिता ने मंत्री सुरेखा को अपनी पारिवारिक समस्याओं से अवगत कराया और उन्हें सलाह दी कि यदि उन्हें कोई समस्या हो तो वे उनसे संपर्क करें, साथ ही उन्होंने मंत्री के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।

# दो महीने के वेतन विलंब के विरोध में 27 जून को प्रदर्शन करेंगे पंचायत कर्मचारी

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सरकारी कर्मचारियों को नियमित वेतन भुगतान के कांग्रेस सरकार के दावों के विपरीत, पंचायत राज और ग्रामीण विकास (पीआरआरडी) विभाग के तहत काम करने वाले कर्मचारियों, जिनमें पंचायतों में बहुउद्देशीय कार्यकर्ता और एमपीडीओ कार्यालयों के कर्मचारी शामिल हैं, को पिछले दो महीनों से वेतन नहीं मिला है।

लंबे समय से हो रही देरी से निराश कर्मचारियों ने 27 जून को हैदराबाद में पंचायत राज आयुक्त कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। पीआरआरडी विभाग में अनुबंध और आउटसोर्सिंग के आधार पर 92,000 से अधिक कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिनमें सोसाइटी फॉर एलिमिनेशन ऑफ रूरल पॉवर्टी (एसईआरपी) से जुड़े कर्मचारी भी शामिल हैं। विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों, जैसे कि बहुउद्देशीय कर्मचारी, ग्राम पंचायतों में कंप्यूटर ऑपरेटर और एमपीडीओ कार्यालयों में तैनात कर्मचारियों को अप्रैल से वेतन नहीं मिला है।

विडंबना यह है कि पीआरआरडी मंत्री डी. अनसूया ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि इन 92,000 कर्मचारियों को मई से ग्रीन चैनल के माध्यम से वेतन मिलेगा। इसके बाद वित्त विभाग ने उनके वेतन के लिए 115 करोड़ रुपये के मासिक आवंटन को मंजूरी दे दी। ग्रीन चैनल के माध्यम से वेतन देने का निर्णय कर्मचारियों द्वारा बार-बार होने वाली देरी पर चिंता जताए जाने के बाद लिया गया, कुछ कर्मचारियों ने भुगतान के बीच तीन महीने तक का अंतराल होने का अनुभव किया। तेलंगाना ग्राम पंचायत कर्मचारी संघ (सीआईटीयू) के नेता भास्कर ने कहा, 'इन आश्वासनों के बावजूद, कर्मचारियों को पिछले दो महीनों से वेतन नहीं दिया गया है। 19 जून तक, कोई वेतन जमा नहीं किया गया था। जब मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया, तो उन्होंने कथित तौर पर आश्वासन दिया कि शिकायतों का जल्द ही समाधान किया जाएगा।

हालांकि, पीआरआरडी मंत्री के आश्वासन को लागू नहीं किया गया है।' उन्होंने कहा, 'वेतन भुगतान में देरी के कारण कई कर्मचारियों को अपना गुजारा करने में परेशानी हो रही है। इसलिए 27 जून को विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया गया है।' कुल 92,000 कर्मचारियों में से 52,473 बहुउद्देशीय कर्मचारी हैं, 12,586 एसईआरपी से जुड़े हैं, 1,301 ग्राम पंचायतों में कंप्यूटर ऑपरेटर हैं, और 278 एमपीडीओ कार्यालयों में कंप्यूटर ऑपरेटर हैं।

# मेधावी ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हो शिक्षा ऋण

## > चिकित्सा आयोग ने मेडिकल कॉलेजों को दिया निर्देश

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के मेधावी एमबीबीएस अभ्यर्थियों को शिक्षा ऋण तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने मेडिकल कॉलेजों को अपने प्रॉस्पेक्टस में ऐसी योजनाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया है। एनएमसी ने शहर के बाहरी इलाके बीबीनगर सहित देश के सभी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) को पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण की उपलब्धता के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

मेडिकल कॉलेजों को हाल ही में एनएमसी द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है, 'मेधावी छात्रों के लिए यह सुविधा प्रॉस्पेक्टस/प्रवेश विवरणिका में शामिल की जा सकती है, ताकि छात्रों को पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के माध्यम से बैंकों से उपलब्ध वित्तीय सहायता के बारे में जानकारी मिल सके।' एनएमसी द्वारा सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी), राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु, कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज, मणिपाल, कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज, मैंगलोर, एमएस रामैया मेडिकल कॉलेज, बेंगलुरु और सभी ईएसआईसी मेडिकल कॉलेजों को भी इसी तरह के निर्देश जारी किए गए हैं। मेडिकल कॉलेजों को दिए गए एनएमसी के निर्देश में कहा गया है, 'आरबीआई ने सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा तैयार की गई आदर्श शिक्षा ऋण योजना (एमईएलएस) अपनाने की सलाह दी है। गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षण संस्थानों (क्यूएचईआई) के मेधावी छात्रों के लिए शिक्षा ऋण की आसान और त्वरित उपलब्धता को और बढ़ाने के लिए, पीएम विद्यालक्ष्मी योजना बैंकों द्वारा सरल, पारदर्शी, छात्र-अनुकूल और डिजिटल आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से संपार्श्विक मुक्त, गारंटर मुक्त शिक्षा ऋण प्रदान करती है। योजना का विवरण पीएम विद्यालक्ष्मी पोर्टल पर उपलब्ध है।'

एनएमसी ने अपने निर्देश में कहा, एनएमसी के प्रशासनिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों को सलाह दी जाती है कि मेधावी छात्रों के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण की उपलब्धता के बारे में जानकारी उनके प्रॉस्पेक्टस/प्रवेश विवरणिका में शामिल की जाए, ताकि छात्रों को पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के माध्यम से बैंकों से उपलब्ध वित्तीय सहायता के बारे में जानकारी मिल सके।

## टीआईएचएएन और मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक ने समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

संगारेड्डी, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। स्वायत्त नेविगेशन के उभरते क्षेत्र में अनुसंधान और विकास पर सहयोग करने के लिए आईआईटी-हैदराबाद (आईआईटी-एच) में स्वायत्त नेविगेशन पर प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र (टीआईएचएएन) और मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक कॉरपोरेशन (एमईएलसीओ) के उन्नत प्रौद्योगिकी अनुसंधान एवं विकास केंद्र (एटीसी) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य स्वायत्त नेविगेशन प्रणालियों में नवाचार, कौशल विकास और उद्यमिता का समर्थन करने के लिए दोनों संस्थानों की ताकत और क्षमताओं का लाभ उठाना है। टीआईएचएएन-आईआईटी-एच और एटीसी-एमईएलसीओ इस क्षेत्र में प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए अपनी तकनीकी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और अनुभव को एक साथ लाएंगे। आईआईटी-एच के निदेशक प्रोफेसर बीएस मूर्ति, एटीसी-मेल्को के महाप्रबंधक नोबुतोशी टोडोरोकी और तिहान-आईआईटीएच परियोजना निदेशक प्रोफेसर पी राजलक्ष्मी ने बात की।

## टिपर लॉरी ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी जिले के कोथुर मंडल में गुरुवार को एक टिपर लॉरी ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे 2 लोग घायल हो गए। पीड़ित, जंगैया और एक महिला, दोनों मेकागुडा के निवासी हैं और जेपी दरगा रोड पर बाइक से जा रहे थे, तभी एक टिपर ने बाइक को टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया और इलाज के लिए भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के सुरराम रोड पर बुधवार रात एक सड़क दुर्घटना में 25 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। वह बाइक से जा रहा था, तभी बाइक फिसल गई और सड़क पर गिर गया। उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। युवक की पहचान के प्रयास जारी हैं।

# तेलंगाना सरकार कृषि क्षेत्र में एआई के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करेगी : तुम्मला



हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने कहा कि प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रही प्रगति, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर हो रही प्रगति को देखते हुए, तेलंगाना सरकार कृषि क्षेत्र को अद्यतन करने के लिए रणनीतिक पहल लागू कर रही है। मंत्री ने गुरुवार को सचिवालय में नीदरलैंड स्थित कंपनी एआरआईक्यूटी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। चर्चा के दौरान, कंपनी के अधिकारियों ने अपनी क्षमताओं को प्रस्तुत किया, जिसमें किसानों को व्यापक जानकारी प्रदान करना और किसानों की पूछताछ के जवाब में वास्तविक समय में एआई-आधारित सिफारिशें देना शामिल है। उन्होंने मोबाइल फोन कैमरे का उपयोग करके फसलों पर कीटों का पता लगाने और उनकी पहचान करने वाली तकनीक पेश करने के लिए राज्य सरकार के साथ सहयोग करने की इच्छा भी व्यक्त की। बैठक के दौरान, मंत्री ने टिप्पणी की, 'हम प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करेंगे।

उन्होंने जो तकनीक बताई है, उसे पहले मान्य किया जाना चाहिए, और कृषि विभाग के अधिकारियों को यह जांचना चाहिए कि कौन से सरकारी कार्यक्रम इसे प्रभावी रूप से शामिल कर सकते हैं,। बैठक में प्रमुख सचिव (कृषि) रघुनंदन राव, कृषि निदेशक गोपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## हिट-एंड-रन दुर्घटना में फाइनेंस फर्म के मैनेजर की मौत

मंचेरियल, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। हाजीपुर मंडल के गुडीपेट गांव में बुधवार देर रात एक अज्ञात वाहन ने 39 वर्षीय एक व्यक्ति के दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित, मुलकल्ला निवासी और लक्सेटीपेट में एक फाइनेंस फर्म में मैनेजर बोलिशेटी श्रीनिवास को सिर में गंभीर चोटें आईं और जब वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मारी तो उनकी तुरंत मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय वह काम के बाद घर लौट रहे थे। श्रीनिवास के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। उनकी पत्नी ज्योति की शिकायत पर पुलिस ने हिट एंड रन का मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच चल रही है।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.